सूर्योदय 5:31 सूर्यास्त 7:21

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.4 न्यू | 25.9 अधि |
| धर्मशाला | 21.0 न्यू | 29.9 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79897.34 |
| निफ्टी | 24315.95 |
| सोना 73,420 | चांदी 96,230 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



पृष्ठ 4 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 12 जुलाई, 2024 | 29 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 205, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बागवानों के पास बचे टेलीस्कोपिक कार्टन खरीदे सरकार: जयराम -पेज 3
- 14 लाख 86 हजार रुपए में नीलाम हुए झील के घाट -पेज 10
- 18 करोड़ के गबन का मुख्य आरोपी गिरफ्तार -पेज 12
- भारतीय एथलेटिक्स टीम विदेश में करेगी ओलंपिक तैयारी -पेज 13
- मणिपुर की स्थिति में सुधार नहीं, पीएम करें शांति की अपील: राहुल -पेज 14


## न्यूज शॉर्ट्स

### फिलीपींस में आया 7.0 तीव्रता का भूकंप



**बीजिंग।** फिलीपींस के मिंडानाओ के पास समुद्री इलाकों में वीरवार को भूकंप के जोरदार झटके लगे। भूकंप की तीव्रता 7.0 रही। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार, भूकंप वीरवार सुबह 10:13 बजे आया। भूकंप का केंद्र 6.1 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 123.3 डिग्री पूर्वी देशांतर था।

### सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई टली



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। सुप्रीम कोर्ट में वीरवार को सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई टल गई। दरअसल, दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ्तार सिसोदिया की याचिका पर सुनवाई कर रहे जज ने खुद को इस केस से अलग कर लिया है।

### किसान संगठनों ने 14 जुलाई को बुलाई बैठक

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से शंभू बॉर्डर को खोलने का आदेश दिए जाने के बाद अब किसानों ने अपनी अगली रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। किसान संगठन 14 जुलाई को शंभू व खनौरी बार्डर के किसानों के साथ मीटिंग करेंगे, जिसमें आगामी रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

### केजरीवाल की अर्जी पर नौ सितंबर को सुनवाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका को नौ सितंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया, जिसमें उन्होंने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जारी समन को चुनौती दी है।

### सांसद संजय ने सुलतानपुर कोर्ट में किया सरेंडर, रिहा

**सुलतानपुर।** 'आप' के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में यूपी के सुलतानपुर के एमपी-एमएलए स्पेशल मजिस्ट्रेट कोर्ट में सरेंडर किया। संजय की तरफ से जमानत अर्जी पेश की, जिस पर कोर्ट ने जमानत पर रिहा कर दिया।

# नीट पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड रॉकी गिरफ्तार

## सीबीआई ने कोर्ट में किया पेश, 10 दिन के रिमांड पर भेजा




**एजेंसी, नई दिल्ली**

**नीट** पेपर लीक मामले में सीबीआई ने मास्टरमाइंड राकेश रंजन उर्फ रॉकी को पटना से गिरफ्तार किया है। रॉकी इस गिरोह का किंगपिंन है। सीबीआई ने रॉकी को कोर्ट में पेश कर 10 दिन के रिमांड पर लिया है। सीबीआई इस मामले की तह तक जाने के लिए रॉकी से कई पूछताछ करेगी।

सीबीआई ने राकेश को पकड़ने के लिए काफी एडवांस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया। राकेश रंजन की तलाश में पटना, कोलकाता और पटना के आसपास के दो और ठिकानों पर रेड की गई थी। राकेश अपनी पत्नी के मेल आईडी से मेल करता था। उसी आईपी एड्रेस को ट्रेस करते हुए सीबीआई उस तक पहुंची। वहीं, सीबीआई नीट पेपर लीक मामले में 4 जगहों पर छापेमारी कर रही है। पटना, पटना के पास 2 लोकेशन और कोलकाता में छापेमारी कर रही है। रॉकी को नीट पेपर लीक मामले के मुख्य साजिशकर्ता संजीव मुखिया का करीबी सहयोगी माना जाता है। फिलहाल सीबीआई इस मामले की छानबीन कर रही है। सीबीआई इस केस से संबंधित कई इलाकों में छापेमारी कर रही है।

**आरोपी को पकड़ने के लिए किया एडवांस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल**

### परीक्षा रद्द करने की मांग वाली याचिकाओं पर अब 18 जुलाई को होगी सुनवाई

**सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को जवाब दाखिल करने का दिया समय**

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी परीक्षा में हुई गड़बड़ियों के चलते एग्जाम रद्द कर दोबारा करवाने की मांग वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई टाल दी। अब इस मामले की सुनवाई 18 जुलाई को होगी। कोर्ट ने दोबारा परीक्षा करवाने की मांग कर रहे याचिकाकर्ताओं को केंद्र और एनटीए की ओर से दायर हलफनामों पर अपने जवाब दाखिल करने का भी समय दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि केंद्र सरकार और एनटीए के जवाब कुछ पक्षकारों को नहीं मिले हैं और उन्हें जवाब देखने के लिए वक्त चाहिए। इस मामले में केंद्र सरकार ने मद्रास आईआईटी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा है कि परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के सबूत नहीं हैं और वह नीट परीक्षा निरस्त करने के समर्थन में नहीं है। एनटीए ने भी सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर कहा है कि टेलीग्राम ऐप पर नीट पेपर लीक का जो वीडियो चलाया जा रहा था वह फर्जी था। इससे पहले 8 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने माना था कि परीक्षा की पवित्रता प्रभावित हुई है। परीक्षा वाले दिन ही बच्चों को पेपर मिला था और उसे याद किया गया, उसका मतलब पेपर केवल स्थानीय स्तर पर ही लीक हुआ था, अगर हमें यह पता नहीं चलता कि कितने स्टूडेंट इसमें शामिल थे, तब दोबारा परीक्षा का आदेश देना पड़ेगा।

### बजट से पहले प्रधानमंत्री मोदी की अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक

# दूरगामी नीतियों और भविष्य का दृष्टिकोण होगा बजट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक करते प्रधानमंत्री मोदी केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने पेश होने वाले बजट से पहले अर्थशास्त्रियों के विचार और सुझाव जानने के लिए वीरवार को उनके साथ बैठक की। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को संसद में वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पेश करेंगी। यह बजट मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला प्रमुख आर्थिक दस्तावेज होगा।

इसमें अन्य बातों के अलावा, 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का खाका पेश किए जाने की उम्मीद है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पिछले महीने संसद की संयुक्त बैठक में अपने संबोधन में संकेत दिया था कि सरकार सुधारों की गति को तेज करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाएगी। उन्होंने यह भी कहा था कि बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्य के दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा। सीतारमण आगामी बजट पर पहले ही अर्थशास्त्रियों और भारतीय उद्योग जगत के प्रमुखों सहित विभिन्न पक्षों के साथ विचार-विमर्श कर चुकी हैं। कई विशेषज्ञों ने सरकार से उपभोग को बढ़ावा देने के लिए आम आदमी को कर में राहत देने और मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने तथा आर्थिक वृद्धि में तेजी लाने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया है। सीतारमण ने लोकसभा चुनाव के कारण इस साल फरवरी में 2024-25 का अंतरिम बजट पेश किया था। बैठक में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन और योजना मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन और अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला, अशोक गुलाटी उपस्थित थे।

## पूर्व अग्निवीरों को मिलेगा 10 फीसदी आरक्षण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सीआईएसएफ व बीएसएफ प्रमुखों ने किया ऐलान**

**सीआईएसएफ** ने पूर्व अग्निवीरों के लिए बड़ा ऐलान किया है। पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 फीसदी पद आरक्षित किए जाएंगे।

सीआईएसएफ ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। सीआईएसएफ जल्द ही भर्तियों के लिए यह नियम लागू करेगी। सीआईएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में पूर्व अग्निवीरों की भर्ती का बड़ा कदम उठाया है। कांस्टेबलों की 10 फीसदी रिक्तियां पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित रहेंगी। उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा में छूट दी जाएगी। बीएसएफ के डीजी नितिन अग्रवाल ने कहा कि हम सैनिक तैयार कर रहे हैं। इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। इससे सभी बलों को फायदा होगा।

### हिट-एंड-रन मामला

## दुर्घटना के समय मुख्य आरोपी ने पी थी शराब

**मुंबई।** बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले के मुख्य आरोपी मिहिर शाह ने जिस समय भीषण दुर्घटना हुई उस समय शराब के नशे में था। यह खुलासा मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने किया। इस घटना में महिला की मौत हो गई थी। आरोपी से वर्ली पुलिस टीम पूछताछ कर रही है। वहीं, मुंबई की एक अदालत ने आरोपी शिवसेना नेता राजेश शाह के परिवार के चालक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है।

# जम्मू में हाई लेवल मीटिंग, आतंकियों के खात्मे का बनाया प्लान

## आतंकी हमलों और अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर मंथन

**एजेंसी, जम्मू**



**कठुआ** आतंकी हमले के बाद वीरवार को जम्मू में हाई लेवल मीटिंग हुई। बैठक में सिक्योरिटी ग्रिड व आतंकी हमलों को रोकने और अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई।

वहीं, आतंकियों के खात्मे का प्लान बनाया। कठुआ में सोमवार को आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर कायराना हमला किया था, जिसमें पांच जवान शहीद हो गए थे और पांच घायल हुए थे। बैठक ऐसे समय में हुई है जब कुछ दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से घुसपैठ कर आए आतंकवादियों ने सेना के गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया था। इस बैठक के बाद एक रिपोर्ट गृह और रक्षा मंत्रालय को भेजी जाएगी। पुलिस लाइन कठुआ में हुई बैठक में जम्मू-कश्मीर डीजीपी आरआर स्वैन, पंजाब के डीजीपी सहित सेना और खुफिया एजेंसियों के आला अधिकारी मौजूद रहे।

### माचेडी रास्ते के जरिए आए आतंकी

**अधिकारियों** ने बताया कि माना जा रहा है कि आतंकवादी अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए सफलतापूर्वक घुसपैठ कर माचेडी के घने जंगलों तक पहुंचने में कामयाब हुए हैं, जो उधमपुर के बसंतगढ़ और डोडा जिले के भद्रवाह को जोड़ता है। आतंकवादियों ने पहले भी इन मार्गों का प्रयोग किया है।

### नौशेरा में घुसपैठ करने आए आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब; पीओके वापस भागे, डोडा के जंगलों की घेराबंदी

**राजौरी** जिले के नौशेरा सेक्टर में सेना के जवानों ने आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। जवानों के मुंहतोड़ जवाब के बाद आतंकी पीओके वापस भाग गए। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को ठिकाने लगाने के लिए डोडा जिले के ऊंचाई वाले जंगलों के इलाके की घेराबंदी तेज कर दी है। आतंकवादियों की तलाशी अभियान का दायरा बढ़ाते हुए स्पेशल कमांडों को तैनात किया है। वहीं, अब तक 50 से अधिक लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। कठुआ के साथ ही उधमपुर और डोडा जिले की सीमा से लगते जंगलों को खंगाला जा रहा है।

## बीएससी द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने बीएससी द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। विद्यार्थी अपने लॉगइन आईडी के जरिए परिणाम देख सकते हैं।

बीएससी द्वितीय वर्ष का परीक्षा का परिणाम 47.06 फीसदी रहा है। कुल 2533 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें से 936 ने परीक्षा पास की है। एचपीयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो. श्याम लाल कौशल ने कहा कि बीएससी द्वितीय वर्ष का परिणाम घोषित कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश के आठ जिलों के लिए येलो अलर्ट

## भारी बारिश से अभी भी 11 सड़कें, 4 ट्रांसफार्मर और एक पेयजल योजना ठप

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



शिमला में वीरवार शाम को हुई बारिश के बाद अपने गंतव्य की ओर जाते लोग।

**हिमाचल** प्रदेश में भारी बारिश के चलते अभी भी 11 सड़कें, 4 ट्रांसफार्मर व एक पेयजल योजना ठप है। वीरवार शाम को राजधानी शिमला में झमाझम बारिश हुई।

वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र ने 13 जुलाई तक ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, शिमला, सोलन व सिरमौर जिले के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के कुछ भागों में 17 जुलाई तक बारिश होने का पूर्वानुमान है। मानसून सीजन के दौरान अब तक 17,199 लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। लोक निर्माण विभाग को 10,177 लाख और जल शक्ति विभाग को 6,733 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

इस मानसून सीजन के दौरान सामान्य से 25 फीसदी कम बारिश हुई है। शिमला, कांगड़ा व मंडी में सामान्य बारिश हुई। सिरमौर, ऊना व लाहौल-स्पीति में सामान्य से कम बारिश हुई है। (अनंत ज्ञान)

# फूड प्रोसेसिंग में हिमाचल को मिला सर्वश्रेष्ठ राज्य पुरस्कार



**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने वीरवार को बताया कि हिमाचल प्रदेश को फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में नवोन्मेषी पहल व उल्लेखनीय कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है।

यह पुरस्कार 'एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप' की ओर से आयोजित 'एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉन्क्लेव' में केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रदान किया। हिमाचल प्रदेश की ओर से यह पुरस्कार आवासीय आयुक्त मीरा मोहंती ने प्राप्त किया। उद्योग मंत्री ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों व नीतियों के सफल कार्यान्वयन से प्रदेश के लाखों किसानों और ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए हैं और उनकी आर्थिकी सुदृढ़ हुई है। राज्य ने अपने खाद्य प्रसंस्करण बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ किया है, जिसमें 23 नामित खाद्य पार्क, एक समर्पित मेगा फूड पार्क, कांगड़ा और सोलन जिले में 2 कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर, 18 कोल्ड चेन परियोजनाएं, जिनमें राज्य खाद्य प्रसंस्करण योजना और प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

ABHILASHI
GROUP OF INSTITUTIONS
NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI (H.P.)
COURSES OFFERED 2024-25
Approved By: AICTE, PCI, NCTE, INC, HPNRC, Affiliated to: HPU/SPU, HPTU, HPTSB & HPBOSE

T.R. ABHILASHI MEMORIAL INSTITUTE OF ENGG. & TECH.
B.TECH (CE/EE/CSE) | DIPLOMA (CE/EE)

T.R. ABHILASHI MEMORIAL ITI INSTITUTE
ITI in ELECTRICIAN
SANITARY HEALTH INSPECTOR
SOLAR TECHNICIAN (ELECTRICAL)
FITTER

ABHILASHI COLLEGE OF PHARMACY
B. PHARMACY

ABHILASHI P.G. INSTITUTE OF SCIENCES
M.Sc in CHEMISTRY/ BOTANY

ABHILASHI COLLEGE OF NURSING
B.Sc. NURSING | M.Sc. NURSING
POST BASIC B.Sc. NURSING
GNM

ABHILASHI COLLEGE OF EDUCATION
B.Ed
D.EL.Ed
Accredited by NAAC with B++ Grade

H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9816005139, 9816400520, 9816700520, 9816242139, 9816102238
Website: www.tramiet.in, www.abhilashi-edu.in Email: abhilashigroup@gmail.com



## न्यूज ब्रीफ

### आपदा से निपटने के लिए 9 सदस्यीय दल गठित



**रविंद्र जस्टा, शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने मानसून के चलते शिमला शहर में आपदा की स्थिति में राहत कार्यों हेतु गठित गृह रक्षकों के त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) के साथ विशेष बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने बताया कि शहर में मानसून के दिनों में आपदा से निपटने के लिए गृह रक्षकों का 9 सदस्यीय दल बनाया गया है। इस दल को पूरा प्रशिक्षण दिया गया है और आपदा के समय यह दल लाईफ लाईन का काम करेगा। उन्होंने कहा कि यह दल कम से कम समय में आपदा स्थल पर पहुंचेगा ताकि राहत कार्यों को तीव्र गति से पूरा किया जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा और त्वरित प्रतिक्रिया दल के सदस्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल स्कूल प्रवक्ता संघ की शिक्षा मंत्री से मुलाकात

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष लोकेंद्र नेगी की अध्यक्षता में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से सचिवालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री के सम्मुख प्रवक्ताओं की विभिन्न मांगों को रखा, जिनमें प्रमुख रूप से नई शिक्षा नीति के तहत स्कूलों में शिक्षक और छात्र अनुपात बनाए रखने की मांग और प्रवक्ताओं को उनकी संख्या के अनुपात में पदोन्नति अवसर प्रदान करने की मांग की है। संघ की प्रदेश अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि सरकार द्वारा स्कूलों युक्तिकरण प्रक्रिया प्रारंभ करने की बात कही जा रही है। लोकेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि शैक्षणिक सत्र के मध्य में युक्तिकरण होने से विद्यार्थियों को नुकसान उठाना पड़ेगा। प्रवक्ता संग्रह मांग की है कि प्रवक्तों को उनकी संख्या के अनुपात में 95 फीसदी अक्षर प्रदान की जाए।

### बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें अभिभावक



**नेरवा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धबास में नशा रोकथाम पर एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रिसोर्स पर्सन तहसील कल्याण अधिकारी चौपाल आशा तोमर ने कहा कि बच्चों को नशे से दूर रहना चाहिए तथा ऐसे किसी पदार्थ का सेवन न करें जिससे नशा होता है तथा ऐसे व्यक्तियों के साथ भी न रहे जो नशा करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावक बच्चों पर विशेष निगाह रखें कि आपके घर का चिराग कहीं गलत रास्ते पर तो नही चल रहा है, वह कहीं कुसंगती का शिकार न हो जाए। डायरेक्टर मानव सेवा कल्याण समिति केशव राम लोदटा ने कहा संस्था द्वारा नशा करने वाले की पहचान कैसे की जाए के विषय पर केंद्रित किया जा रहा है और बच्चों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई जा रही है।(अनंत ज्ञान)

### कोटखाई के कुछ हिस्सों में कल बंद रहेगी बिजली

**भरत ठाकुर, कोटखाई ।** कोटखाई इलेक्ट्रिक सेक्शन के अंतर्गत कुछ स्थानों पर 12 जुलाई 2024 के दिन विद्युत आपूर्ति सुबह 10:00 से शाम 6:00 बजे तक बारिश रहेगी। कोटखाई विद्युत विभाग एसडीओ वरुण धीमान ने यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि इसका कारण 22 केवी एचटी लाइन की मरम्मत होनी है। उन्होंने बताया कि इस कारण कोटखाई क्षेत्र के कोटखाई और पढ़ारा (पड़शाल, ग्रावग, निहारी,दरकोटी ) में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी, साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य का होना मौसम पर निर्भर करेगा, ऐसे में उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से सहयोग की मांग की। (अनंत ज्ञान)

## ओपीडी बनी सिफारिशी, आम मरीजों को काटना पड़ रहा पूरा दिन, टोकन सिस्टम नहीं

# प्रशासन की लापरवाही मरीजों पर भारी

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

आईजीएमसी में प्रशासन की लापरवाही आम मरीजों पर भारी पड़ रही है। मरीजों को यहां धक्के खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। हालत यह बन चुकी है कि आधे से ज्यादा ओपीडी में एलईडी स्क्रीन खराब पड़ी है। ऐसे में मरीजों के टोकन सिस्टम के तहत डॉक्टर के पास चेकअप करवाने के लिए नंबर नहीं लग रहे है।

नाम से ही मरीजों को बुलाया जाता है। पहले स्क्रीन में टोकन नंबर लगते थे। अब जिसकी सिफारिश होती है वह मरीज पहले तो आम मरीजों को पूरा दिन ओपीडी के बाहर बिताना पड़ता है। आम मरोजों को धक्के खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। अगर कोई मरीज आवाज उठाता है तो उसकी आवाज को दरकिनार किया जाता है। यहां तक सुरक्षा कर्मियों के साथ तो कई बार कहासुनी तक हो जाती है।

आईजीएमसी में प्रदेश भर से मरीज अपना उपचार करवाने आते है। हर



आईजीएमसी में लाइन में खड़े लोग।

### मरीजों की सुरक्षा कर्मियों से हर दिन हो रही कहासुनी

ओपीडी यूरोलॉजी, मैडिसन, सर्जरी, आइज व ऑर्थो सहित में भीड़ लगी होती है। सबसे ज्यादा भीड़ तो यूरोलॉजी, ऑर्थो व मेडिसन ओपीडी में होती है। इन दिनों तमाम ओपीडी में 3 हजार से 3500 के बीच मरीज पहुंच रहे हैं। मरीजों को सुविधा देने में प्रशासन की पोल खुलती नजर आ रही है। मरीज कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी शिकायत कर चुके है, लेकिन अभी तक प्रशासन की तरफ से कोई सख्त कदम नहीं उठाए जा रहे है। आईजीएमसी में एक मरीज को अपना पूरा इलाज करवाने में एक सप्ताह लग जाता है। मरीजों को यहां अपना इलाज करवाना काफी मुश्किल हो गया है। ओपीडी में कई बार तो धक्का-मुक्की चली होती है। प्रशासन को ओपीडी की स्तिथि सुधारना अति आवश्यक है।

### डॉक्टरों की कमी

**आईजीएमसी** में डॉक्टरों की भी काफी कमी है। ऐसे में ओपीडी में मरीजों का चेकअप करवाने में अधिक समय लग जाता है। स्थिति यह बन चुकी है कि एक तरफ ओपीडी में मरीजों की भीड़ होती है दूसरी ओर डॉक्टर नहीं है। डॉक्टरों की कमी से काफी ज्यादा मुश्किलें बढ़ चुकी है।

### टेस्ट करवाने में हो रही परेशानी

**आईजीएमसी** में मरीजों को टेस्ट करवाने में काफी परेशानी हो रही है। मरीज पहले ओपीडी तो फिर टेस्ट करवाने के लिए धक्के खाते है। आईजीएमसी की अपनी सा सरकारी लैब हो चाहे क्रसना लैब दोनो ही जगह पर भीड़ होती है। यहां पर मरीज काफी परेशान होते है। वहीं पर्ची बनाने और दवाइयां लेने के लिए भी काफी भीड़ लगी रहती है।

## भारी बारिश से दो सप्ताह में 45 लोगों ने गंवाई जान

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

हिमाचल में बारिश का दौर जारी है। इस बार मानसून के आते ही बारिश से कुछ जगह पर भारी नुकसान हुआ है। हालांकि प्रदेश में कुछ जगह पर भारी बारिश से लोगों की जान तक गई है।

बता दें कि प्रदेश में मानसून ने बीते 27 जून को दस्तक दी थी। पिछले दो सप्ताह में बारिश से संबंधित विभिन्न घटनाओं में 45 लोगों की जान गई है, जबकि एक लापता है। 68 लोग चोटिल हुए हैं। प्रदेश आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक कांगड़ा जिला में सबसे ज्यादा 11 लोगों की मौत हुई है। सोलन व कुल्लू में 6-6, बिलासपुर में पांच, मंडी में चार, ऊना में चार, सिरमौर में तीन, चंबा व किन्नौर में दो-दो और हमीरपुर व शिमला में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई।

आपातकालीन परिचालन केंद्र के प्रवक्ता ने बताया कि बारिश से संबंधित घटनाओं में डूबना, सड़क दुर्घटनाएं और ऊंचाई से गिरना शामिल है। 23 लोगों की सड़क दुर्घटनाओं, आठ लोगों की बहने, ऊंचाई से गिरने के कारण छह, बिजली की चपेट में आने से चार और सर्प दंश से तीन लोगों की मौत हुई है। विभिन्न हादसों में अब तक 68 लोग घायल हुए हैं, जबकि दो अब भी लापता हैं।

वहीं प्रवक्ता के मुताबिक मानसूनी वर्षा से पहाड़ी राज्य में 57 कच्चे-पक्के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। इनमें 10 घर पूरी तरह तबाह हो गए, जबकि 47 घरों को आंशिक तौर पर नुकसान पहुंचा है। 51 पशुशाला और चार दुकानें भी ध्वस्त हुई हैं। बारिश के कारण राज्य में अब तक 171 करोड़ का नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा नुकसान 101 करोड़ रुपए का लोक निर्माण विभाग को हुआ है। जबकि जलशक्ति विभाग को 6255 लाख रुपए का नुकसान पहुंचा है। राहत की बात यह है कि राज्य में मानसून सीजन में अब तक भूस्खलन, फ्लैश फ्लड, बादल फटने और आसमानी बिजली की वजह से कोई मौत नहीं हुई है। (अनंत ज्ञान)

## बीडीसी अध्यक्ष पर पंचायत सचिव ने लगाए मारपीट के आरोप

**अनंत ज्ञान, नेरवा**

कुपवी विकास खंड के तहत जुबली पंचायत का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे जिला सिरमौर निवासी पंचायत सचिव धार चांदना ने इसी ब्लाक के बीडीसी अध्यक्ष पर मारपीट और अभद्र व्यवहार के आरोप लगाए है।

इस हाई वोल्टेज विवाद के बाद सचिव की शिकायत पर यह मामला अब कुपवी थाने में पहुंच गया है। पुलिस में दायर मुकद्दमें से मिली जानकारी के अनुसार पंचायत सचिव वीरेंद्र कुमार पुत्र बंसी राम निवासी गांव गत्ता, डाकघर सांगना, तहसील रेणुका जी, जिला सिरमौर ने कुपवी थाना में दर्ज करवाई गई शिकायत में पंचायत समिति अध्यक्ष कुपवी ब्लाक श्याम पंवार पर उनके साथ मारपीट करने एवं अभद्र व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए है। वीरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि वह ग्राम पंचायत कार्यालय जुबली में कार्य कर रहे थे। इस दौरान बीडीसी चेयरमैन कुपवी श्याम पंवार ने उन्हें बार-बार कॉल की। इसके बाद वह अपने वाहन से पंचायत कार्यालय परिसर में आये तथा उन्हें गालियां देते हुए उनके साथ मारपीट की।

वीरेंद्र ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में यह भी आरोप लगाया है कि जब बीडीसी चेयरमैन वहां आए तो वह नशे में धुत थे। वीरेंद्र का आरोप है कि श्याम पंवार उनके साथ पहले भी गाली-गलौच एवं अभद्र व्यवहार कर चुके है।

पंचायत सचिव वीरेंद्र की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल आशीष कुमार नौटियाल को जांच का जिम्मा सौंप दिया गया है। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने कहा कि सचिव से बीडीसी चेयरमैन द्वारा मारपीट की शिकायत की गई है, जिस पर कारवाई करते हुए मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी गई है।

## शहीद कैप्टन की पत्नी पर अभद्र टिप्पणी करने वाला हो सलाखों के अंदर : नेगी

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश के प्रदेश मंत्री आकाश नेगी ने कहा कि शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की पत्नी स्मृति के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है। इस मामले पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। एनसीडब्ल्यू ने इस शख्स पर मुकद्दमा दर्ज करने की मांग की है।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस को एक पत्र लिखते हुए कार्रवाई करने की मांग की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कैप्टन अंशुमान सिंह को मरणोपरांत कीर्ति चक्र से सम्मानित किया। वहीं, सोशल मीडिया पर एक शख्स ने स्मृति के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है। इस मामले पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। एनसीडब्ल्यू ने इस शख्स पर मुकद्दमा दर्ज करने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

## छात्राओं की अंडर 14 खेलकूद प्रतियोगिता जनेडघाट में शुरू



मुख्यतिथि को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

**जुन्गा ( शिमला )।** मशोबरा शिक्षा खंड के स्कूलों की अंडर -14 छात्रा वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता को जुन्गा के समीप राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जनेडघाट में आरंभ हुई । इस तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में मशोबरा खंड के 22 वरिष्ठ माध्यमिक, उच्च और मिडल स्कूलों की छात्राएं भाग ले रही है । प्रतियोगिता का शुभारंभ सेवानिवृत निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग हिप्र डॉ. एनके कौशिक ने की। डॉ. कौशिक ने कहा कि शरीर को निरोग रखने के लिए हर व्यक्ति को किसी न किसी खेल में अवश्य भाग लेना चाहिए जिससे शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है।

स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सोहन रांटा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। वहीं मुख्यातिथि डॉ. एनके कौशिक और उनकी धर्मपत्नि सेवानिवृत्त प्रोफेसर मंजू कौशिक को सम्मानित किया गया । (अनंत ज्ञान)

## शिवशक्ति मंदिर समिति के अध्यक्ष बने बलदेव शर्मा

**दशमी रावत, रोहडू।** शिवशक्ति मंदिर समिति आठीबीस (बशला) में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। मंदिर समिति में अध्यक्ष बलदेव शर्मा (सहायक कमाडेंट सेवानिवृत्त), उपाध्यक्ष डा. राजीव शर्मा, सचिव राजीव भारद्वाज, कोषाध्यक्ष अनु लाल पुहारटा व सह सचिव पंकज मतराट को नियुक्त किया गया है।

देव राज शर्मा, सार चंद मतराट, नरेंदर शर्मा, अशोक राक्टा, योगेश ठाकुर व चेत राम पांचटा को सलाहकार नियुक्त किया गया है। ऋषि राज बशनाट को प्रेस सचिव नियुक्त किया गया है। बतौर कार्यकारिणी सदस्य मल्कियत सिंह गिल, दिनेश ठाकुर, दिनेश सुनटा, विनोद नास्टा, सतीश, देविन्द्रा भारद्वाज, लाल शर्मा, परमानंद शर्मा, वेद प्रकाश राक्टा, किशोरी लाल राक्टा, ओम प्रकाश आदि को कार्यकारिणी सदस्य मनोनित किया गया है।(अनंत ज्ञान)

### खरोटा में मिड-डे मील वर्कर्स ने मांगों पर की चर्चा

**निक्कू राम, बरठीं।** मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन की तलाई और बरठीं इकाई की बैठक नव दुर्गा माता मंदिर खरोटा में हुई। इसमें मिड-डे मील वर्करों की मांगों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजकुमारी ने बताया कि सरकार उन्हें नियमित सरकारी कर्मचारी घोषित करे। उन्होंने कहा कि मिड-डे-मील वर्करों को मानदेय समय पर नहीं मिलता, जिसे 5 तारीख से पहले हर माह दिया जाए। उनके लिए छुट्टियों का प्रावधान भी किया जाए तथा उनके परिवारों के लिए बीमा पॉलिसी सरकार लागू करें। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश सरकार ने मांगें न मानी तो आने वाले समय में यूनियन आंदोलन करने पर बाध्य हो जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। बैठक में मिड-डे मील की जिला कार्यकारिणी वीना देवी, तलाई क्षेत्र की अध्यक्षता ममता शर्मा सहित अन्य मौजूद रहीं। (अनंत ज्ञान)

### रोड डिवाडर न लगाने के लिए डीसी को सौंपा ज्ञापन

**शुभम राही, बिलासपुर।** बरमाणा पंचायत के ग्रामीणों ने उपायुक्त को बरमाणा में रोड डिवाडर न लगाने के लिए ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि अब बरमाणा में डिवाइडर की आवश्यकता नहीं है। ज्ञापन में लोगों ने बताया कि फोरलेन शुरू होने से पहले बीडीटीएस की गाड़ियां लोड होने के लिए मैदान से जाती थीं। तब पर्यटकों की गाड़ियों व अन्य वाहनों के कारण जाम की स्थिति बन जाती थी। इससे स्थानीय लोगों और बच्चों स्कूली बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था और हर समय दुर्घटना का खतरा भी बना रहता था। तब बीडीटीएस, प्रशासन, स्थानीय पंचायत और एसीसी के बीच समझौता हुआ था कि लोगों के चलने के लिए सड़क के दोनों ओर फुटपाथ व लाइटों की व्यवस्था की जाए। साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोई भी ट्रक खड़ा न हो। इसके साथ डिवाइडर लाइन को सड़क के मध्य में लगाया जाए और उसकी चैड़ाई कम रखी जाए। अब फोरलेन के बनने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात कम हो गया है। अब डिवाइडर लाइन को बनाने की जरूरत भी नहीं है। इस मौके पर बीडीसी अध्यक्ष सीता धीमान, पंचायत प्रधान पूजा धीमान, वार्ड सदस्य सलेंद्र कुमार और विनोद कुमार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### कुड्डी, बनेड़ व आसपास आज बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**शुभम राही, बिलासपुर।** सहायक अभियंता ई. विनोद गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 जुलाई को विद्युत लाइन के साथ लगतें पेड़ों की कांट-छांट किया जाना प्रस्तावित है। इस कारण कुड्डी, बनेड़, जंगल झलेड़ा, कंडेला, नोग, दली, अली खड्ड पानी की स्कीम तथा आसपास लगते स्थानों पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने आम जनता से सहयोग का अनुरोध किया है। (अनंत ज्ञान)

## श्री नयना देवी मंदिर में 5 अगस्त से शुरू होंगे नवरात्र मेले

### अप्रिय घटना को रोकने के लिए हर दिन हाईटेक ड्रोन से होगी निगरानी

**शुभम राही, बिलासपुर**

उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री नयना देवी मंदिर में 5 से 14 अगस्त तक श्रावण अष्टमी नवरात्र मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक की अध्यक्षता में वीरवार को बचत भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी सरकारी और गैर सरकारी सदस्यों उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि श्रावण अष्टमी मेले के दौरान एडीसी बिलासपुर को मेला अधिकारी, एसडीएम नैना देवी को सहायक मेला अधिकारी, जबकि एएसपी को पुलिस मेला अधिकारी तथा डीएसपी को सहायक पुलिस मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। मेले में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए हाईटेक ड्रोन से निगरानी होगी। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ. निधि पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव चौधरी, एसडीएम नैना देवी धर्मपाल सहित सभी संबंधित अधिकारी और गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



मेले के सफल आयोजन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सादिक।

### 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का होगा पहरा

**कानून** व्यवस्था को चाक चौबंद रखने तथा आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए के लिए पुलिस का कमांडो दस्ता भी गठित किया जाएगा। सभी एक्टरों की निगरानी कंट्रोल रूम से की जाएगी। इसके अतिरिक्त 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे सहित बस स्टैंड से लेकर माता मंदिर परिसर तक तीन हाईटेक एलईडी स्क्रीन स्थापित किए गए हैं। इसमें माता के दर्शन के साथ-साथ श्रद्धालुओं के भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ध्वनि प्रसार सेवा उपकरण भी स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आगमन हॉल बनाया गया है जिसमें एक साथ 1000 श्रद्धालु आराम कर सकेंगे।

### श्रद्धालुओं के लिए चौबीस घंटे खुला रहेगा मंदिर

**उपायुक्त** ने कहा कि मेले के दौरान माता श्री नैना देवी जी का मंदिर श्रद्धालुओं के लिए चौबीस घंटे खुला रहेगा। साफ-सफाई के लिए रात्रि के दौरान मंदिर को केवल एक घंटे के लिए बंद किया जाएगा। दोपहर को मां के श्रृंगार व भोग इत्यादि के लिए भी मंदिर कुछ समय के लिए बंद रहेगा।

### लंगर के लिए करना होगा ऑनलाइन आवेदन

**मेले** के दौरान लंगर लगाने की अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आयोजक को लंगर की समाप्ति के बाद साफ-सफाई भी सुनिश्चित करनी होगी। उपायुक्त ने बताया कि मेले के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेला क्षेत्र को 18 सेक्टरों में बांटा जाएगा। सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में पुलिस व होमगार्ड के जवानों सहित त्वरित कार्य बल की टीमें तैनात रहेंगी।

## सलासी में स्कूल के क्लर्क ने घर में लगाया फंदा, मौत

**शुभम राही, बिलासपुर**

झंडूता उपमंडल के तहत आने वाले सलासी गांव में एक स्कूल क्लर्क ने अपने घर में फंदा लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। व्यक्ति बिलासपुर जिला के एक सरकारी स्कूल में बतौर क्लर्क पद पर तैनात था। वीरवार सुबह व्यक्ति ने फंदा लगाने से पहले अपनी माता से बात की और बाद में करीब 7 बजे फिर से अपने कमरे में जाकर उसने फंदा लगा लिया।

व्यक्ति के कमरे से एक सोसाइड नोट भी बरामद हुआ है। पुलिस का कहना है कि सोसाइड नोट में व्यक्ति ने अपनी मौत का जिम्मेदार अपनी पत्नी को ठहराया है। झंडूता पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार व्यक्ति ने सोसाइड नोट में अपनी पत्नी द्वारा मानसिक प्रताड़ित करने की बात कही है। साथ ही यह भी जानकारी मिली है

### पुलिस को कमरे में मिला सुसाइड नोट, पत्नी को ठहराया जिम्मेदार

कि मृतक अपनी पत्नी को उनके घर में रहने के लिए बोलता था, लेकिन उनकी पत्नी शादी के 2 महीने के बाद ही अपने माइके चली गई थी। इसके बाद इन दोनों में इस बात को लेकर काफी लड़ाई-झगड़ा भी रहता था। पुलिस का कहना है कि मृतक के कमरे में मिले सोसाइड नोट के बाद पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और सारे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

उधर, बिलासपुर डीएसपी मदन धीमान का कहना है कि पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए बिलासपुर अस्पताल लाया गया है। पुलिस सारे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एसपी विवेक चहल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, छानबीन जारी है। (अनंत ज्ञान)

## उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं में 18 जुलाई को होंगे साक्षात्कार

**शुभम राही, बिलासपुर**

- रोजगार कार्यालय बिलासपुर में 19 को होंगे
- 4 सीनियर, 4 जूनियर आईटी फैकल्टी एवं दो टैली फैकल्टी के पदों पर होगी भर्ती

जिला रोजगार अधिकारी राजेश मैहता ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवम इंस्टीट्यूट फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग द्वारा 4 सीनियर, 4 जूनियर आईटी फैकल्टी एवं 2 टैली फैकल्टी के पदों हेतु 18 जुलाई को उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं एवं 19 जुलाई को जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर में साढ़े 10 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आईटी फैकल्टी के लिए एमसीए, बीसीए, बीएससी, एमएससी, आईटी बीटेक, आईटी कंप्यूटर साइंस और पीजीडीसीए तथा टैली फैकल्टी के लिए बीकॉम पास एवं टैली डिप्लोमा होना आवश्यक है। उम्मीदवार का मासिक मानदेय 11500-से लेकर 13,500 रुपए होगा। उम्मीदवार की उम्र 18 से 32 वर्ष होनी चाहिए। इच्छुक उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित दिनांक 18 जुलाई को उप रोजगार कार्यालय घुमारवीं एवं 19 जुलाई को जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर में पहुंच कर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए 8070066000 पर संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## खाद्य विभाग ने भरे आइसक्रीम के सैंपल

**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** घुमारवीं और आसपास के क्षेत्र में बिना फूड लाइसेंस और आइसक्रीम बनाने पर सफाई न बरतने वाले प्रवासी दुकानदारों पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए आइसक्रीम, बादाम शेक के सैंपल लिए। इन्हें जांच के लिए लैब भेजा गया है। घुमारवीं के भगेड़ कस्बे में सोमवार को एक प्रवासी की रेहड़ी से आइसक्रीम खरीदने वाले व्यक्ति को आइसक्रीम में कॉकरोच निकलने का मामला सामने आया था। इसके अलावा घुमारवीं, आसपास के क्षेत्रों में प्रवासी दुकानदार फूड लाइसेंस, अन्य जरूरी मानकों के बिना आइसक्रीम बेच रहे थे। अमर उजाला ने मंगलवार के अंक में प्रमुखता से इस मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग हरकत में आया और विभाग ने ऐसे लोगों पर कार्रवाई के आदेश से जारी किए। इसके तहत बुधवार को विभाग की एक टीम ने भगेड़, फोरलेन के आसपास आइसक्रीम बेचने वालों पर छापामारी की और रेहड़ीवालों के आइसक्रीम बादाम शेक के सैंपल भरे गए। (अनंत ज्ञान)

## अब केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं के पास होगा अपना भवन

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

- 12 वर्ष से मंदिर की सराय में चल रहे स्कूल के लिए जमीन की मिली मंजूरी

बारह वर्षों से मंदिर की सराय में चल रहे केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं के भवन निर्माण के लिए जमीन की स्वीकृत मिल गई है। अब जल्द ही केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं के पास अब अपना भवन होगा। घुमारवीं में स्थित केंद्रीय विद्यालय को लगभग 12 साल पहले 2012 में वर्तमान तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी के प्रयासों से शुरू तो कर दिया गया था, लेकिन जमीन संबंधी अड़चनों के कारण पिछले 12 साल से यह स्कूल मंदिर की सराय के कमरों में ही संचालित हो रहा था।

विद्यालय के भवन निर्माण के लिए अभी तक भूमि ही उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। भवन निर्माण के लिए बजट उपलब्ध थाए लेकिन जमीन न मिलने के कारण मामला फंसा हुआ था। करीब 12 साल का लंबा अंतराल बीत जाने के बाद भी भवन न बनने से 12वीं की पढ़ाई शुरू हुई नहीं हो पाई थी। जब केंद्रीय विद्यालय खुला तो लोगों को उम्मीद जगी थी कि अब बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी। भवन न बनने के कारण अभिभावकों का सपना पूरा नहीं हो पा रहा था। जमीन के लिए सरकार के पास प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन हर बार मामला फाइलों में ही लटका था। अब इस विद्यालय के भवन निर्माण का सपना साकार होने जा रहा है। घुमारवीं के टकरेड़ा रोड पर बने कोर्ट परिसर के पास 2.26 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है।

वहीं, इस बारे में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि घुमारवीं में स्थित केंद्रीय विद्यालय के लिए जमीन की मंजूरी मिल गई है। अब शीघ्र ही विद्यालय के भवन का निर्माण शुरू हो जाएगा और बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएंगी। केंद्रीय विद्यालय की जमीन का मामला काफी समय से लटका हुआ था। राज्य सरकार की तरफ से प्रयास जारी रखे और अब यह प्रयास रंग लाए हैं। (अनंत ज्ञान)

## कार्यालय ग्राम पंचायत शिलादेश
### विकास खंड छौहारा , जिला शिमला (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत शिलादेश, विकास खंड छौहारा, जिला शिमला हि.प्र. वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न कार्यों के निष्पादन हेतू आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं । निविदाएं दिनांक 01.07.2024 से 06.07.2024 को शाम 5 बजे तक ग्राम पंचायत शिलादेश में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 17.07.2024 को पूर्वाह्य 11:00 बजे तक ग्राम पंचायत शिलादेश की निर्माण कमेटी निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

**सामग्री का विवरणः-** 1 रेता क्रेशर/खान, रेता, बजरी 10,20,40 एमएम, 4 पत्थर, 5 पक्की ईंट, एमएम बीबीसी, 6 सामग्री ढुलान चड़गांव व रोहडू से ट्रैक्टर, कैंपर, पिकअप, आदि द्वारा, 7 चादरें/ सरिया 8 एमएम, 10 एमएम, 12 एमएम, 16 एमएम हर प्रकार का, 7 एंगल हर प्रकार के, 8 टाइलें / इंटरलॉक टाइलें हर प्रकार की, 9 लकड़ी व लोहे के दरवाजे, खिड़की चौखट, कुंडे व कब्जे आदि , 10 पेंट व पुटी, 11 कंप्यूटर / लैप टॉप खरीद व मुरम्मत, 12 पीबीसी पाइप /पानी की पाइप आदि, 13 बिजली की फिटिंग सामग्री, फर्नीचर टेबल कुर्सी आदि।

**नियम व शर्तें** - 1. निविदाएं सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए व दरें एक साल तक मान्य होंगी। 2. निविदाएं गलत या त्रुटि होने पर रदद की जाएंगी। 3. निविदादाता के पास जीएसटी नम्बर होना चाहिए साथ में लगाना होगा। जीएटी फार्म पैड पर ही कुटेशन दी जाएंगी। 4 सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पैसीफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. प्रत्येक सामग्री को सूचीबद कर मूल्य अंकित किया जाना आवश्यक है। जो सरकार व विभाग द्वारा मांगी जाती है। 6 अन्य नियम व शर्त दिनांक 17.07.2024 विस्तार पूर्वक बताई जाएंगी। 7. पंचायत के सभी 5 वार्डों का एक ही मूल्य मान्य होगा ।

**हस्ताक्षर**
**प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत शिलादेश**
**विकास खंड छौहारा, तहसील चड़गांव, जिला शिमला हि.प्र. 171208**

## न्यूज ब्रीफ

### किराये के मकान में नेपाली महिला की हत्या

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में आपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। अब थाना रामशहर के तहत एक नेपाल मूल की महिला की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी है।



पुलिस थाना रामशहर में जगत राम पुत्र रती राम निवासी गांव होलग डाकघर लगदाघाट तहसील रामशहर जिला सोलन ने बताया की इसने एक रिहाइशी कमरा नेपाल मूल के दंपति को किराए पर दे रखा था। किराए पर दिया गया कमरा दो दिन से बंद था जिसे खोलने पर इन्होंने देखा कि अन्दर गंगा देवी पुत्री मोया राम थापा निवासी गांव कैलाली डाकघर टीकापुर, थाना शान्ति बाजार बरदिया आंचल गोला गाबी साठ, नेपाल मृत अवस्था में पड़ी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतका गंगा देवी उपरोक्त की लाश को कब्जे में लेकर कमरे का बारीकी से निरीक्षण करके पोस्टमार्टम के लिए नालागढ़ अस्पताल भेजा गया है। जगत राम ने शक जाहिर किया कि गंगा देवी की हत्या इसके पति बहादुर ने ही की है। बहादुर हत्या करने के पश्चात कमरे के बाहर ताला लगाकर भाग गया है। बद्दी पुलिस की टीमों द्वारा बहादुर की तलाश जारी है। जिला पुलिस बद्दी ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने कहा कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### फुटबाल संघ के प्रदेश महासचिव पर चार साल का प्रतिबंध

**अनिल, मंडी।** हिमाचल प्रदेश फुटबाल संघ के महासचिव दीपक शर्मा पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया हैं। उन पर यह प्रतिबंध उनको निलंबित किए जाने की तारीख से आगामी चार साल के लिए है। दीपक शर्मा पर कुछ महीने पहले महिला फुटबाल खिलाड़ियों ने छेड़छाड़ व शोषण के आरोप लगाए थे। इसके बाद दीपक शर्मा को निलंबित कर दिया गया था। अब इस सारे मामले की जांच के बाद आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन की अनुशासन समिति के अध्यक्ष वैभव गाग्गर ने उन पर लगे आरोपों को सही पाया तथा इस बारे में जारी पत्र में कहा है कि फेडरेशन के संविधान की धारा 51 के तहत हुई जांच में आरोप सही साबित हुए हैं। ऐसे में धारा 18 के तहत अनुशासन समिति ने कार्रवाई करते हुए दीपक शर्मा पर चार साल के लिए फुटबॉल खेल की हर गतिविधि पर प्रतिबंध लगा दिया है। (अनंत ज्ञान)




### जमीनी विवाद में खूनी झड़प, एक की मौत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की हटली पंचायत के दनोह गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो गुटों में मारपीट हो गई। मारपीट की इस वारदात में एक गुट के एक व्यक्ति बलदेव सिंह की मृत्यु हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए हैं। घायलों में कश्मीर सिंह, जसविंदर कौर व मनोहर लाल शामिल हैं। घायलों में कश्मीर सिंह की हालत गंभीर है। कश्मीर सिंह को क्षेत्रीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस के मुताबिक बलदेव सिंह व उसका परिवार अपनी जमीन में पानी की निकासी के लिए रास्ते को दुरुस्त कर रहा था कि दूसरे गुट के लोगों ने जमीन की खुदाई करने वाले औजारों व पत्थरों से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में घायल बलदेव सिंह व उसके परिवार के तीन अन्य सदस्यों को स्वजनों ने क्षेत्रीय अस्पताल बंगाणा में पहुंचा, लेकिन चिकित्सकों की टीम ने जांच के बाद बलदेव सिंह मृत घोषित कर दिया। हमले में कश्मीर सिंह की हालत गंभीर बताई जा रही है जबकि दो अन्य घायलों को भी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दूसरे गुट के लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक हमला करने वाले लोगों में अनिल कुमार, सुखदेव सिंह, दाताराम, कमला देवी शामिल हैं। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच आरंभ कर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी अनिल उपाध्याय ने बताया कि जमीनी विवाद के चलते मारपीट में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई जबकि तीन घायल हैं। घायलों के बयान के मुताबिक चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### छात्रा से छेड़खानी मामले में टीचर सस्पेंड

**अनिल छांगू, ज्वाली।** ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के सरकारी स्कूल के एक टीचर द्वारा जमा एक की छात्रा से छेड़खानी करने पर शिक्षा विभाग ने सख्त एक्शन लिया है। शिक्षा विभाग ने इस मामले के उजागर होने पर बीपीईओ प्रभात चंद्र पावा को जांच करके रिपोर्ट प्रेषित करने का निर्देश दिया था। निर्देशानुसार बीपीईओ प्रभात चंद्र पावा ने स्कूल में आकर समस्त टीचरों सहित सेक्सुअल हासमेन्ट कमेटी, स्कूल प्रबंधन समिति व जमा एक की लड़कियों के लिखित बयान दर्ज करके सारी फाइल बनाकर शिक्षा विभाग को भेज दी थी। जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर सेक्सुअल ह्रासमेन्ट कमेटी ने भी लिखित बयान दिया था कि लड़कियों ने इसकी कमेटी के पास मौखिक शिकायत की थी। जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करते हुए शिक्षा विभाग ने टीचर को सस्पेंड कर दिया है तथा उसे हैड क्वार्टर किन्नौर तैनात किया गया है। शिक्षा विभाग के निदेशक अमरजीत सिंह ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र ज्वाली के एक सरकारी स्कूल के टीचर द्वारा जमा एक की छात्रा से छेड़खानी करने पर सस्पेंड कर दिया गया है तथा स्कूल की सेक्सुअल ह्रासमेन्ट कमेटी पर भी एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



### केएल ठाकुर के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** पुलिस थाना नालागढ़ के तहत भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर के खिलाफ अभद्र व्यवहार करने व जीवन में खतरनाक अंजाम भुगतने की धमकी देने का मामला दर्ज हुआ। पुलिस ने एडवोकेट अमनप्रीत सिंह सैनी की शिकायत पर धारा 351(2) व 352 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अमनप्रीत सिंह सैनी ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव से एक दिन पहले जब भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जोगेश सैनी नाम का व्यक्ति राजपुरा में पैसा बांट रहा था जिसे स्थानीय लोगों ने पकड़ा और उनके साथ हरप्रीत सैनी के लीगल एडवाइजर भी पुलिस थाना पहुंचे थे। इस दौरान भाजपा से प्रत्याशी केएल ठाकुर भी पुलिस थाना में पहुंचे जिन्होंने पुलिस स्टेशन के अंदर अभद्र व्यवहार व जीवन में खतरनाक अंजाम भुगतने की धमकी दी जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जिला बद्दी पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज ने पुष्टि करते हुए बताया कि भाजपा से प्रत्याशी केएल ठाकुर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की आगामी तफ्तीश थाना नालागढ़ के तहत अमल में लाई जा रही है।



# अफीम तस्करी का सरगना गिरफ्तार, बैंक खातों से 3.40 करोड़ का ट्रांजेक्शन

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले की ठियोग पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अफीम तस्करी के सरगना को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़ा यह सरगना नेपाल का मूल निवासी है और शिमला के नारकंडा में रहकर तस्करी को अंजाम दे रहा था। इसकी पहचान रवि गिरी (41) के तौर पर हुई है।

इस गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने खुलासा किया है कि अभियुक्त के बैंक खातों से पिछले करीब दो सालों से 3.40 करोड़ का वित्तीय लेन-देन हुआ है।

पुलिस ने अभियुक्त की सभी अवैध चल-अचल संपति व बैंक खातों को फ्रीज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी का शिमला में अपना कारोबार था। अपने कारोबार की आड़ में वह अफीम की तस्करी को भी अंजाम दे रहा था। ठियोग पुलिस पिछले दिनों अफीम बरामदगी के एक मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए रवि गिरी तक पहुंची थी। दरअसल, ठियोग पुलिस ने एक हफ्ता पहले ठियोग इलाके में डेढ़ किलो अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया था। इसे लेकर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए। ठियोग पुलिस ने बैकवर्ड लिंकेज, तकनीकी इनपुट व ग्राऊंड रिपोर्ट के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया।



पुलिस की गिरफ्त में अफीम तस्करी का सरगना रवि गिरी।

ठियोग के एसएचओ की निगरानी और सब इंस्पेक्टर अंकुश की अगुवाई में पुलिस अधिकारियों की टीम को सरगना रवि गिरी के बारे में अहम जानकारियां मिलीं और अभियुक्त को नारकंडा से गिरफ्तार कर लिया गया।

फिलहाल पुलिस अभियुक्त को गिरफ्तार कर अगले और पिछले लिंक की जांच में जुटी है। पुलिस के मुताबिक जांच में अफीम तस्करी के संचालन के तार नेपाल से जुड़े होने की बात सामने नहीं आई है। (अनंत ज्ञान)

> अब तक की जांच में सामने आया है कि अभियुक्त रवि गिरी अफीम तस्करी का किंगपिन है। उसके खातों से 3 करोड़ 40 लाख का लेनदेन हुआ है। अभियुक्त की अवैध चल-अचल संपति और खातों को फ्रीज करने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। अभियुक्त को रिमांड पर लेने के लिए आज न्यायालय में पेश किया जाएगा।
> **-सिद्धार्थ शर्मा, डीएसपी ठियोग।**

> शिमला जिला में नशा लगातार पैर पसार रहा है। पिछले 15 माह में नशा तस्करी के आरोप में एक हजार आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। नशे पर नकेल कसने के लिए शिमला पुलिस प्रशासन मुहिम चला रहा है। तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। ठियोग थाने के तहत पुलिस ने एक सरगना पकड़ा है। इस मामले की जांच जारी है।
> **-संजीव गांधी, एसपी शिमला।**

### ऐसे खुले राज

बीते 3 जुलाई को ठियोग क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो नेपाली तस्करों को गिरफ्तार किया था। इनके कब्जे से करीब डेढ़ किलो अफीम बरामद हुई थी। ठियोग थाना क्षेत्र के मतियाना कस्बे में नेशनल हाईवे-5 पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक कार को तलाशी के लिए रोका और कार में रखे एक थैले से 1.516 किलो अफीम बरामद हुई। पुलिस ने कार सवार दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान नेपाल निवासी तिलक बोहरा और सुधीर बुद्धा के तौर पर हुई थी। ये दोनों शिमला जिला के कुमारसेन के नारकंडा में सेब बगीचे में काम करते हैं। ठियोग पुलिस ने इनके खिलाफ मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू की। रिमांड के दौरान दोनों आरोपियों ने सरगना रवि गिरी के बारे में राज खोले और उसे इस पूरी तस्करी का किंगपिन करार दिया। ठियोग पुलिस ने सरगना रवि गिरी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया और देर रात उसे गिरफ्त में ले लिया।

### मुख्यमंत्री ने मत्स्य पालन प्रशिक्षण केंद्र और सौर ऊर्जा परियोजना की आधारशिला रखी

# प्रदेश सरकार को 3.815 करोड़ वार्षिक राजस्व प्राप्त होगा : सुक्खू

**राजेश शर्मा, ऊना**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ऊना जिले के गगरेट विधानसभा क्षेत्र में 31 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाली 5 मेगावाट क्षमता की भंजाल सौर ऊर्जा परियोजना तथा 5.17 करोड़ रुपए की लागत के अत्याधुनिक मत्स्य पालन प्रशिक्षण केन्द्र दियोली का शिलान्यास किया। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा स्थापित की जा रही भंजाल सौर ऊर्जा परियोजना का निर्माण 9 हेक्टेयर भूमि में किया जाएगा तथा इसे 8 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।



परियोजना का शिलान्यास करते सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

इस परियोजना से प्रतिवर्ष 10.54 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादित की जाएगी तथा प्रदेश सरकार को 3.815 करोड़ रुपए वार्षिक राजस्व प्राप्त होगा। इस परियोजना में 13,000 सोलर मॉड्यूल स्थापित किए जाएंगे और इससे प्रतिवर्ष 396 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला ऊना में आने वाले समय में 47 मेगावाट विद्युत का उत्पादन होगा। राज्य सरकार ने आठ माह के रिकॉर्ड समय में ऊना के पेखूबेला में 220 करोड़ रुपए की लागत से 32 मेगावाट क्षमता का सोलर पावर प्रोजेक्ट जनता को समर्पित कर दिया है।

उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ में 67.82 करोड़ रुपए की लागत 10 मेगावाट क्षमता के सोलर पावर प्रोजेक्ट को बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। राज्य सरकार ने अपने पहले बजट में हिमाचल प्रदेश को 31 मार्च, 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है, ताकि पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। सौर ऊर्जा परियोजनाएं हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार सौर ऊर्जा दोहन पर विशेष ध्यान दे रही है तथा पावर कॉर्पोरेशन को 200 मेगावाट सौर ऊर्जा दोहन का लक्ष्य दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए राज्य सरकार कड़े फैसले लेगी और इसमें आम जनता के सहयोग की आवश्यकता है।

सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने पहले ही बजट में हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर राज्य बनाने की परिकल्पना की है और इसी दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बसें खरीदने के लिए राज्य सरकार द्वारा हिमाचल पथ परिवहन निगम को 300 करोड़ रुपए प्रदान किए गए हैं। राज्य सरकार ने निगम की सभी बसों को इलेक्ट्रिक बसों से बदलने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा एचआरटीसी को राज्य सरकार की ओर से हर माह 65 करोड़ और 800 करोड़ रुपए की सालाना ग्रांट दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पांच माह तक चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण विकास कार्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। आने वाले समय में राज्य सरकार प्रदेश हित में अनेक फैसले लेगी। (अनंत ज्ञान)


# बागवानों के पास बचे टेलीस्कोपिक कार्टन खरीदे सरकार : जयराम ठाकुर

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सेब के सीजन की शुरुआत हो गई है। भाजपा की सरकार में ही बागवानों के लिए यूनिवर्सल कॉर्टन में सेब बेचे की पहल की गई थी। कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने बिना पूरी तैयारी के यूनिवर्सल कॉर्टन को सरकार ने सेब खरीद में अनिवार्य कर दिया। सभी बागवानों के पास हजारों की संख्या में टेलीस्कोपिक कॉर्टन पहले से पड़े हुए हैं, जिनकी क़ीमत लाखों में हैं।

सरकार टेलीस्कोपिक कॉर्टन को बागवानों से उचित मुआवजा देकर वापस ले, जिससे बागवानों को सेब के सीजन की शुरुआत में ही राहत मिल सके।

उन्होंने कहा कि सरकार ने जल्दबाजी में सेब का सीजन शुरू होने के ठीक पहले यूनिवर्सल कॉर्टन को अनिवार्य कर दिया, जबकि अर्ली सीजन से जुड़े बागवानों ने टेलीस्कोपिक कॉर्टन की व्यवस्था पहले से कर ली थी। अब बागवानों को यूनिवर्सल कॉर्टन भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे वह उत्पाद को मंडियों में ले जा सके। यदि वह टेलीस्कोपिक कॉर्टन में ले जाते हैं तो आढ़ती उसे खरीदने से मना कर दे रहे हैं, जिसके कारण एक तरफ उनका सेव नहीं बिक पा रहा दूसरी तरह मंडी से वापस लाने का अतिरिक्त खर्च भी हो रहा है। न नियम स्पष्ट हैं और न ही कोई अन्य व्यवस्था। कॉर्टन न होने के कारण बागवान और आढ़ती दोनों परेशान हैं और सरकार ने नियम लाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। सरकार उच्च गुणवत्ता युक्त यूनिवर्सल कॉर्टन उचित कीमत पर उपलब्ध करवाए।



**सरकार ने जल्दबाजी में सेब का सीजन शुरू होने से पहले यूनिवर्सल कार्टन को अनिवार्य कर दिया**

जयराम ठाकुर ने कहा कि बागवानों के साथ कांग्रेस का रवैया हमेशा से ही दुर्भाग्यपूर्ण रहा है। पिछले सीजन में भी सरकार ने वजन के हिसाब से खरीद करने के नियम बना दिए लेकिन मंडियों में सेब का वजन करने के लिए तौल मशीन तक की व्यवस्था नहीं करवा पाए, जिसके कारण बागवानों और आढ़तियों को समस्याएं हुई। (अनंत ज्ञान)

### प्रतिबंधित दवाओं के साथ पकड़े व्यक्ति को 3 साल की जेल

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश नालागढ़ अभय मंडयाल की अदालत ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट के मामले में सतनाम सिंह पुत्र रणजीत सिंह निवासी वार्ड-3 को 3 साल की सजा और एक लाख रुपए जुर्माना सुनाया। उप जिला न्यायवादी देवेंद्र सिंह चंदेल ने बताया कि 2015 को निरीक्षण क्षमा दत्त द्वारा चेकिंग के दौरान डीएल नंबर की गाड़ी को रोक कर तलाशी ली तो गाड़ी से भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल बरामद हुए जिसका उक्त व्यक्ति के पास कोई दस्तावेज नहीं था। जिस पर थाना नालागढ़ में मामला दर्ज किया गया था और नशीले कैप्सूल रिपोर्ट मुताबिक ड्रग इंस्पेक्टर को बुलाकर दे दी गई। अदालत ने उक्त व्यक्ति को 3 साल की सजा और एक लाख रुपए की सजा सुनाई।

# तलवार से हमला करने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**आर मोहन, सोलन**

सोलन के न्यू बस स्टैंड में बुधवार रात को पंजाब से अपने दोस्त के साथ घूमने आए दो भाइयों में हुए झगड़े के दौरान तलवार से हमला करने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता ने पुलिस थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि यह 10 जुलाई को समय करीब 10.15 बजे रात अपने दोस्त के साथ न्यू बस स्टैंड के पास ढाबा में खाना पैक करवा रहे थे।

इसी दौरान न्यू बस स्टैंड स्थित मोडर्न ढाबा के सामने सड़क पर कुछ लोग आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। मौका पर पूछताछ से इन्हें झगड़ा करने वाले लड़कों के नाम विकास शर्मा व लखवीर सिंह पता चले, जो एक अन्य लड़के हरीश के साथ मिलकर मारपीट कर रहे थे। देखते ही देखते मारपीट कर रहे युवकों में से एक युवक ने साथ खड़ी अपनी ब्रेजा गाड़ी से तलवार निकाली व हरीश पर वार किया, जिस पर थाना सदर सोलन में मामला दर्ज किया गया।

मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा वारदात में संलिप्त दो आरोपियों विकास शर्मा पुत्र पवन शर्मा निवासी गांव नरमाना डाकघर कलेह माजरा तह. नाभा जिला पटियाला पंजाब उम्र 38 वर्ष व लखबीर सिंह पुत्र कर्म सिंह निवासी गाव व डाकघर खानपुर गंडाया तह. राजपुरा जिला पटियाला पंजाब उम्र 33 वर्ष को गिरफतार किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### नशा मुक्ति केंद्र के संचालक को 3 साल की सजा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश नालागढ़ अभय मंडयाल की अदालत ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट के मामले में संजीव शर्मा पुत्र विद्धाधर शर्मा को 3 साल की सजा व एक लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई।

जानकारी देते हुए उपजिला न्यायवादी देवेंद्र सिंह चंदेल ने बताया कि 2011 को ड्रग इंस्पेक्टर व पुलिस टीम बेला मंदिर राजपुरा नालागढ़ में लाइफ लाइ फाउंडेशन ड्रग्स काउंसलिंग के नाम से चल रहे नशा मुक्ति केंद्र में पहुंची थी जिसके सेंटर में बिना परमिट की भारी मात्रा में एलोपेथिक दवाइयां मिली जिसका परमिट मांगने पर उक्त व्यक्ति द्वारा कोई सही दस्तावेज न दिखा पाया।

# 500 करोड़ लोन से सामान्य खर्च सहित एरियर व डीए कैसे दे पाएगी सरकार

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

प्रदेश की सुक्खू सरकार कर्ज तले डूबती जा रही है। भले ही सरकार जुलाई माह में ही 500 करोड़ का लोन ले रही है, लेकिन इसे सामान्य खर्चे ही पूरे होने है। इसे सरकार एरियर सहित डीए नहीं दे सकती है। हिमाचल प्रदेश बुरी तरह से डेब्ट ट्रैप में फंस चुका है। सरकारी कर्मचारियों के वेतन व पेंशन पर खर्च निरंतर बढ़ रहा है। इधर राज्य सरकार ने ओपीएस लागू की है, जिसका इंपैक्ट आना शुरू हो जाएगा। वहीं राज्य सरकार को नए वेतन आयोग के बकाया बचे एरियर के भुगतान के लिए 9000 करोड़ रुपये चाहिए।

आलम ये है कि सेवानिवृत हो रहे कर्मचारी व पेंशनर्स भी अपने फाइनेंशियल ड्यूज के लिए हाईकोर्ट जा रहे हैं। अदालतों से राज्य सरकार को निरंतर कई मामलों में एरियर व पेंशनर्स के बकाया भुगतान के लिए आदेश जारी हो रहे हैं। यही नहीं, भुगतान मय ब्याज यानी ब्याज सहित करने के आदेश जारी किए जा रहे हैं।

अब उपचुनाव में वोटिंग खत्म होते ही कर्ज उठाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य सरकार 500 करोड़ रुपए का लोन लेने जा रही है। वित्त विभाग ने इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है और संभवत: अधिसूचना जारी हो जाएगी।

ये लोन ओपन मार्केट से लिया जाएगा। कर्ज लेने की रफ्तार इस कदर है कि इस वित्त वर्ष में अप्रैल से लेकर जुलाई तक (पांच सौ करोड़ रुपए सहित) कुल लोन 3400 करोड़ रुपए हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**तंज** — विक्रमादित्य का कंगना रनौत पर तंज, सोशल मीडिया पर लिखा

# मुझसे मिलने के लिए आधार कार्ड की कोई जरूरत नहीं

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

सूबे में कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा है की हमसे मिलने के लिए आधार कार्ड की जरूर नहीं है, जिसने विकास कार्य करवाना है वह बिना कार्ड के हमारे से मिल सकता है। दरअसल विक्रमादित्य ने मंडी सांसद कंगना रनौत पर तंज कसा है। मंडी सांसद कंगना रनौत ने गुरुवार को जनसंवाद केंद्र का शुभारंभ करते हुए कहा था कि अगर किसी को कार्य करवाना है तो उनसे मिलने आ सकते हैं साथ में आधार कार्ड भी जरूर लाएं।

कंगना के इस बयान पर विक्रमादित्य सिंह ने तंज कसते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, 'हमसे मिलने के लिए किसी को भी आधार कार्ड की आवश्यकता नहीं है। कंगना रनौत ने मंडी में आम लोगों की सुविधा के लिए जनसंवाद केंद्र खोला है। कंगना ने यहां लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए तीन संवाद केंद्रों का उद्घाटन किया। इसमें भांवला, मनाली और मंडी शामिल हैं। मीडियाकर्मियों से बात में कंगना ने कहा था कि वह सांसद हैं और सांसद का काम पंचायत स्तर और विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को सुनना नहीं है।

सांसद का काम संसद में सवाल उठाना और सरकार की नीतियों को लागू करना है। कई बार लोग उनके पास छोटी-छोटी समस्याएं लेकर चले आते हैं, जो या तो पंचायत स्तर की होती हैं या फिर विधानसभा क्षेत्र की, जिसके लिए पंचायत प्रतिनिधि और विधायक होते हैं। उन्होंने कहा कि मिलने आने वाले के पास मंडी क्षेत्र का आधार कार्ड होना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## सबको समान शिक्षा प्रदान करना प्राथमिकता

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

विक्रमादित्य सिंह ने शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ओखरु में छात्र-छात्राओं की तीन दिवसीय खंड स्तरीय अंडर 14 खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने कहा कि सबको समान शिक्षा प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है, शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि धनेश्वर खड्ड के ऊपर 2 करोड़ रुपए की लागत से पेरू ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है।




उन्होंने माकड़ी सड़क को चौड़ा व पक्का करने के लिए 20 लाख रुपए, प्राथमिक स्कूल वायिसियार के भवन की मरम्मत व छत लगाने के लिए 5 लाख रुपए, ओखरू स्कूल के बच्चों के लिए ठंडे व गर्म पानी का आरो फिल्टर उपलब्ध करवाने की घोषणा भी की। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को 21 हजार रुपए की राशि प्रोत्साहन दी।

# बिलासपुर पुलिस ने 28 दिन में वसूला 37 लाख से अधिक जुर्माना

**शुभम राही, बिलासपुर**

इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के तहत बिलासपुर जिला के ओहर क्षेत्र में जून माह में 28 दिन के भीतर 2,508 चालान कर 30 लाख के करीब जुर्माना वसूले गए हैं। यह चालान अभी तक पूरे हिमाचल प्रदेश में सबसे अधिक चालान में माने जा रहे हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर घुमारवीं शहर में जून माह में कुल 1681 चालान हुए हैं, जिनमें कुल 20 लाख के करीब जुर्माना वसूले हैं। साथ ही पूरे प्रदेश में तीसरे नंबर पर किन्नौर जिला के टापरी क्षेत्र में 1,108 चालान हुए हैं, जिनमें कुल 13 लाख के करीब जुर्माना वसूला गया है।

आईटीएमएस के तहत पूरे प्रदेश में सबसे अधिक चालान बिलासपुर जिला में दर्ज किए गए हैं, जिसमें प्रथम स्थान पर किरतपुर-नेरचैक फोरलेन के बिलासपुर जिला के ओहर क्षेत्र है। खबर की पुष्टि बिलासपुर डीएसपी मदन धीमान ने की।

आपको बता दें कि बिलासपुर जिला में आईटीएमएस के तहत अधिक चालान होने का मुख्य कारण यहां पर शुरू हुए किरतपुर-नेरचैक फोरलेन है। क्योंकि अब मनाली की ओर जाने वाले पर्यटक व लोग इसी मार्ग से जा रहे हैं।

इस मार्ग पर लोगों का सफर जहां आसान हुआ है तो वहीं, समय की भी बचत हुई है। इसी के साथ सड़क सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए, इसके लिए बिलासपुर पुलिस द्वारा यहां पर आईटीएमएस कैमरे स्थापित किए गए हैं। अगर कोई भी वाहन चालक 60 से अधिक स्पीड से वाहन चलाता है तो उसका मौके पर ही ऑनलाइन चालान कट रहा है। पुलिस प्रशासन बिलासपुर द्वारा फोरलेन के कैंची मोड़, मंडी भराड़ी पुल, ओहर व टनल नंबर 4 पर आईटीएमएस कैमरे स्थापित किए गए हैं। वालों के खिलाफ सख्त कर रही है। (अनंत ज्ञान)



> आईटीएमएस के तहत बिलासपुर जिला के ओहर और घुमारवीं क्षेत्र में प्रदेशभर में सबसे अधिक चालान हुए हैं। किरतपुर-नेरचैक फोरलेन पर बिलासपुर पुलिस सड़क सुरक्षा को लेकर पूरी सर्तकता के साथ कार्य कर रही है। नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है। **-मदन धीमान, डीएसपी बिलासपुर**

## न्यूज ब्रीफ

### राज्य बिजली बोर्ड में भी जल्द बहाल हो ओपीएस



**पंकज दीक्षित, पपरोला।** प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन की बैठक बैजनाथ में संपन्न हुई। बैठक मुख्य सलाहकार मनोज सूद व उपाध्यक्ष विनोद कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य मुद्दा ओपीएस को लागू न करना रहा। बैठक में कम गुणवत्ता उपकरणों की जगह उच्च गुणवत्ता के उपकरणों को उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा बैठक में चर्चा हुई कि विभिन्न श्रेणीयों में खाली पदों को सरकार व प्रबंधन द्वारा न भरने से कर्मचारियों पर अधिक बोझ पड़ रहा है व हादसे भी हो रहे है। इस बैठक में सरकार से ओपीएस को जल्द लागू करने की मांग की गई। बैठक मे पालमपूर यूनिट के अध्यक्ष कुलदीप, बलवीर राणा, अश्वनी पाधा, अमित कुमार, विजय कुमार आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### सक्सेस कोचिंग अकादमी के एक और छात्र ने पास की जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा




**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर।** शाहपुर की करतार मार्केट स्थित सक्सेस कोचिंग अकादमी के एक और स्टूडेंट ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भनाला निवासी अनूप सिंह और रीनू वाला के पुत्र सूर्यांश ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा पास की है। सूर्यांश ने अपने परिजनों के साथ अकादमी में पहुंचकर एमडी शुभम ठाकुर व स्टाफ का मुंह मीठा करवाया था तथा बेहतर कोचिंग देने के लिए आभार जताया। इस मौके पर सक्सेस कोचिंग अकादमी के एमडी शुभम ठाकुर ने सूर्यांश, उनके परिजनों व स्टाफ को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने सूर्यांश को गिफ्ट भेंट कर सम्मानित भी किया। (अनंत ज्ञान)

### कीर्ति चक्र विजेता की पत्नी की तस्वीर पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर हो कड़ी कार्रवाई : नैंसी



**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश की सहमंत्री नैंसी अटल ने प्रेस बयान में कहा कि पिछले दिनों शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की पत्नी ने जब नम आंखों से कीर्ति चक्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से प्राप्त किया तब पूरा देश भावुक हो गया। वहीं, अहमद नाम का एक शख्स, जिसने शहीद कैप्टन की पत्नी पर भद्दे कमेंट कर मानवता को शर्मसार कर दिया। नैंसी अटल ने कहा हाल ही कैप्टन अंशुमान सिंह को मरणोपरांत कीर्ति चक्र प्रदान किया गया। यह सम्मान उनकी विधवा पत्नी स्मृति सिंह ने लिया। उनकी पत्नी ने नम आंखों से यह कीर्ति चक्र राष्ट्रपति से लिया जिसको देखकर पूरा देश भावुक आंखों से शाहिद अंशुमान की शहादत को याद कर रहा था। जहां पूरा हिंदुस्तान शाहिद अंशुमन की प ी के साहस के साथ खड़ा था, वहीं दूसरी तरफ धर्म विशेष से संबंध रखने वाले अहमद द्वारा स्मृति सिंह की तस्वीर पर अश्लील कमेंट करना न केवल शहीदों के परिवार का अपमान है, बल्कि मानवता को शर्मसार करने वाली घटना भी है। नैंसी अटल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद प्रशासन से उस व्यक्ति पर और समर्थन करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग करती है। (अनंत ज्ञान)

# जनसंख्या नियंत्रण के लिए फैमिली प्लानिंग बहुत जरूरी : डॉ. गुलेरी

## विश्व जनसंख्या दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने किया विशेष बैठक का आयोजन

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में कांगड़ा जिला स्वास्थ्य विभाग की विशेष बैठक का आयोजन वीरवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी की अध्यक्षता में किया गया। इसमें जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. राजेश सूद, सीनियर मेडिकल सुपरिटेंडेंट, जिला कार्यक्रम अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान डॉक्टर राजेश गुलेरी ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस 2024 सतत विकास के लिए सभी को शामिल करने पर केंद्रित है।

उन्होंने कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों को फैमिली प्लानिंग, लैंगिक समानता और प्रजनन स्वास्थ्य को लेकर अवगत एवं जागरूक बनाना है। विश्व जनसंख्या दिवस एक वार्षिक आयोजन है, जो हर साल 11 जुलाई को मनाया जाता है। इस दिवस की स्थापना वैश्विक जनसंख्या वृद्धि से जुड़े प्रमुख मुद्दों तथा विकास एवं स्थिरता पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई थी।




जनसंख्या दिवस पर स्वास्थ्य विभाग की विशेष बैठक की अध्यक्षता करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी।

### जनसंख्या में सभी का हो उचित प्रतिनिधित्व

**जिला** कार्यक्रम अधिकारी डॉ. तरुण सूद ने विश्व जनसंख्या दिवस 2024 की थीम 'विकसित भारत की नई पहचान परिवार नियोजन हर दंपती की शान' के बारे विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यह थीम यह सुनिश्चित करती है कि जनसंख्या में सभी का उचित प्रतिनिधित्व हो, चाहे उनकी पृष्ठभूमि, राष्ट्रीयता, भूगोल या सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। जनसंख्या दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो हमें तेजी से बढ़ती जनसंख्या और उससे जुड़ी चुनौतियों के प्रति जागरूक करता है एवं परिवार नियोजन के मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है जनसंख्या वृद्धि पर कैसे नियंत्रण रखा जा सकता है इसके लिए सरकार ने बहुत सी योजनाएं चलाई हैं।

## जनसमस्याओं का तुरंत निपटारा सरकार की प्राथमिकता : संजय



जनसमस्याएं सुनते प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय चौहान।

**राकेश डोगरा, डरोह**

वीरवार को हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने अक्षैणा में एक जनसभा में भाग लिया और वहां आए सुलह विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना। विशेष रूप से बुलाए गए सभी विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर उन समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया गया। संजय सिंह चौहान ने कहा कि जो भी समस्याएं जनता द्वारा लाई गईं वे भाजपा के समय से लंबित हैं और मौजूदा विधायक की विधानसभा में रुचि नहोने का कारण हैं।

उन्होंने कहा कि मौजूदा भाजपा विधायक चाहते तो जल, विद्युत, सड़क और स्वास्थ्य से संबंधित इन छोटी-छोटी समस्याओं का निपटारा पहले ही हो सकता था। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुक्खू सरकार ने जो प्रगति के मील पत्थर स्थापित कर दिए हैं, वे आजतक भाजपा कभी स्थापित नहीं कर सकी और न ही कभी कर पाएगी।

अंत में संजय सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार जिस प्रकार से प्रगति राह पर गतिशील है उसी प्रकार विधानसभा में प्रगति की गतिशीलता को अधिक बढ़ाने का उन्होंने आश्वासन भी दिया। उन्होंने विशेष रूप से बल दिया कि वह सुलह विधानसभा को एक मॉडल विधानसभा बनाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## लॉरेट फार्मेसी शिक्षण संस्थान ने मनाया विश्व जनसंख्या दिवस

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

लॉरेट फार्मेसी शिक्षण संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विश्व जनसंख्या दिवस मनाया। इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका विषय था, 'हिमाचल प्रदेश पर जनसंख्या अवलोकन का प्रभाव'। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि निदेशक दूरस्थ शिक्षा और मुक्त शिक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र निर्देशक हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी एवं निर्देशक पापुलेशन रिसर्च सेंटर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार प्रोफेसर संजू करोल तथा मुख्यवक्ता के रूप में सहायक प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ हिस्ट्री सरदार पटेल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश से डॉ. राकेश कुमार शर्मा और रिटायर्ड चेयरपर्सन डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक्स एंड डायरेक्टर पॉपुलेशन रिसर्च सेंटर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार से चेयरपर्सन डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक्स एंड डायरेक्टर प्रोफेसर एन एस बीस्ट रहे। वहीं, संस्थान के प्रबंधक निदेशक डॉ. रण सिंह भी मौजूद रहे।

मुख्य वक्ता डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व की बात करें तो अब वक्त आ चुका है कि जनसंख्या संबंधी मुद्दों पर काम किया जाए। ज्यादा जनसंख्या होने के कारण भविष्य में क्या परेशानियां हो सकती हैं? किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, इन मुद्दों पर चर्चा की। अंत में डीन स्टूडेंट वेलफेयर अफसर डॉ. सीपीएस वर्मा ने धन्यवाद भाषण दिया।

### जनसंख्या नियंत्रण के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी: बीरबल वर्मा

## नवोदय स्कूल पपरोला में बच्चों को पढ़ाया जनसंख्या नियंत्रण का पाठ

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

विश्व जनसंख्या दिवस जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला में खंड चिकित्सा अधिकारी महाकाल डॉ. दिलावर सिंह दियोल के आदेशानुसार मनाया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षक बीरबल वर्मा ने कहा कि इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसके महत्व को समझाना है।

उन्होंने कहा कि जनसंख्या मोविलाईजेशन पखवाड़ा 27 जून से 10 जुलाई तक मनाया गया और अब 11 जुलाई से 24 जुलाई सेवा प्रावधान पखवाड़े के रूप में मनाया जाएगा। इसमें आशा, स्वास्थ्य कार्यकर्ता लक्षित दंपतियों को परिवार



नियोजन के अस्थायी तरीके बताएंगी। इस मौके पर डॉ. गुरमीत कटोच व विकेश ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या कई समस्याएं उत्पन्न करती है जैसे संसाधनों की कमी, प्रदूषण व गरीबी। ऐसे में हम सभी का कर्तव्य है कि जनसंख्या नियंत्रण को समझे व दूसरों को भी समझाए। अंत में प्रधानाचार्य शैलेंद्र सिंह ने भी जहां इस कार्यक्रम के लिए सबका धन्यवाद किया। वहीं जनसंख्या नियंत्रण के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें कुमारी मानवी प्रथम, आकृति द्वितीय व आरक्षित तृतीय स्थान पर रही। विजेताओं को स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके आशा वर्कर्स सहित 150 से ज्यादा किशोर-किशोरियों मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### 15 दिन में जमा करें बकाया किराया

**प्रवीण मिश्रा, लंबागांव।** जयसिंहपुर बहुउद्देश्यीय स्टेडियम में बनी खेल विभाग की दुकानों का किराया न भरने वाले डिफाल्टर दुकानदारों को एसडीएम संजीव ठाकुर ने हिदायत दी है कि वो 15 दिनों के भीतर अपना बकाया किराया भरें अन्यथा उनकी दुकानें सील कर दी जाएंगे। एसडीएम संजीव ठाकुर,एसएचओ लंबागांव प्रेम पाल शर्मा के साथ पुलिस राजस्व तथा खेल विभाग की टीम ने जयसिंहपुर बाजार का दौरा किया। उन्होंने कहा कि 15 दिन के भीतर बकाया किराया न चुकाने वाले दुकानदारों की दुकानें सील करने के साथ दुकान के अंदर रखा सामान जब्त कर किया जाएगा। बाजार में अतिक्रमण कर दुकानों के आगे सड़क तक सामान फैलाने वाले दुकानदारों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि अपना सामान सड़क पर न रखें अन्यथा सामान जब्त कर उनका चालान किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## सितंबर में होगा बीड़-राजगुंधा-बरोट सड़क का लोकार्पण : किशोरी लाल

### साढ़े 9 करोड़ से बन रही सड़क, बैजनाथ से आधी रह जाएगी मुल्थान की दूरी

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव, कृषि पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, किशोरी लाल ने वीरवार को बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के छोटा भंगाल क्षेत्र को बीड़ बिलिंग से जोड़ने वाली सड़क के कार्य का निरीक्षण किया। बीड़-बिलिंग से राजगुंधा-बरोट सड़क के निर्माण कार्य पर साढ़ नौ करोड़ रुपए व्यय कर लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सीपीएस ने लोक निर्माण के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम के साथ सड़क मार्ग से राजगुंधा पहुंचे और कार्य का निरीक्षण किया तथा विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने कहा कि बीड़ से राजगुंधा होते हुए बड़ाग्रां-बरोट के लिए सड़क को सितंबर माह तक पास करवाकर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अक्तूबर माह में बीड़ बिलिंग में पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है तथा उससे पहले इस सड़क को तैयार कर



मुख्य संसदीय सचिव एवं बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल लोगों के साथ।

लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय लोगों की आर्थिकी सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कहा कि बीड़ से जोगिंदर नगर बरोट की दूरी जो लगभग 80 किलोमीटर है, इस सड़क के निर्माण से यह दूरी कम होकर करीब 38 किलोमीटर रह जाएगी। इस अवसर पर कपिल शर्मा, शशि राणा, सुदर्शन सिंह सीताराम, राजेश कुमार, देवराज, मंगतराम, सुरेश कुमार, रिंकू राम, अजय गौड़, एसडीओ लोक निर्माण विभाग अरविंद शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी तथा स्थानीय लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### छोटा भंगाल के विकास में नहीं आएगी धन की कमी

**सीपीएस** ने कहा कि उनके कार्यकाल में मुल्थान कॉलेज खोला गया था तथा उसके भवन निर्माण के लिए टेंडर हो गया है। जल्द ही इसका कार्य आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि मुल्थान गांव पर बरसात के समय उहल नदी का जलस्तर बढ़ने से खतरा बना रहता है। मुल्थान गांव की सुरक्षा के लिए उहल नदी पर 3 करोड रुपए की लागत से प्रोटेक्शन बाल लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि छोटा भंगाल क्षेत्र की सभी पंचायतों के विकास के लिये उन्होंने माकूल धनराशि उपलब्ध करवाई है। उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों से विकास के लिए आवंटित धनराशि समयबद्ध व्यय करने का आह्वान किया ताकि और विकास कार्यों के लिए और धन उपलब्ध करवाया जा सके।

### आईटीआई बैजनाथ में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** राजकीय आईटीआई बैजनाथ में इस सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया 11 जुलाई से शुरू हो गई है, जो कि 22 जुलाई तक ऑनलाइन चलेगी। आईटीआई बैजनाथ की प्रधानाचार्य सविता देवी ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया तीन चरणों में होगी, जिसमें पहले चरण में 11 से 22 जुलाई तक ऑनलाइन फॉर्म भरे जाएंगे तथा यह फॉर्म आईटीआई बैजनाथ में निशुल्क भरे जाएंगे। पहले चरण का परिणाम 31 जुलाई को निकलेगा और 5 अगस्त तक चयनित प्रशिक्षणार्थी फीस जमा करके प्रवेश ले सकते हैं। दूसरे चरण में 6 अगस्त से 12 अगस्त तक फॉर्म भरे जाएंगे जिसका परिणाम 20 अगस्त को आएगा और चयनित प्रशिक्षणार्थी 23 अगस्त तक फीस जमा करके प्रवेश ले सकते हैं। अंतिम राउंड स्पॉट राउंड होगा जो 28 से 31 अगस्त तक होगा प्रधानाचार्य ने बताया कि इस सत्र में इलेक्ट्रीशियन के 40, मैकेनिक मोटर व्हीकल के 48, फिटर 20, वेल्डर ट्रेड के 40 तथा कॉस्मेटोलॉजी ट्रेड के 48 तथा कुल 196 सीटें भरी जाएंगी। आईटीआई के दूरभाष नंबर 1894-292 399 पर संपर्क करके भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## अवैध खनन करने और पेड़ काटने पर एक जेसीबी जब्त



**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत आजकल पहाड़ों का सीना छलनी करके उनमें से खनन सामग्री को क्रशर उद्योग को भारी मुनाफे के चलते बेचा जा रहा है। इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में ऐसा कई जगहों में देखने को मिल जाएगा, जिसकी शिकायत लगातार स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस प्रशासन,वन विभाग तथा माइनिंग विभाग को दी जा रही है।

शिकायत मिलने पर बुधवार देर रात डीएफओ नूरपुर अमित शर्मा, रेंज ऑफिसर भद्ररोया अभिनव ठाकुर गांव लोधवां में कड़ी मशक्कत के बाद जब जंगल के बीचों बीच पहुंचे तो वहां पर एक जेसीबी द्वारा पहाड़ों का सीना छलनी कर खनन सामग्री ट्रैक्टरों में भरकर भेजी जा रही थी।

मौके पर खैर के पेड़ भी काटे जा रहे थे। इस पर कार्रवाई करते हुए उन्होंने जेसीबी को वन परिक्षेत्र भद्ररोया में लाया। वहीं, ट्रैक्टर चालक तथा जेसीबी मशीन के ड्राइवर रात का अंधेरा होने के चलते फरार होने में कामयाब हो गए। रेंज ऑफिसर अभिनव ठाकुर अपनी टीम सहित वीरवार को मौके पर पहुंचे तथा खनन वाली जगह की पैमाईश की और काटे गए पेड़ों का जायजा लिया। (अनंत ज्ञान)




**जागरूकता** | जिला प्रशासन ने बस स्टैंड कांगड़ा में किया डिजिटल आईटी लिटरेसी शिविर का आयोजन

# जागरूक बन खुद और दूसरों को ठगी से बचाएं: मोहित

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल के निर्देशानुसार बस स्टैंड कांगड़ा में साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से डिजिटल आईटी लिटरेसी शिविर का आयोजन किया गया। इस जागरूकता शिविर के आयोजन का उद्देश्य लोगों को सोशल मीडिया के माध्यमों से ठगी का शिकार होने से बचाना है।

तहसीलदार कांगड़ा मोहित रतन ने इस जागरूकता शिविर में लोगों को बताया कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया के माध्यमों से लोगों को ठगने की घटनाएं निरंतर बढ़ती जा रही हैं और इसका सबसे प्रमुख कारण जागरूकता का अभाव है। उन्होंने कहा इस ठगी से बचने का एकमात्र उपाय अपने आप को जागरूक करना है।




बस स्टैंड कांगड़ा में लोगों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करते प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस विभाग के कर्मचारी।

तहसीलदार कांगड़ा के अतिरिक्त इस जागरूकता शिविर में पंजाब नेशनल बैंक के सीनियर मैनेजर कपिल सैनी, साइबर सेल से विशाल और संजय, एमसीएम डीएवी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर सुमित कुमार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जमानाबाद के प्रवक्ता अतुल, उप मंडल सहायक अनिल कुमार, और कमल कुमार ने लोगों को साइबर क्राइम से बचने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने लोगों को बताया कि किस प्रकार आज सोशल मीडिया पर अनेक माध्यमों से लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है, जिसमें लोगों को लॉटरी निकलने का लालच देकर, आईडी को हैक करके मैसेज के द्वारा जैसे अनेक माध्यमों से लोगों को ठगी का शिकार बनाया जाता है।

उन्होंने लोगों को बताया कभी भी अपने पर्सनल अकाउंट बारे जानकारी किसी के साथ भी साझा न करें। (अनंत ज्ञान)

### एकलव्य कला मंच नाटक के माध्यम से जागरूक किए लोग

**जागरूकता** कार्यक्रम में फर्स्ट आईआरबी भानगढ़ से पुलिस विभाग की एकलव्य कला मंच की टीम विशेष रूप से कार्यक्रम में पहुंची थी। एकलव्य कला मंच की टीम ने साइबर क्राइम के ऊपर एक बेहतरीन नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। एकलव्य कला मंच की यह टीम पूरे हिमाचल प्रदेश में नशा निवारण, साइबर क्राइम, रोड सेफ्टी जैसे अनेकों विषयों पर लोगों को जागरूक करने के लिए निरंतर कार्यक्रम करते हैं।

### 14 अगस्त को होगा दी बणी कृषि सहकारी सभा का चुनाव

**पिंकी, डाडासीबा।** दी बणी कृषि सेवा सहकारी सभा की प्रबंधक कमेटी का चुनाव 14 अगस्त को सभा कार्यालय में होने जा रहा है। सभा के सचिव एवं चुनाव प्रबंधक रविंद्र सिंह ने बताया कि नामांकन पत्र 31 जुलाई को निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार निरीक्षक नगरोटा सूरियां के समक्ष सभा कार्यालय में सुबह 11 से 3 बजे तक भरे जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### धर्मशाला में आपस में भिड़े प्रवासी मजदूर

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** धर्मशाला के कोतवाली चौक पर वीरवार सुबह छत्तीसगढ़ के मजदूरों ने पैसे के लेनदेन को लेकर एक दूसरे पर लात घूंसे बरसाए। इस घटना का मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ। इस दौरान यहां से गुजर रहे लोग तमाशा देखने जुट गए। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### पारस स्कूल में मनाया वन महोत्सव, रोपी हरियाली



**राकेश डोगरा, डरोह।** पारस पब्लिक स्कूल में बड़े उत्साह के साथ वन महोत्सव मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर पौधरोपण किया गया। इसमें कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। बच्चे अपने-अपने घर से फल व फूलों के अनेक प्रकार के पौधे लेकर आए थे और उन्होंने अपने कक्षा अध्यापक-अध्यापिकाओं के साथ पौधरोपण किया। इसमें विद्यालय के निदेशक महेश चंद कटोच व प्रधानाचार्या नीलम राणा विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों के साथ मिलकर पौधरोपण किया और अपने देश व आसपास के वातावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने का संदेश दिया। प्रधानाचार्या ने प्रत्येक बच्चे को प्रतिवर्ष कम से कम दो पेड़ लगाने का सुझाव दिया। (अनंत ज्ञान)

### दलीप सिंह वर्मा ने जताया मतदाताओं का आभार



**सालबिया शर्मा, गरली।** मजदूर संघ के नेता दलीप सिंह वर्मा ने देहरा हलके का उपचुनाव शांतिपूर्ण संपन्न होने पर जनता का आभार जताते हुए रिकार्ड मतों से पार्टी प्रत्याशी कमलेश ठाकुर की जीत का दावा किया है। वर्मा ने कहा कि देहरा की जनता ने इस बार लोकतंत्र की मजबूती और विकास के मुद्दे पर मतदान कर भाजपा की साजिशों का मुंह तोड़ जवाब देने का काम कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रचंड बहुमत वाली चुनी हुई सरकार को गिराने और प्रदेश में खरीद-फरोख्त की गंदी राजनीतिक की भाजपा की कोशिशों का हिसाब-किताब कांग्रेस के पक्ष में रिकॉर्ड मतदान कर देहरा की जनता ने दे दिया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उत्साह के साथ अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का उपयोग किया है। सभी बूथों से जो जानकारी संगठन को मिली है, उससे देहरा में कांग्रेस की जीत तय है। 13 जुलाई को नतीजे सामने आने के साथ इसका खुलासा भी हो जाएगा। अब तक अनदेखी का शिकार हुए देहरा हलके में विकास और जनकल्याण के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रयासों पर मतदाताओं ने मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू के नेतृत्व में देहरा हलके में तीव्र विकास का नया अध्याय शुरू हो चुके हैं। देहरा विस क्षेत्र जल्द ही विकास के मोर्चे पर आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। (अनंत ज्ञान)

### बीमारियों से निपटने को स्वास्थ्य विभाग सतर्क



**संजीव महाजन, नूरपुर।** स्वास्थ्य विभाग नूरपुर बरसात में फैलने वाली बीमारियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बीएमओ डॉ. दिलबर सिंह ने बताया कि बरसात में फैलने वाली बीमारियों से निपटने के लिए विभाग पूरी तरह से स्तर्क तथा तैयार है। उन्होंने बताया कि गंदे पानी के लिए आईपीएच विभाग से मिलकर पूरी तैयारी कर ली है तथा विभाग द्वारा रेगुलर पानी की टेस्टिंग की जा रही है। साथ में लोगों के घरों में सप्लाई होने वाले पानी की शुद्धता के लिए पानी में डालने वाली दवाइयों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा पूरे डिपार्टमेंट जैसे हेल्थ वर्कर्स, आशा वर्कर्स, सुपरवाइजर्स, को हर तरह की ट्रेनिंग दे दी गई है तथा ये टीमें घर-घर जाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी कर रही है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही सभी हेल्थ सेंट्रो में जैसे पीएचसी तथा सी एच सी में सभी प्रकार की दवाइयां इत्यादि भी उपलब्ध करवा दी गई है, ताकि बरसात के मौसम में फैलने वाली बीमारियों से लोगों की रक्षा की जा सके। (अनंत ज्ञान)

# अंतिम रूपरेखा तैयार, ग्रीन कवर करेगा स्मार्ट सिटी का शृंगार

## हर वार्ड का होगा सौंदर्यीकरण, इस माह चलाया जाएगा व्यापक अभियान

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



स्मार्ट सिटी धर्मशाला

17 वार्डों वाली नगर निगम धर्मशाला के सभी वार्डों के सौंदर्यीकरण को लेकर ग्रीन धर्मशाला कमेटी की बैठक के बाद इसकी रूपरेखा वीरवार को बनाई गई। इसी माह में प्लांटेशन ड्राइव चलाकर स्मार्ट सिटी की सजावटी पौधों तथा झाड़ियों से ब्यूटिफिकेशन का काम किया जाएगा। इसको लेकर सभी वार्डों में स्थलों को चिन्हित कर लिया गया है तथा सभी विभागों के सहयोग के साथ इस अभियान को चलाया जाएगा ताकि मानसून के सीजन में ही यहां सजावटी पौधे तथा झाड़ियों को लगाने के काम को पूरा किया जा सके। लिहाजा स्मार्ट सिटी धर्मशाला में अब जल्द ही इसकी सुंदरता को बढ़ाने के लिए सजावटी तथा फूलों के पौधे लगा कर शहर के लिए ग्रीन कवर तैयार किया जाएगा। ग्रीन धर्मशाला कमेटी की वीरवार को हुई बैठक में इसकी अंतिम रूपरेखा तय की गई । इसके लिए 17 वार्ड के अलावा सेल्फी प्वाइंट, स्मार्ट सिटी पाथ तथा हाईवे के किनारे की साइटों को चिन्हित किया गया है। नगर निगम के आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में वन, बागवानी, कृषि, जल शक्ति, लोक निर्माण विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। चिन्हित स्थलों पर अमलताश, हार शृंगार, बोटल ब्रश तथा बोगलविलिया जैसे ओरनामेंटल तथा फूलों के पौधों के साथ सजावटी झाड़ियों को लगाया जाएगा। इन पौधों को लगाने के अलावा इनके संरक्षण के लिए भी पूरी योजना तैयार की गई, ताकि ये पौधे लंबे समय तक संरक्षित रह सकें। (अनंत ज्ञान)

### इसी माह से शुरू किया जाएगा काम



**इसकी** पुष्टि करते हुए ट्री ऑफिसर तनवी गुप्ता ने बताया कि नगर निगम धर्मशाला के आयुक्त जफर इकबाल की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे तथा अंतिम रूपरेखा तैयार की गई। उन्होंने बताया कि इस माह में ही एक व्यापक अभियान चलाकर सजावटी पौधों तथा झाड़ियां को लगाने के काम को शुरू किया जाएगा, ताकि शहर का सौंदर्यीकरण हो सके।

# ऑफिस की छत का एक हिस्सा गिरा, बाल-बाल बचे क्लाइंट

**अनंत ज्ञान, गगल**

गगल में वीरवार दोपहर उस समय एक बड़ा हादसा होने से टल गया जब गगल के टैक्स एडवाइजर नरेंद्र कुंद्रा तथा वीरेन कुंद्रा के कार्यालय की छत का बड़ा हिस्सा नीचे आ गिरा। गनीमत रही कि कराधान का कार्य करवाने आए 10 से 12 क्लाइंट बाल-बाल बच गए। ज्ञात रहे पिछले कई वर्षों से अधर में लटके एयरपोर्ट विस्तार के चलते इलाकावासी न तो नए भवनों का निर्माण कर रहे हैं और न ही पुराने भवनों की मरम्मत करवा रहे हैं। वीरवार की यह घटना भी इसी वजह से पेश आई है।

यह भवन लगभग 45 वर्ष पूर्ण कर चुका है तथा अपनी मरम्मत का इंतजार कर रहा है। लेकिन एयरपोर्ट विस्तार के चलते सारा ही मामला अधर में ही लटका हुआ है। इस बारे में व्यापार मंडल गगल के प्रधान देविंदर कोहली ने कहा के सरकार की लटकाऊ नीतियां बता रही हैं कि शायद सरकार के पास अभी तक कोई प्रावधान नहीं है। सरकार को चाहिए कि अपनी नीति स्पष्ट करें कि हवाई अड्डे का विस्तार होना है या नहीं। अगर विस्तार नहीं करना है तो अधर में न लटकाए और इस योजना को डीनोटिफाई करे। (अनंत ज्ञान)



टैक्स एडवाइजर के कार्यालय की छत का गिरा हुआ हिस्सा।

# न्यायाधीश ने वकीलों को दी तीन नए कानूनों की जानकारी



**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

कोर्ट परिसर पठानकोट में जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी पठानकोट के चेयरमैन कम डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज जितेंद्र पाल सिंह खुरमी की अध्यक्षता में बार रूम में एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायाधीश द्वारा वकील साहिबान को 3 नए फौजदारी कानून, जो कि 1 जुलाई से लागू हुए हैं उन संबंधी विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन रवदीप सिंह हुंदल तथा डेजी भांगड़ सिविल जज सीनियर डिवीजन द्वारा वकीलों को 3 नए फौजदारी कानून के सभी पहलुओं से अवगत कराया गया। अवसर पर अन्य जज साहिबान तथा वकील साहिबान भी उपस्थित थे।

इस मौके पर बार एसोसिएशन के प्रधान विनोद धीमान ने डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज जितेंद्र पाल सिंह खुरमी से अपील की कि इस प्रकार के कानून संबंधी सेमिनार और भी लगते रहने चाहिए, जिस पर डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज जितेंद्र पाल सिंह खुरमी ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांग पर विचार किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक में बोले मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ: राजेश गुलेरी

# कायाकल्प में कांगड़ा का प्रदर्शन सराहनीय

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर के नए सभा हॉल में की गई। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने जिला कांगड़ा के स्वास्थ्य संस्थानों को बेहतर स्वच्छता व्यवस्था व दी जा रही सेवा मानकों के लिए चिकित्सा खंड नगरोटा बगवां को श्रेष्ठ खंड का पुरुस्कार डॉ. रूबी भारद्वाज खंड चिकित्सा अधिकारी को दिया गया। साथ ही कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कांगड़ा के सराहनीय प्रदर्शन पर सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है। डॉ. गुलेरी ने बताया कि जिला कांगड़ा को 64 लाख प्रोत्साहन राशि मिली है। गुलेरी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि जिला कांगड़ा का परिणाम सराहनीय है एवं इन योजनाओं के तहत रोगी संतुष्टि के स्तर में भी सुधार आया है, जिसे भविष्य में भी बेहतर बनाए रखने लिए प्रयासरत रहने की बात कही।



मुख्यचिकित्सा अधिकारी ने सभी खंड अधिकारियों को जल जनित / दूषित खाद्य जनित बीमारियों के आउटब्रेक की जानकारी देते हुए निर्देश दिए है कि किसी भी अस्पताल में जो बीमारियां सामान्य से अधिक रिपोर्ट हो रही हों तो उन्हें उसी समय आउटब्रैक चिन्हित करना चाहि, ताकि किसी भी बड़े प्रकोप से बचा जा सके। डॉ गुलेरी ने कहा कि बीमारियों का शीघ्र पता लगाना व साथ साथ सम्भावित उपचार अत्यंत आवश्यक है। डॉ. राजेश गुलेरी ने सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों और चिकित्सकों को निर्देश दिए मानसून के दौरान बारिशों में जल जनित बीमारियों के रोगी बढ़ जाते है इन बीमारियों के इलाज के लिए हर स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक औषधियों (ओआरएस, जिंक टेबलेट एवं सिरप, क्लोरीन टेबलेट, आई/वी फ्लूइड एवं अन्य औषधियों) की उपलब्धता सुनिश्चित करें। गुलेरी ने बताया कि बरसात के मौसम में स्टॉप डायरिया कैंपेन के तहत आशा कार्यकर्ता ओआरएस एवं जिंक की गोलियों घर-घर पहुंचा रही हैं।

डॉ. राजेश गुलेरी ने बताया कि बरसात के मौसम में स्क्रब टाइफस के मामलो में भी वृद्धि होती है जिसके लिए खंड चिकित्सा अधिकारियों को जन साधारण को इनके लक्षणों एवम बचाव के बारे में आशा बहनों के माध्यम जानकारी सहित जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंन चिकित्सकों को निर्देश दिया कि डॉक्सीसाइक्लिन, एज़िथ्रोमाइसिन की उपलब्धता सुनिश्चित करें और मामलों का रोगसूचक उपचार शुरू करें। समीक्षा में डा दुष्यंत खंड चिकित्सा अधिकारी नगरोटा सुरिया द्वारा आपातकालीन परमाणु समस्या से लड़ने की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा कंजक्टिबाइटिस, विश्व जनसंख्या दिवस, पीसीपीएनडीटी के बारे में भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश सूद, जिला कार्यक्रम अधिकारी डा तरुण सूद, डा वंदना , डॉ. अनुराधा, सीनियर एम एस जोनल अस्पताल डॉ सुनील भट्ट, जिला लेखा वित्त नियंत्रक राजिंदर सिविल हॉस्पिटल पालमपुर के सीनियर मेडिकल ऑफिसर एवं ब्लॉक के खंड चिकित्सा अधिकारी, सीनियर मेडिकल ऑफिसर और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# द वाइट मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने एक बार फिर कॉलेज प्रबंधन पर लगाए आरोप

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

द वाइट मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने एक बार फिर से कॉलेज एडमिनिस्ट्रेशन और चेयरमैन स्वर्ण सलारिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इससे कॉलेज एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया है। 100 से ज्यादा कालेज छात्रों ने वीरवार दोपहर बाद इंसाफ पाने के लिए डीसी कार्यालय को घेरा और कॉलेज एडमिनिस्ट्रेशन खिलाफ डट कर भड़ास निकाली। दूसरी तरफ छात्रों ने कॉलेज में अपनी जान को खतरा भी बताया है। देर शाम तक कॉलेज छात्र धरने पर डटे रहे और मांगे मानने के बाद ही धरना खत्म करने को कहा। ऐसे में कई प्रशासनिक अधिकारी भी छात्रों को मनाने के लिए पहुंचे, लेकिन वे टस से मस नहीं हुए। छात्रों ने कॉलेज एडमिनिस्ट्रेशन पर आरोप लगाया कि गत रात उनकी ओर से अपनी मांगों को लेकर नाराजगी जताई गई तो स्वर्ण सलारिया ने रैश ड्राइविंग करते हुए गाड़ी उन पर चढ़ाने की कोशिश की। वहीं, छात्रों को थप्पड़, गाली-गलौज, चप्पले और पत्थर भी मारे गए। कुछ छात्रों को पकड़ एडमिनिस्ट्रेशन ने पीटा भी है। इसी के चलते इंसाफ पाने के लिए उन्हें धरना देने के लिए मजबूर होना पड़ा है। छात्रों ने कहा कि कॉलेज में अब वे दोबारा नहीं जाएंगे क्योंकि उनकी जान को खतरा है इसलिए उनकी सीटें जहां से किसी अन्य कॉलेज में शिफ्ट की जाएं।



धरने पर बैठे मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों से बात करते प्रशासनिक अधिकारी।

धरने पर बैठे मेडिकल के विद्यार्थियों को प्रशासनिक अधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि उन्हें किसी भी तरह से भयभीत नहीं होना चाहिए। एडीसी अंकुरजीत सिंह ने कहा कि द वाइट मेडिकल कॉलेज प्रबंधक कमेटी के खिलाफ आज विद्यार्थियों की ओर से धरना दिया गया है तथा अंसतोष जाहिर किया गया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का आरोप है कि उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया है, जिसके बाद प्रशासन की ओर से उन्हें विश्वास दिलाया गया है कि वे कताई भी डरें नहीं। प्रशासन उनके साथ है तथा पुलिस हर तरह की उन्हें सुरक्षा मुहैया करवाएंगी। उन्होंने कहा कि जिलाधीश आदित्य उप्पल की ओर से इस सारे मामले की जांच के लिए तीन मैंबरी कमेटी का गठन किया गया है जिसमें एसडीएम, सिविल सर्जन तथा डीएसपी रैंक के अधिकारियों को शामिल किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# 13 .85 करोड़ के ठगी मामले में मुंबई निवासी गिरफ्तार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

नगरोटा बगवां पुलिस ने एक व्यक्ति से करोड़ों रुपएकी ठगी करने के आरोप में 38 साल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। नगरोटा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने नगरोटा बगवां के एक स्थानीय ट्रांसपोर्टर से 13.85 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की थी। आरोपी ने ट्रांसपोर्टर को एक फल ट्रेडिंग कंपनी बनाने का लालच दिया था जिसमें ट्रांसपोर्टर को 60 प्रतिशत हिस्सेदारी की पेशकश की गई थी। ट्रांसपोर्टर ने विभिन्न बैंकों से ऋण लेकर दस से 11 महीनों में लगभग 13.85 करोड़ रुपये का निवेश किया।

जब अगले 7 वर्षों तक कोई रिटर्न दिखाई नहीं दिया, तो ट्रांसपोर्टर को इस तथ्य का पता चला कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है और उसने नगरोटा पुलिस स्टेशन में उस व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद एक टीम गठित की गई और उस व्यक्ति को चंडीगढ़ के एक प्रसिद्ध अस्पताल से पकड़ लिया गया। आरोपी की पहचान मुंबई के बांद्रा के सर्वदमन सिंह सिसौदिया के रूप में हुई। आरोपी को धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े में लिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 420,417 और 120 बी के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी को वीरवार को न्यायाधीश के सामने पेश किया गया, जहां से आरोपी को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी वीर बहादुर के मामले की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)



# पुणे से गिरफ्तार ठगी के आरोपियों को धर्मशाला ला रही पुलिस टीम

## शातिरों ने अमृतसर और जीरकपुर में भी ठगे हैं कई लोग

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

धर्मशाला के मैक्लोडगंज में एक करोड़ रुपए की ठगी के मामले में शातिर बाप-बेटे को आखिरकार पुलिस ने पुणे में देर रात ढूंढ निकाला। जानकारी के अनुसार पुलिस आरोपियों का पीछा करते हुए अमृतसर पहुंची थी तथा इसके बाद मुंबई तथा गोवा के बाद पुणे पहुंची, जहां देर रात दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया तथा बुधवार को दोनों को पुणे के कोर्ट में पेश किया गया। अब पुलिस टीम दोनों आरोपियों को लेकर धर्मशाला के लिए रवाना वाला हो चुकी है।

बताते चलें कि दुबई भेजने तथा दुबई में फ्लैट खरीदने का झांसा देकर आरोपियों ने करीब आधा दर्जन लोगों के साथ मैक्लोडगंज में करीब एक करोड़ रुपए की ठगी की थी। आरोपी 31 वर्षीय शिवांकुर पिछले 6 माह से मोहली में किराए के मकान में अपने परिवार के साथ रह रहा था। इसके बाद अचानक

अनंत ज्ञान फॉलोअप

उसके गायब हो जाने पर खुद को ठगे जाने का आभास होने पर पीड़ितों ने इसकी शिकायत पुलिस थाना मैक्लोडगंज में की थी। इसके बाद में मैक्लोडगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की।

खास बात यह कि आरोपी ने ठगी को अंजाम देने के बाद अपने मोबाइल फोन के अलावा अपने सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म के अकाउंट्स को भी बंद कर दिया था, जिसके कारण पुलिस का उस तक पहुंच पाना काफी मुश्किल हो गया। बावजूद इसके पुलिस ने चौकसी दिखाते हुए उक्त आरोपी तथा उसके पिता को ढूंढ निकाला है। इससे पूर्व आरोपी परिवार के साथ अमृतसर में किराए के मकान में रहता था।

करीब 6 माह पहले ही वहां का मकान छोड़ दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी ने अमृतसर तथा जीरकपुर के भी कई लोगों को अपनी ठगी का शिकार बनाया था। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी अब तक कितने लोगों से कितने कितनी रकम की ठगी कर चुका है।

उधर, मामले की पुष्टि करते हुए धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि आरोपियों को धर्मशाला लाया जा रहा है तथा पूछताछ के बाद मामले का पूरा खुलासा हो पाएगा। (अनंत ज्ञान)

# देहरा उपचुनाव में हुआ आचार संहिता का उल्लंघन : संजय शर्मा

**अनंत ज्ञान, देहरा**



देहरा विधानसभा क्षेत्र से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ने वाले एडवोकेट संजय शर्मा ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करवाई है कि इस चुनाव में दोनों ही राष्ट्रीय स्तर की पार्टियों कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवारों ने आचार संहिता का जमकर उल्लंघन किया है। उन्होंने एसडीएम देहरा के माध्यम से राज्य निर्वाचन आयोग और ईओ तथा आरओ कांगड़ा के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करवाई है। उन्होंने शिकायत में कहा कि इस चुनाव के दौरान दोनों प्रतिस्पर्धी उम्मीदवारों के 100 से ज्यादा वाहन विधानसभा क्षेत्र में घूमते रहे, जिससे सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग हुआ है। यही नहीं, उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि इन दोनों पार्टियों की ओर से चुनाव जितने के लिए धनबल का भारी इस्तेमाल किया गया। दोनों पार्टियों ने करीब दो-तीन करोड़ रुपए की शराब इस चुनाव में बांटी। उन्होंने चुनाव आयोग से दोनों पार्टियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### द हंस फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर में गुप्त नवरात्र के चलते द हंस फाउंडेशन ज्वालामुखी शाखा ने विशेष निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को 67 लोगों ने अपनी जांच करवाई, जिनमें 22 लोग बीपी, 11 लोग शुगर के और छह लोगों में खून की कमी पाई गई।

**फैसला** हिमाचल प्रदेश में करीब 80 स्कूल ऐसे भी हैं, जहां एक भी छात्र ने नहीं लिया दाखिला

# पांच विद्यार्थियों की संख्या वाले करीब 700 स्कूल होंगे मर्ज

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में पांच विद्यार्थियों की संख्या वाले करीब 700 स्कूल मर्ज करने की तैयारी शुरू हो गई है। मर्ज होने वाले स्कूलों के साथ लगते स्कूलों से दूरी की मैपिंग करने में शिक्षा विभाग जुट गया है।

> **वर्ष 2023 में 2022 के मुकाबले विद्यार्थियों की संख्या करीब 50 हजार कम हुई**

इसी माह इस बाबत प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा गया है। बीते दिनों शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विभागीय समीक्षा बैठक में स्कूल मर्ज करने के निर्देश दिए थे। ऐसे स्कूलों को पहले चरण में मर्ज किया जाएगा, जहां आसपास में भी स्कूल स्थित होंगे। इन स्कूलों के विद्यार्थियों और शिक्षकों को साथ लगते स्कूलों में शिफ्ट किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि ऐसे स्कूलों को पहले चरण में मर्ज किया जाएगा, जहां विद्यार्थियों की संख्या पांच से कम है। ऐसे स्कूल करीब 700 हैं।

इनमें करीब 80 स्कूल ऐसे भी हैं, जहां एक भी छात्र ने दाखिला नहीं लिया है। दूसरे चरण में दस विद्यार्थियों की संख्या वाले स्कूलों को चिह्नित किया जाएगा। वर्ष 2023 में 2022 के मुकाबले विद्यार्थियों की संख्या करीब 50 हजार कम भी हुई है। 'यू डाइस' की वर्ष 2023 की रिपोर्ट में इसका उल्लेख हुआ है। (अनंत ज्ञान)



> शिक्षा की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा। पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति करने के लिए स्कूलों को मर्ज करने का फैसला लिया गया है। विभागीय अधिकारियों से इसी माह में इस संदर्भ में रिपोर्ट देने को कहा गया है। मर्ज होने वाले स्कूलों से विद्यार्थियों को नजदीक के स्कूलों में दाखिले दिए जाएंगे।
>
> **- रोहित ठाकुर, शिक्षा मंत्री**

### कोरोना संकट के बाद देखी गई गिरावट

**कोरोना** संकट के बाद सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या में यह बहुत बड़ी गिरावट देखी गई है। इसके चलते ही प्रदेश सरकार ने अब ऐसे स्कूलों को मर्ज करने का फैसला लिया है जहां विद्यार्थियों की संख्या नाममात्र है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि ऐसे स्कूलों में नियुक्त शिक्षकों को ऐसे अन्य स्कूलों में भेजा जाएगा, जहां बच्चों की संख्या अधिक है और शिक्षक कम हैं। मर्ज किए जाने वाले स्कूलों के बच्चों को भी साथ लगते स्कूलों में दाखिले दिलाए जाएंगे।

### एसडीएम ने शांतिपूर्ण ढंग से करवाए चुनाव

**सालबिया शर्मा, गरली।** हिमाचल की तीन विधानसभा सीटों हेतु उपचुनाव की घोषणा के बाद किसी ने भी नहीं सोच था कि सबसे हॉटसीट देहरा का चुनाव इतने शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होगा। यहां से कांग्रेस की तरफ से जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी मैदान में थी वहीं केंद्र सरकार से विशेष सिक्योरिटी प्राप्त तेजतर्रार नेता होशियार सिंह इस बार भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रहे थे। उपचुनाव की घोषणा के बाद ही क्षेत्र के लोगों के बीच चर्चा शुरू हो गई थी कि देहरा का इस बार का चुनाव विगत सभी चुनावों से हट कर है और चुनाव निर्वाचन आयोग के लिए भी किसी चैलेंज से कम नहीं हैं। एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा के साहस एवं अथक प्रयासों से यह चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। यहां कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### जंगलबेरी अस्पताल में लगाए पीपल और आंवले के पौधे

**अतुल, सुजानपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जंगलबेरी के इंचार्ज डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने अस्पताल के परिसर में पीपल और आंवले का पौधे लगाए। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और पर्यावरण को बचाएं, क्योंकि पर्यावरण का संरक्षण मानव जीवन के लिए पौधारोपण अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर डॉक्टर डोगरा के साथ डॉक्टर पल्लवी, राजेंद्र शर्मा, अनु देवी, पीयूष शर्मा, रुचि शर्मा, अनीश राणा, सौरभ राणा, उर्वशी, सरोज, आशा देवी, और अन्य स्थानीय लोग उपस्थित थे। डॉ. डोगरा ने हाल ही में सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की कई पंचायतों और कांगड़ा जिले में भी पौधारोपण किया है। उन्होंने बताया कि यह मुहिम पूरे हमीरपुर में जल्द शुरू की जाएगी। डॉ. डोगरा ने बताया कि पेड़-पौधे न केवल हमारी धरती को हरा-भरा बनाते हैं बल्कि वायु गुणवत्ता में सुधार करते हैं, जलवायु को संतुलित रखते हैं और जीव-जंतुओं के लिए आवास प्रदान करते हैं। (अनंत ज्ञान)



### शिव पुराण कथा 15 से नौण दा पट्टा में

**अनंत ज्ञान, रंगस।** जोलसप्पड़ पंचायत के नौण दा पट्टा में शिव पुराण कथा 15 जुलाई से शुरू होगी। आयोजक प्रकाश चंद शर्मा ने बताया कि 25 जुलाई तक चलने वाली इस कथा में पंडित विपिन शर्मा लोगों को प्रवचन करेंगे। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई को कथा विश्राम के बाद भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का लोगों से आह्वान किया है।

### जोलसप्पड़ के अनुराग का जवाहर नवोदय में चयन

**राज कुमार, रंगस।** जोलसप्पड़ के अनुराग का चयन जवाहर नवोदय स्कूल डुंगरी में हुआ है, अब वह छठी कक्षा की पढ़ाई वहीं से करेगा। उसकी बड़ी बहन भी वाहर नवोदय डुगरी में पढ़ती है। उसके पिता कुलदीप ने बताया कि उनकी बड़ी बेटी सिया और बेटे अनुराग को इस उपलब्धि तक पहुंचाने में उनके जीजा यशपाल का काफी सहयोग रहा है। यह दोनों बच्चे उनके मार्ग दर्शन में ही जवाहर नवोदय स्कूल डुंगरी में पहुंचे हैं। अनुराग होनहार होने के साथ-साथ बहुत ही आज्ञाकारी और मेहनती है। अनुराग ने इसका श्रेय अपने परिजनों और टीचर ममता को दिया है। (अनंत ज्ञान)



### सनातन सेवा समिति ने शादी के लिए दी आर्थिक सहायता

**एसके ठाकुर, बिझड़ी।** सनातन सेवा समिति बड़सर द्वारा दीपू कुमारी पुत्र अशोक कुमार गांव करेर की शादी जो कि 11 जुलाई को संपन्न हुई, उसके लिए समिति द्वारा 6100 रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई गई। अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष अमृतलाल शर्मा, विशाल गौतम आदि सदस्यों ने निर्धन परिवार की बेटी की शादी के लिए सहयोग किया। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने दी। (अनंत ज्ञान)

### कला स्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन 15 तक

**अशोक कुमार, गलोड़।** राजकीय महाविद्यालय गलोड़ में कला स्नातक की कक्षाओं के लिए (शैक्षणिक सत्र 2024 -25) प्रवेश प्रक्रिया 3 जून से शुरू हो चुकी है तथा आवेदन फार्म जमा करवाने की अंतिम तारीख 15 जुलाई निश्चित है। प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने के लिए गलोड़ आसपास लगते क्षेत्र जहां के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर ली है तथा वे आगामी उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश लेना चाहते हैं तो वे राजकीय महाविद्यालय गलोड़ जिला हमीरपुर में महाविद्यालय कार्यालय (जो कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलोड़ में स्थित है) से विवरणिका (प्रोस्पेक्ट) प्राप्त करें और उसको भरकर आवश्यक शैक्षणिक तथा अन्य दस्तावेजों को लगाकर 15 जुलाई तक जमा करवा दें। जिससे उनकी प्रवेश प्रक्रिया को सुनिश्चित बनाया जा सके। (अनंत ज्ञान)

### बल्ह सरयाला में जली गोशाला, हजारों का नुकसान

**एसके ठाकुर, बिझड़ी।** उपमंडल बड़सर के गांव बल्ह सरयाला में मदन लाल की गोशाला में आग लगने से हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। हालांकि, फायर ब्रिगेड बिझड़ी ने तत्पर कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया है। आग लगने के कारणों का पता नहीं लगा हैं। बताते चलें कि जिस वक्त मदन लाल के गोशाला मे आग लगी स्थानीय लोगों ने आग बुझाने के प्रयास किया परंतु आग पर काबू नहीं पाया गया। इसकी सूचना फाइर ब्रिगेड बिझड़ी को दी गई फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्पर करवाई करते हुए आग पर काबू पाया। साथ लगते मंसाराम रोशनलाल तथा जीवनराम के रियासी मकान को आग की लपेट में आने से बचाया। इस आगजनी में मदनलाल की गौशाला के अंदर रखें घास तूडी तथा इमारती लकड़ी जल कर राख हो गई है। (अनंत ज्ञान)

### पेयजल को तरसे बड़ा गांव के बाशिंदें

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन की पंचायत बड़ा के गांव जोल सरूंह के निवासी पिछले 20 दिनों से भारी पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं, जिन प्राकृतिक जल स्रोतों से वे पेयजल समस्या का निवारण कर रहे थे, वे भी गर्मी के चलते सूख चुके हैं। लोगों का कहना हैं कि अपनी समस्या के बारे में उन्होंने सबंधित विभाग के स्थानीय कर्मचारियों को भी बताया, लेकिन उसके बाबजूद फिर भी आज दिन तक उनकी पेयजल समस्या का समाधान नहीं हो पाया हैं जिससे गांववासियों में जल शक्ति विभाग के प्रति काफी रोष व्याप्त हैं। गांव वासियों ने मुख्यमंत्री सुक्खू से अतिशीघ्र जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को उनकी इस समस्या के समाधान के लिए आदेश देने की मांग की है। उपप्रधान अशोक कुमार (रिंटू) लोगों अपने लेवल पर ट्रैक्टर द्वारा पानी के टैंकर मंगवाकर पानी मुहैया करवा रहे हैं। इस बारे में नादौन (गागाल) स्थित जल शक्ति विभाग के एसडीओ अमित चौधरी का कहना है कि बटाहली पेयजल परियोजना में स्थापित मोटर के खराब होने से यह समस्या पैदा हुई थी अब मोटर ठीक हो चुकी हैं अतिशीघ्र इन गांवों की पेयजल आपूर्ति बहाल हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### एनएच निर्माण कंपनी के खिलाफ ग्रामीण हुए उग्र

**अनंत ज्ञान, टौणीदेवी।** बीते दिन दरकोटी फल विधायन केंद्र के पास काम करते हुए एनएच निर्माण कंपनी की जेसीबी द्वारा मुख्य पेयजल पाइपलाइन को तोड़ दिया गया था, जिससे वहां पर काफी पानी भर गया था व एक तालाब से स्वरूप बन गया था। कंपनी ने एकदम हरकत में आकर सबसे पहले तो पानी निकासी का प्रबंध किया और आज सुबह 11 से पहले इस पाइप लाइन को जोड़कर लोगों को राहत प्रदान की । बताते चलें कि इससे पहले ग्रामीण पानी की समस्या को लेकर उग्र हो गए थे व चक्का जाम क्या किया था ।

### महिला पर रेवेन्यू विभाग को गुमराह करने के लगाए आरोप

**एसके ठाकुर बिझड़ी।** ढटवाल क्षेत्र के बुढाण गांव से वन विभाग से सेवानिवृत्ति भानुदत्त शर्मा ने अपने ही गांव की एक महिला कमला देवी पर रेवेन्यू विभाग को गुमराह करने के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है की विभागीय कार्रवाई को जो महिला एक तरफा बता रही है वह विभाग द्वारा सही कार्रवाई की गई है। शर्मा ने कुछ दस्तावेज पेश किए हैं, उनका कहना है की कमला देवी झूठ बोल रही है। जिस मकान पर उक्त महिला अपना हक होने का दावा कर रहा है उसके पति श्री कुमार ने अपना आबादी का हिस्सा 45000 रुपए में बेच दिया था, जिसका पूरा ब्यौरा माननीय न्यायालय सब जज बड़सर में पेश है, जिसका निर्णय 30 सितबर 2016 को हो चुका है। शर्मा का कहना है कि कमलदेवी लाल लकीर में अपना हिस्सा बता रही है वह सरासर झूठ है। उनका कहना है उक्त महिला एवं उसके बेटे द्वारा ग्राम पंचायत सकरोह तथा रेवेन्यू विभाग बिझड़ी की कई बार 1100 नंबर पर झूठी शिकायतें की हैं। स्थानीय पंचायत द्वारा जांच करने पर शिकायतों को निराधार कर दिया है। वन विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी भानु दत्त शर्मा रेवेन्यू विभाग तथा प्रदेश सरकार से इस सारे मामले छानबीन करवानी चाहिए, ताकि सच्चाई सबके सामने आ सके। प्रधान सरला देवी ने कहा कि उक्त परिवार 1100 नंबर पर झूठी शिकायत करता है। आगे से अगर कोई शिकायत झूठी पाई गई मजबूरन कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)



हमीरपुर शहर में पहुंचा छुहारे का कच्चा गुच्छा जो कि 120 रुपए किलो के हिसाब से बिक रहा है।

# गाड़ी हटाने को लेकर युवक से मारपीट

## एसपी के पास पहुंचा मामला, परिजनों का आरोप- तीन लोगों ने उनके बेटे को बुरी तरह से पीटा

**अशोक कुमार, गलोड़**

गलोड़ क्षेत्र के सरेड़ी सिद्ध में 3 दिन पहले तीन लोगों द्वारा अमरोह गांव के एक युवा संजय कुमार के साथ हुई मारपीट का मामला अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय हमीरपुर पहुंच गया है।

वीरवार को संजय कुमार के परिजन इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर के साथ मिले और इस सारे मामले से पुलिस अधीक्षक को अवगत करवाया। परिजनों का आरोप है कि नवीन कुमार पुत्र कमलजीत व उनके पिता कमलजीत गांव ढगोह व उनके जेसीबी के ड्राइवर रवि कुमार ने संजय को बुरी तरह से सरेड़ी सिद्ध की मार्केट में पीटा, यदि लोग बीच बचाव न करते तो उसे ये जान से भी मार सकते थे। संजीव कुमार ने एक गाड़ी जो रोड पर खड़ी थी, उसे हटाने के लिए कहा इस छोटी-सी बात पर यह लड़ाई-झगड़ा हो गया। संजय पर भी आरोप है कि उसने शराब पी हुई थी और उन्हें गालियां देने लगा। मगर इस मारपीट में संजय बुरी तरह घायल हो गया, उसे अंदरुनी चोटें लगी हैं। संजय ने दूसरे दिन सुबह इन तीन लोगों के खिलाफ पुलिस चौकी गलोड़ में एफआरआई दर्ज करवा दी थी। पुलिस ने संजय कुमार का मेडिकल करवाया है।

संजय के परिजनों का आरोप है की सरेड़ी सिद्ध में आए दिन शराब के नशे में धुत होकर कुछ नशेड़ी झगड़ा करते हैं। एक सप्ताह पहले भी कश्मीर के एक पूर्व सैनिक को इन युवाओं ने घेर लिया था और उससे बदतमीजी की थी।

थाना प्रभारी बड़सर प्रवीण राणा ने बताया कि वीरवार को मारपीट के मामले में जांच के लिए आए थे पीड़ित का मेडिकल करवाया गया है पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और पुलिस जांच में जुटी हुई है और कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। प्रवीण राणा ने बताया कि उन्होंने पुलिस चौकी गलोड़ के नवनियुक्त प्रभारी को सख्त आदेश दिए हैं कि सरेड़ी सिद्ध में हर रोज गश्त की जाए और इस तरह नशे में धुत होकर हुड़दंग मचाने वालों पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। कानून की अवहेलना करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)



पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर के बातचीत करते परिजन।

# जिला सुशासन सूचकांक का डाटा अपडेट करें सभी विभाग : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**


उपायुक्त अमरजीत सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सुशासन और विकास से संबंधित सभी मानकों में हमीरपुर को अग्रणी जिला बनाने के लिए तत्परता के साथ कार्य करें। वीरवार शाम को यहां हमीर भवन में जिला सुशासन सूचकांक यानि डिस्ट्रिक्ट गुड गवर्नेंस इंडेक्स (डीजीजीआई) से संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने ये निर्देश दिए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 से संबंधित डीजीजीआई के आंकड़ों पर व्यापक चर्चा की गई।

उन्होंने बताया कि सुशासन और विकास के विभिन्न मानकों में जिला हमीरपुर का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा है तथा जिला को राज्य स्तरीय पुरस्कार भी मिल चुके हैं। उपायुक्त ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी इस पुरस्कार के लिए डाटा अपलोडिंग होनी है। इसलिए, सभी संबंधित विभाग 15 जुलाई तक अपने आंकड़ों को दुरुस्त करके इन्हें जिला सांख्यिकी कार्यालय के माध्यम से अपडेट करवा लें। इस अवसर पर एसपी भगत सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनोद गर्ग, उद्यान विभाग के उपनिदेशक राजेश्वर परमार, स्वास्थ्य विभाग के डॉ. अजय अत्री व अन्य विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित डाटा प्रस्तुत किया। (अनंत ज्ञान)



बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अमरजीत सिंह।

# भक्तों के लिए खुले अवाहदेवी में बने बाबा बालक नाथ मंदिर के द्वार





बाबा बालक नाथ जी का भव्य मंदिर तथा (दाएं) दियोटसिद्ध मंदिर के महंत राजेंद्र गिरि को सम्मानित करती मंदिर कमेटी।

**अनंत ज्ञान, अवाहदेवी**

बाबा बालक नाथ दियोटसिद्ध मंदिर के महंत राजेंद्र गिरि ने अवाहदेवी में बने बाबा बालक नाथ मंदिर के द्वार भक्तों के लिए खोल दिए हैं।

इसके बाद उन्होंने कुलदेवी अवाहदेवी के चरणों में हाजिरी लगाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मंदिर धार्मिक आस्था और श्रद्धा के प्रतीत तो हैं ही, परंतु मंदिरों में भजन-कीर्तन तथा आपसी मेलजोल से मनुष्य की कई प्रकार की बीमारियों का भी निवारण होता है।

उन्होंने उपस्थित जनसमूह, मंदिर कमेटी तथा भक्तों को मंदिर निर्माण और बाबा बालक नाथ की मूर्ति स्थापना की बधाई दी।

प्राचार्य हरिदत्त शर्मा जो भारत सरकार से 'शास्त्री चूड़ामणि' उपाधि से अलंकृत हैं, इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मंदिर कमेटी अवाहदेवी के अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि इस मंदिर के निर्माण पर लगभग एक करोड़ रुपए की लागत आई है। यह मंदिर निचले हिमाचल में अपनी तरह का हिमाचली शैली में बना इकलौता विशाल और भव्य मंदिर है, जो बाबा बालक नाथ जी को समर्पित है।

# उपचुनाव के बाद जीत-हार की चर्चाओं में व्यस्त लोग

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

- मतदाताओं के फर्ज निभाने के बाद चुनाव परिणाम के लिए चंद घंटे बाकी
- पूरे एपिसोड को लेकर लगाए जा रहे आकलन, विधानसभा उपचुनाव में लगभग 3 प्रतिशत कम हुआ मतदान
- हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव में 24,819 मतदाताओं ने नहीं डाले वोट

विधानसभा उपचुनाव के मतदान बुधवार को संपन्न हो चुके हैं। मतदाताओं ने अपनी प्रतिक्रिया वोट के माध्यम से दे दी है कि हमीरपुर विधानसभा का अगला विधायक कौन होगा। हालांकि, राजनीतिक गलियारों में भी इन दो दिनों में मतदान को लेकर गुणा-जोड़ की जा रही है।

चुनाव परिणाम के लिए ज्यादा समय नहीं है, चंद घंटे ही शेष हैं। शनिवार के दिन दोपहर तक सारी तस्वीर साफ हो जाएगी। जिससे पता चल पाएगा कि मतदाताओं पर इस राजनीति का कितना असर पड़ा है और जो उम्मीदवारों ने जनता से वादे किए हैं उन्हें कौन पूरा कर सकता है। विधानसभा के आम चुनावों के 15 महीने बाद हुए उपचुनाव हर किसी के लिए पहेली से कम नहीं हैं। राज्यसभा सदस्य के चुनाव में यह एपिसोड शुरू हुआ। उसके बाद चर्चाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। कांग्रेस 6 विधायकों और 3 निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे ने प्रदेश में फिर से उपचुनाव करवाने की नौबत आ गई।

इन सभी 9 विधायकों के इस्तीफे के बाद उपचुनाव घोषित हुए, जिनमें से 6 विधानसभा सीटों पर 4 पर कांग्रेस और 2 पर भाजपा के विधायक चुनकर आए। वहीं, 3 विधानसभा सीटों पर बुधवार को मतदान हुआ। मतदान के बाद विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के शहरी और ग्रामीण इलाकों में कई प्रकार की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

कई लोग यह कहते हुए सुने गए कि निर्दलीय विधायक को इस्तीफा नहीं देना चाहिए था। हालांकि, जो कुछ भी हुआ इससे राजनीति हलके में हलचल मचा दी, जो उपचुनाव परिणाम के बाद ही समाप्त होगी। विधानसभा उपचुनाव के उम्मीदवार अपनी थकान मिटाने के साथ-साथ दिनभर अपने समर्थकों से फीडबैक लेते रहे। हालांकि, लोकसभा आम चुनाव में हुए मतदान में हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र का मत प्रतिशत 70.54 प्रतिशत रहा, जबकि विधानसभा उपचुनाव में मत प्रतिशत 67.72 रहा है जो लोकसभा आम चुनावों से लगभग 3 प्रतिशत कम हुआ है। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 76,892 है इनमें महिलाओं की संख्या 38,793 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 38,098 है। उपचुनाव में 24,927 महिलाओं ने, जबकि 27,145 पुरुषों ने मतदान किया है, यानि 24819 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग नहीं किया। (अनंत ज्ञान)

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने लगाया स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा लगाए गए शिविर में रक्तदान करते युवा।

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर जिला हमीरपुर के गांधी चौक पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हमीरपुर ने अपने 76वें स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। गांधी चौक पर आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ समाजसेवी संतोष शर्मा ने दीप प्रज्जलित करके किया।

इस अवसर पर सुबह से ही युवाओं ने शिविर में 32 यूनिट रक्तदान किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के उपाध्यक्ष अनिकेत ठाकुर, जगवीर चंदेल, अखिल कुमार, अश्विनी कुमार भी मौजूद रहे।

अनिकेत ने बताया कि हर साल ही विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है और इस बार भी गांधी चौक पर रक्तदान शिविर लगाया है, जिसमें काफी संख्या में युवाओं के द्वारा अपनी भागेदारी सुनिश्चित की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# मैकेनिकल इंजीनियरिंग के डिप्लोमा प्रशिक्षुओं की बंपर प्लेसमेंट

**शशि सोनल, नादौन।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों से पास आउट हो रहे मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों का चयन नामी कंपनियों में उत्कृष्ट पैकेज पर हुआ है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग का कोर्स प्रदेश के पॉलिटेक्निक संस्थानों हमीरपुर, कांगड़ा, सुंदरनगर, बिलासपुर, प्रगतिनगर शिमला, पौंटासाहिब, किन्नौर में चल रहा है। इन संस्थानों के 203 प्रशिक्षुओं को देश की नामी 16 कंपनियों में जॉब ऑफर्स मिले हैं। प्लेसमेंट की पुष्टि करते हुए गर्वनमेंट पॉलिटेक्निक संस्थान के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी अरविंद कटोच ने बताया जिन छात्रों को जॉब ऑफर मिले हैं, उन्हें 1.5 लाख से 4.5 लाख प्रति वर्ष के बीच जॉब ऑफर हैं। कटोच ने बताया कि मैकेनिकल इंजीनियरिंग के डिप्लोमा प्रशिक्षुओं की प्लेसमेंट के लिए अधिकतर ज्वाइंट कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाता है, जिसके तहत प्रदेश के सभी पॉलिटेक्निक संस्थानों में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के कोर्स चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस साल ज्यादा एवरेज पैकेज पर छात्रों का चयन हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### छात्र डिप्लोमा करने के लिए 14 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

**अरविंद** कटोच ने बताया कि छात्र हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से प्रदेश के सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों से इंजीनियरिंगमें डिप्लोमा करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।लीट के लिए पोर्टल 14 जुलाई तक खुला है,वहीं पैटके लिए 16 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है।

# जैन मुनि रविवार को नादौन जैन स्थानक में करेंगे चातुर्मास प्रवेश



नादौन के गांव जीहन में जैन मुनि जैन समाज एवं स्थानीय लोगों को मंगल पाठ सुनाते हुए।

**ए कुमार, सुजानपुर**

जैन स्थानक सुजानपुर में बीते एक सप्ताह तक धर्म उपदेश देने के बाद जैन संत अब नादौन जिला हमीरपुर के लिए विहार कर गए हैं। गुरुवार को जैन संत सुजानपुर के गांव खिड़की से पैदल विहार करते हुए नादौन क्षेत्र के गांव बड़ा में पहुंचे। जैन संत अब शुक्रवार को गांव बड़ा से पैदल नादौन पहुंच जाएंगे। नादौन पहुंचने के बाद उनका शुक्रवार को रात्रि प्रवास जैन संघ के कोषाध्यक्ष रोहित जैन के घर पर होगा।

वहीं उसके अगले दिन शनिवार को वह कोषाध्यक्ष रोहित जैन के घर से संघ के महामंत्री मनोज जैन के घर पर पहुंचेंगे। शनिवार को उनका रात्रि ठहराव वहां पर होगा। इसके बाद जैन संत अगले दिन रविवार को प्रातः 9 बजे वहां से विहार करते हुए जैन स्थानक नादौन में चातुर्मास हेतु मंगल प्रवेश करेंगे। उनके जैन स्थानक में चातुर्मास प्रवेश के लिए जैन समाज नादौन द्वारा विशेष कार्यक्रम रखे गए हैं।

इससे पहले वीरवार को जैन समाज सुजानपुर के महामंत्री अरुण जैन और अंकुर जैन के साथ नादौन जैन संघ से रोहित जैन और पिंटू जैन ने गांव खिड़की से महाराज का विहार करवाते हुए उन्हें गांव बड़ा पहुंचा दिया है। सेवा श्रमण श्री रचित मुनि जी, विद्याभिलाषी मधुर कंठी श्री तेजस मुनि जी, नवदीक्षित श्री ओजस मुनि जी, महाराज आदि ठाणा-3 का वीरवार को कुल विहार 11 किमी का रहा।

इन सभी जैन संतों का आगामी 2024 का चातुर्मास नादौन जिला हमीरपुर हिमाचल में होना निश्चित हुआ है जिसके चलते चातुर्मास मंगलमय प्रवेश 14 जुलाई 2024 दिन रविवार को रखा गया है। (अनंत ज्ञान)

# टीचर स्टूडेंट्स में भाषा कौशल नवाचार में रोचकता लाने का होगा प्रयास



डीएवी आलमपुर में तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला में उपस्थित टीचर्स।

**ए कुमार, सुजानपुर**

डीएवी स्कूल आलमपुर में क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र द्वारा अध्यापकों की तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला डीएवी स्कूल आलमपुर में शुरू हुई। 3 दिनों तक चलने वाली यह कार्यशाला 11 से शुरू होकर 13 जुलाई तक चलेगी। हिमाचल प्रदेश जोन-बी के अंतर्गत डीएवी के आठ विद्यालयों के टीचर इस कार्यशाला में भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर डीएवी आलमपुर, नगरोटा सूरियां, मनई, गोहजू, बनखंडी, पट्टाजाट्टियां, तियारा, डीएवी रैहन सहित एलकेजी से कक्षा 12वीं तक के समस्त शिक्षक बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके तथा डीएवी गान के साथ हुई। इस कार्यशाला में सभी शिक्षकों ने भाषाई कौशलों हेतु नवाचार गतिविधियां, पठन व लेखन आदि गतिविधियों के बारे में सामूहिक चर्चा की व अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। कार्यशाला छह सत्रों में विभिन्न समयसारिणी के अनुसार विभाजित थी। इस कार्यशाला को आयोजित करने का मुख्य प्रयोजन भाषाई कौशलों हेतु नवाचार गतिविधियों को विद्यार्थियों में समाहित करना तथा विषय के प्रति रोचकता बढ़ाना है। क्षेत्रीय निदेशक व जोन-बी के क्लस्टर हैड स्कूल के प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त ज्ञानवर्धन हेतु समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया। (अनंत ज्ञान)

**घोषणा** तकनीकी विवि ने जारी किया ऑनलाइन काउंसिलिंग का शेड्यूल

# बी-फार्मेसी की ऑनलाइन काउंसिलिंग 15 से

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने आगामी शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी किया है। तकनीकी विश्वविद्यालय ने सबसे पहले बी फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री) की काउंसिलिंग का करने का निर्णय लिया है। बी फार्मेसी की पहले चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग 15 जुलाई से शुरू होगी।

तकनीकी विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने कहा कि इस बार बी फार्मेसी की काउंसिलिंग ऑनलाइन माध्यम से हो रही है। बी-फार्मेसी की काउंसिलिंग तकनीकी विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर होगी। जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन काउंसिलिंग के लिए आवेदन किया है, उनकी मेरिट के आधार पर पहले चरण में 15 जुलाई को सीटें आवंटित की जाएगी। पहले चरण में आवंटित सीट के आधार पर अभ्यर्थियों को संबंधित शिक्षण संस्थान में 18 जुलाई तक रिपोर्ट करनी होगी। इससे पूर्व अभ्यर्थियों को सीट की स्वीकृति के लिए ऑनलाइन माध्यम से ही तीन हजार रुपए शुल्क जमा करना होगा। दूसरे चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग में 20 जुलाई को सीटें आवंटित की जाएगी, जबकि संबंधित शिक्षण संस्थान में 23 जुलाई तक रिपोर्ट करने का समय रहेगा। तीसरे चरण की काउंसिलिंग की सीटें 25 जुलाई को आवंटित की जाएगी। तीसरे चरण में आवंटित सीट वाले अभ्यर्थियों को 27 जुलाई सायं पांच बजे तक संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करना होगा। (अनंत



तकनीकी विश्वविद्यालय में 15 से शुरू होगी बी फार्मेसी की ऑनलाइन काउंसिलिंग।

### अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की हुई जांच

**हमीरपुर।** बीटेक, बी-फार्मेसी सहित सभी स्नातक (यूजी) स्तर में भूतपूर्व सैनिक, रक्षा व स्वतंत्रता सेनानी और उसके आश्रित कोटे, खेल और पिछड़ा क्षेत्र कोटे के तहत प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच की गई। प्रो. जयदेव ने कहा कि जिन अभ्यर्थियों ने बीटेक, बी-फार्मेसी सहित अन्य यूजी विषयों में प्रवेश के लिए उपरोक्त कोटे के तहत काउंसिलिंग फॉर्म भरा है, उन अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच की गई है, जो अभ्यर्थी उपरोक्त कोटे के दस्तावेजों की जांच में नहीं आएगा, उसे उपरोक्त कोटे के तहत काउंसिलिंग प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### अधीनस्थ विधायन समिति का अध्ययन प्रवास रद्द

**एमएम डैनियल, चंबा।** हिमाचल प्रदेश विधान सभा की अधीनस्थ विधायन समिति का जिला चंबा में 23 जुलाई से अध्ययन प्रवास कार्यक्रम रद्द हो गया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि अधीनस्थ विधानसभा समिति के कार्यक्रम के रद्द होने वारे हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय के सचिव यशपाल शर्मा द्वारा सूचित किया गया है। जिला चंबा में अध्ययन प्रवास कार्यक्रम की आगामी तिथि कार्यक्रम तय होते ही पुनः घोषित की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### 24 प्रशिक्षणार्थी कंपनी में नौकरी के लिए चयनित



**उमेश, सुंदरनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पीडब्ल्यूडी सुंदरनगर के प्रधानाचार्य आदित्य रैना ने बताया कि संस्थान में नाहर स्पिनिंग मिल्स लिमिटेड, स्थित लालडू, पंजाब द्वारा केंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया जिसमें वेल्डर, मोटर मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक ट्रेड के उम्मीदवारों ने भाग लिया। लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के उपरांत 24 उम्मीदवारों का चयन किया गया। इस दौरान कंपनी के एचआर मैनेजर विवेक कुमार सिंह द्वारा चयनित उम्मीदवारों को सिलेक्शन लेटर भी वितरित किए गए। (अनंत ज्ञान)

### छात्रों ने अंगदान को लेकर हासिल की जानकारी



**रविंद्र जस्टा, शिमला।** शिमला के आईटीआई कॉलेज चौड़ा मैदान में वीरवार को स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन हिमाचल प्रदेश की ओर से अंगदान जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान देश भर में चल रहे अंगदान जन जागरूकता अभियान अभियान के तहत आयोजित किया गया। इसमें छात्रों को अंगदान के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 150 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया और अंगदान की बारियों के बारे में जाना। सोटो के ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर नरेश कुमार ने बताया कि अंगदान एक नया जीवनदान है जो कि व्यक्ति मरने के बाद दे सकता है। (अनंत ज्ञान)

### पंचायतों के भ्रष्टाचार रखा जाएगा लोगों के बीच : तुलेश



**सुनील, गोहर।** पंचायती राज विभाग में भ्रष्टाचार होना एक आम बात हो गई है। लेकिन इसी भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाना उतना ही मुश्किल और उतना ही खास। इसी कड़ी में भ्रष्टाचार के चलते अपने ग्राम पंचायत भाटकीधार में ताला लगाने वाले समाजसेवी व आरटीआई कार्यकर्ता तुलेश कुमार द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक अगला व अहम कदम उठा लिया गया है। उनके द्वारा पूरे विकास खंड के संदर्भ में बीपीएल में उपस्थित व लाभ ले चुके प्रधानों व उप प्रधानों, अपनी जाहली हाजरी लगाने वाले प्रधानों व उप प्रधानों, 14, 15वें या अन्य किसी भी वित को न खर्चने वाली पंचायतों, आपदा में आवंटित आवासों, पंचायतों को लगी रिकवरी की सूचना आरटीआई के माध्यम से मांगी गई है। इसके अलावा उन्होंने विभाग पर प्रश्न उठाते हुए कहा है कि विभाग भ्रष्टाचार को खत्म करने के बजाय शय देता जा रहे है। भाटकीधार पंचायत के वर्तमान उप प्रधान की जाहली हाजरी साबित होने पर भी उन्हें न हटाना और बीपीएल में प्रधान बतौर रहते हुए प्रधान को पुनः स्थापित करना इस बात का उदाहरण है। (अनंत ज्ञान)

## पर्यावरण के बिगड़ते संतुलन के कारण बढ़ रहा तापमान

# जल, जंगल और जमीन का संरक्षण करना जरूरी

**एमएम डैनियल, चंबा**

पर्यावरण के बिगड़ते संतुलन के कारण देश और दुनिया में लगातार बढ़ रहा तापमान 21वीं शताब्दी की प्रमुख चुनौती है। जिसकी रोकथाम के लिए जल, जंगल और जमीन का संरक्षण करना अत्यंत आवश्यक है। इस समस्या के समाधान के लिए पौधरोपण सबसे अहम कड़ी है। जिसके लिए सरकारी तथा निजी स्तर पर अनेक प्रयास निरंतर प्रयास जारी है।

परिणाम स्वरूप असमय पर वर्षा का होना तथा एक निर्धारित अवधि में एक स्थान पर बारिश का औसत से कई गुना ज्यादा होना पृथ्वी पर मानवीय तथा अन्य जीव जंतुओं के भविष्य के लिए खतरे की चेतावनी है। इसलिए पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें न केवल सरकारी व निजी संस्थाओं के ऊपर निर्भर रहना चाहिए बल्कि व्यक्तिगत स्तर पर भी पहले से अधिक प्रयास करना चाहिए ताकि भविष्य में बिगड़ते पर्यावरण संतुलन के दुष्परिणामों से बचा जा सके।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वन वृत्त चंबा जिला में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है।

जिला की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद वन विभाग द्वारा जिला के वन क्षेत्रों में न केवल प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाते हैं बल्कि उन्हें लगातार बचाए रखने के लिए विभाग के जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे कर्मचारी गर्मियों के मौसम में 24 घंटे सजग रहते हैं तथा जान हथेली पर रखकर इन पेड़ पौधों का जंगलों में लगी आग से बचाव करते है। (अनंत ज्ञान)



पोधरोपण करते हुए अधिकारी व अन्य।

### 584 अधिकारी और कर्मचारी दे रहे सेवा

**मुख्य** वन अरण्यपाल ने बताया कि वन वृत्त चंबा के तहत चंबा, चुराह, भरमौर, डलहौजी तथा पांगी सहित कुल पांच मंडल हैं। इन में कुल 18 परिक्षेत्र, 55 खंड तथा 198 बीत है। वन वृत चंबा में कुल 713 स्वीकृत पद हैं जिसके तहत विभिन्न वर्गों के 584 पदों पर अधिकारी व कर्मचारी कार्यरत हैं। वन अपराध को रोकने कड़े कदम उठाते हुए कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर रहा है।

### आग से 2763 हेक्टेयर क्षेत्रफल भूमि में पहुंचा नुकसान

**मुख्य** वन अरण्यपाल चंबा अभिलाष दामोदरन ने बताया कि जिले का 4256 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र वन विभाग के अधीन है। जिसमें से 2453 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र वन आवरण से ढका है जबकि शेष अधिक ऊंचाई बाले क्षेत्रों में घास एवं विभिन्न प्रकार के अन्य जड़ी बूटियां विद्यमान है। अभिलाष ने बताया कि प्रत्येक वर्ष मानसून सीजन के दौरान जिला चंबा में लगभग 1200 हेक्टेयर वन भूमि में पौधरोपण किया जाता है। जिला में वन संपदा के संरक्षण में आगजनी की घटनाएं वन विभाग के लिए सबसे प्रमुख चुनौती है। इस बार 213 आगजनी के मामले सामने आए हैं। जिस कारण 2763 हेक्टेयर क्षेत्रफल भूमि में वन संपदा को नुकसान पहुंचा है तथा लगभग 440 हेक्टेयर पौधरोपित क्षेत्र नष्ट हुआ है। विभागीय आकलन के अनुसार इन आगजनी की घटनाओं से सरकार को 68 लाख का राजस्व नुकसान हुआ है जबकि प्रकृति, जैव विविधता, तथा वन्य जीवों को हुए को हुई भारी क्षति का आकलन नहीं किया जा सकता है।

# सरकारी सीमेंट घोटाले में आरोपी उपप्रधान को मिली जमानत

**एमएम डैनियल, चंबा**

सरकारी सीमेंट घोटाले का डलहौजी विस क्षेत्र में सनसनीखेज मामले का खुलासे में जहां एक दिन पूर्व विजिलेंस विभाग चंबा द्वारा न्यायालय में दायर याचिका के तहत आरोपी को 19 जुलाई तक रिमांड पर भेज दिया गया। वहीं आरोपी पक्ष की ओर से मामले को लेकर दायर जमानत याचिका को न्यायालय स्वीकार करते हुए आरोपी उप प्रधान को बेल पर रिहा कर दिया है। हालांकि मामले को लेकर विजलेंस विभाग चंबा ने जांच तेज कर दी है। जिसके चलते आगामी दिनों में इस मामले में जुड़े कुछ अन्य आरोपियों को विजलेंस विभाग द्वारा गिरफ्तार जहां किया जा सकता है। वहीं मुख्य आरोपी उपप्रधान के तमाम पूर्व में किए निर्माण कार्यों को खंगालने की तैयारी में भी विभाग जुट गया है।

विजिलेंस विभाग चंबा टीम ने छापेमारी के दौरान सरकारी सीमेंट के 62 बैग के अलावा कुछ अन्य बैंगों में भी भर कर रखा गया सीमेंट मिला है। इस संदर्भ में जब विजिलेंस टीम ने उपप्रधान से पूछताछ की तो वह किसी भी तरह का दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। जब विजिलेंस विभाग की टीम ने निर्माणाधीन मकान स्थल पर रेड की तो वहां पर भी सरकारी सीमेंट मिला। जिसका निर्माण कार्य के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। विभागीय टीम को मौके पर से 72 सरकारी सीमेंट के खाली बैग मिले हैं।

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

डलहौजी विस क्षेत्र गांव तबेला में सरोज कुमार उपप्रधान के खिलाफ सरकारी सीमेंट गिरफ्तार कर उसे न्यायालय ने 19 जुलाई तक विजलेंस रिमांड पर भेजा गया। लेकिन आरोपी पक्ष द्वारा दायर जमानत याचिका के तहत आरोपी को बेल पर न्यायालय ने रिहा करने सहित जांच में सहयोग के निर्देश दिए हैं। मामले की जांच जारी है जिसमें पूर्व निर्माण कार्यों की जांच करने सहित अन्य दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। जबकि इस मामले को लेकर तकनीकी विशेषज्ञों से भी संपर्क किया जा रहा है। वहीं पड़ोसी मकान मालिक को पूछताछ के लिए तलब किया है। मामले की जांच बढ़ने पर अंदेशा है कि कुछ ओर आरोपी गिरफ्तार हो सकते हैं।

**-अभिमन्यु वर्मा, एएसपी विजलेंस विभाग चंबा।**

## आपदा से निपटने के लिए फोर्स अत्याधुनिक उपकरणों से होगी लैस

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिलाधीश अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी की अध्यक्षता में शिमला शहर में आपदा से निपटने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और गृह रक्षकों के संयुक्त टास्क फोर्स के साथ विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा आपदा में राहत कार्यों को तीव्रता से तभी पूरा किया जा सकता है, जब घटना स्थल के बारे पूर्ण जानकारी एकत्रित होगी। जब हमारी टास्क फोर्स मौके पर पहुंच जाए तो प्लान बनाने की बहुत कम आवश्यकता रहें। इसके साथ ही हमारा रिस्पॉन्स समय बहुत ही तेज गति से होना चाहिए।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि फोर्स के पास अत्याधुनिक उपकरण और तकनीक उपलब्ध है ताकि आपदा के समय राहत कार्यों को आसानी से अंजाम दिया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि हर उपमंडल स्तर पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधीन फोर्स काम करेगी। हर क्षेत्र में एहतियात के तौर पर सारे पूर्वाभ्यास किए गए है। इसके साथ ही चयनित स्थानों पर मशीनों को तैनात कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने कहा कि आपदा में फोर्स की ओर से टीम वर्क होना चाहिए। टीम में निपुण सदस्यों को कार्य का बंटवारा किया जाना चाहिए ताकि राहत कार्यों को करने में कम से कम दिक्कतों का सामना करना पड़े। आपदा के समय आम नागरिक को अहम भूमिका निभाते हुए राहत कार्यों में प्रशासन और आपदा कार्यों में लोगों की मदद करनी चाहिए।( अनंत ज्ञान)

## भरमौर-मणिमहेश मार्ग नहीं हुआ अवरुद्ध

**एमएम डैनियल, भरमौर।** भरमौर-मणिमहेश मार्ग पूर्णतया बहाल है तथा इस इस संबंध में दुनाली नामक स्थान पर भूस्खलन के कारण मणिमहेश को जाने वाले मार्ग के अवरुद्ध होने बारे सभी खबरें झूठी है।

एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने बताया कि भरमौर-मणिमहेश मार्ग पर हड़सर से धनछो के मध्य दुनाली नामक स्थान पर हुआ भूस्खलन नाले के दाएं तट पर है। जबकि मणिमहेश के लिए जाने वाला रास्ता बाएं तट पर है।

एक पुराना रास्ता प्रभावित हुआ है, जो आवाजाही के लिए पिछले वर्ष से ही बंद कर दिया गया है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे ऐसी खबरों से भ्रमित न हो तथा सही जानकारी के साथ ही अपनी यात्रा से संबंधित निर्णय ले।

# विश्व में बढ़ती जनसंख्या एक चुनौती



कार्यक्रम के दौरान मौजूद डॉ. जालम व अन्य।

**एमएम डैनियल, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा सभागार में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम सिंह भारद्वाज की अध्यक्षता में विश्व जनसंख्या दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भारद्वाज ने बताया कि विश्व में बढ़ती हुई जनसंख्या एक चुनौती का रूप धारण कर चुकी है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे जनसंख्या में बढ़ोतरी होती है देश में संसाधनों की कमी होती जाती है वह चाहे रहने के लिए स्थान हो, खाने के लिए भोजन हो शिक्षा के शिक्षण संस्थान हों, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए स्वास्थ्य संस्थान हों या रोजगार के साधन हो वह कम पड़ जा रहे हैं। इसके साथ ही बढ़ती जनसंख्या के कारण बेरोजगारी, गरीबी तथा गरीबी के कारण देश में अपराधों की संख्या बढ़ती जाती है। इस मौके पर हम नवोदय जीएनएम नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं एवं आशा वर्कर द्वारा भाषण एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी करवाया गया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों लिए ऑडिशन 22 से

**एमएम डैनियल, चंबा।** जिला चंबा का सुप्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव इस बार 28 जुलाई से 4 अगस्त 2024 तक मनाया जा रहा है। मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों के लिए ऑडिशन की तिथि 22 से 26 जुलाई निर्धारित की गई है। यह जानकारी जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा ने दी है। सभी ऑडिशन राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा में आयोजित किए जाएंगे। ऑडिशन का समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक रहेगा। एडीएम चंबा ने बताया कि 22 जुलाई को जिला चंबा के उपमंडल भरमौर तथा पांगी, 23 जुलाई को उपमंडल सलूनी व तीसा, 24 जुलाई को उपमंडल भटियात व डलहौजी, 25 जुलाई को चंबा तथा 26 जुलाई को चंबा से बाहर के कलाकारों के लिए ऑडिशन का आयोजन किया जाएगा।

# सुंदरनगर में आपराधिक घटनाओं में हुआ इजाफा

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

उपमंडल सुंदरनगर में प्रवासी लोगों की लगातार बढ़ रही तादाद के कारण क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं में इजाफा हो रहा है। जहां क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से एकाएक चोरी की घटनाओं में काफी ज्यादा वृद्धि हुई है। वहीं हर बार इन घटनाओं में पुलिस की जांच में प्रवासी लोगों की संलिप्तता सामने आ रही है। लेकिन इसके बावजूद भी स्थानीय प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सो रहा है। स्थानीय लोगों को चोर अभी तक लाखों रुपए का चूना लगा चुके हैं। इससे लोग अपने घरों में भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं।

ताजा घटनाक्रम में किरतपुर-मनाली फोरलेन पर डोडवां के समीप स्थानीय लोगों ने 4 प्रवासी महिलाओं से दो बोरियों में बिजली की सर्विस वायर और लोहे के एंगल ले जाते हुए दबोचा है। जानकारी देते हुए बीडीसी सदस्य कलौहड़ महेश शर्मा ने बताया कि बीते रोज शाम के समय किसी कार्य को लेकर वह फोरलेन पर डोडवां के समीप मौजूद थे।

इसी दौरान चार प्रवासी महिलाएं अपनी पीठ पर लाद कर बड़ी-बड़ी बोरियां लाती हुई दिखाई दी। इस पर प्रवासी महिलाओं को बोरियों में मौजूद सामान को लाने के स्थान को पूछने पर वह मौके से फरार हो गई। इसके बाद उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से कुछ दूरी पर पकड़ लिया गया। महेश शर्मा ने कहा की घटना की सूचना पुलिस थाना सुंदरनगर को दी गई और पुलिस थाना की टीम एएसआई दौलत राम के नेतृत्व में मौके पर आकर जांच शुरू कर दी।

नगर परिषद को प्रवासियों की वेरिफिकेशन करने के आदेश कार्यालय से जारी किए गए हैं। विकास खंड अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे प्रवासियों की पंचायत स्तर पर वेरिफिकेशन करने के भी आदेश दिए हैं। क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है। प्रशासन द्वारा कड़ा संज्ञान लिया जा रहा है।

**-गिरीश समरा, एसडीएम सुंदरनगर।**

मामले में पुलिस को विद्युत विभाग की ओर कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस ने बरामद सामान को कब्जे में ले लिया है। उन्होंने बताया कि बरामद सामान को लेकर कोई शिकायत प्राप्त होने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**-भारत भूषण, डीएसपी सुंदरनगर।**

# दंगल में रेफरी के गलत फैसले पर लोगों का रोष

**एमएम डैनियल, तीसा**



कुश्ती के दौरान मैदान में मौजूद पहलवान।

उपमंडल चुराह के तहत भंजराड़ू में आयोजित महादंगल का आयोजन किया गया। इस महादंगल में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र आदि कई राज्यों से पहलवान अपना दमखम दिखाने के लिए पहुंचे। वहीं पहलवानों ने अपना दमखम दिखाकर लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस महा दंगल में लोगों की काफी भीड़ देखने को मिली लगभग 5,000 के करीब लोगों ने इस मेले का आनंद लिया। महादंगल में सबसे पंसदीदा मुकाबला छोटा सदाम पंजाब ओर शिवा महाराष्ट्र के बीच खेला गया। यह मुकाबला देर रात को खेला गया।

गौर हो कि महादंगल में पंजाब के पहलवान सदाम और महाराष्ट्र के पहलवान शिवा के बीच हो रहे मुकाबले में रेफरी द्वारा गलत फैसला दिया गया। जिसे लेकर लोग उग्र हो गए और लोगों द्वारा पानी की बोलते अखाड़े में फेंकी गई। इस हंगामें को शांत करने के लिए चुराह से भाजपा विधायक डॉ. हंसराज लोगों से अपील करते रहे, परंतु लोगों की भीड़ मानने को तैयार नहीं। वहीं कुछ देर में लोगों के हंगामें को देखते हुए मेला कमेटी द्वारा निर्णय लिया गया कि छोटा सद्दाम पंजाब और शिवा महाराष्ट्र के बीच दोबारा से कुश्ती करवाई जाएगी, परंतु इस फैसले को छोटा सद्दाम ने स्वीकार नहीं किया।

वहीं मेले का फाइनल मुकाबला प्रितपाल फगवाड़ा और कमलजीत दुमछेड़ी के बीच में खेला गया। इस मुकाबले में प्रितपाल ने कमलजीत को हराकर यह महा दंगल अपने नाम किया। प्रितपाल फगवाड़ा ने ढाई लाख रुपए की इनामी राशि जीतकर इस मेले को अपने नाम किया।

# बल्ह के धनदेव को कुवैत में तलाश करने की गुहार

**अनिल शर्मा, मंडी**



कंगना से धनदेव की तलाश के लिए गुहार लगाते परिजन।

कुवैत में एक हादसे के उपरांत लापता हुए बल्ह निवासी धनदेव के परिजन मंडी सांसद कंगना रणौत से मिले और धनदेव को जल्द खोज खबर करने की बात कही। बता दें कि कुवैत में मजदूरों के रिहायशी भवन में आग लगने के दौरान भवन को खाली कराया गया, जिसके उपरांत बल्ह के बडसू निवासी धनदेव पिछले 16 दिनों से लापता है। धनदेव के परिजनों ने बताया कि आग लगने के बाद भवन को कुवैत सरकार द्वारा खाली करवाया जा रहा था, तो 22 जून को धनदेव से बात हुई थी, लेकिन 24 जून से उसका फोन बंद आ रहा है। धनदेव की पत्नी ने बताया कि 24 जून के बाद कोई संपर्क नहीं हुआ है। वहीं धनदेव के मामा हंसराज ने बताया कि धनदेव के लिए प्रशासन से लेकर सरकार तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन मामले में अभी तक कोई प्रगति नहीं हुई है। धनदेव के पास पासपोर्ट वीजा सहित सभी डॉक्यूमेंट्स हैं। (अनंत ज्ञान)

## सूडोकु 00123 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 00122 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# शिक्षा मंत्री से मिली एसपीयू की प्रो-वाइस चांसलर

**गुलेरिया, मंडी**



सरदार पटेल विश्वविद्यालय की प्रो. वाइस चांसलर प्रोफेसर अनुपमा सिंह ने विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन के संबंध में निदेशक उच्च शिक्षा से मुलाकात की।

एनईपी एसपीयू मंडी के नोडल अधिकारी डॉ. जगदीप वर्मा भी उनके साथ रहे। मुलाकात के दौरान विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन से संबंधित सभी पहलुओं पर चर्चा की गई। प्रो. सिंह ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय की स्थिति और विभिन्न मुद्दों बारे भी चर्चा की गई।

उन्होंने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से भी मुलाकात व बैठक की इस बैठक में शिक्षा सचिव राकेश कंवर और शिक्षा निदेशक अमरजीत शर्मा भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर द्वारा प्रो. वाइस चांसलर को इस कार्य हेतु अधिकृत किया गया था। (अनंत ज्ञान)

## जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 13 व14 को

**अनिल, मंडी।** जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 13 व 14 जुलाई को टाउन हाल मंडी में खेली जाएगी। जिला बैडमिंटन संगठन के सचिव दातुल चौहान ने बताया कि यह प्रतियोगिता अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15 व अंडर-17 आयु वर्ग में खेली जाएगी। प्रतियोगिता में एकल, डब्बल व मिक्स डबल के मुकाबले होंगे। अंडर -11 वर्ग के लिए 1 जनवरी 2014 और उसके बाद जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकेंगे, जबकि अंडर -13 के लिए 1 जनवरी 2012 व उसके बाद पैदा हुए खिलाड़ी, अंडर 15 के लिए 1 जनवरी 2010 व अंडर 17 प्रतियोगिता में 1 जनवरी 2008 या उसके बाद जन्में हों।


## अनंत ज्ञान
# आज का राशिफल
बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम


## आज का पंचांग

12 जुलाई, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** षष्ठीः (12:35) : **नक्षत्र :** उत्तरा फाल्गुनी (4:09), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** परिघ (5:14) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:54), **राहुकाल** (10:42 -12:26 ।

**विशेष दिन**

- 12 जुलाई 2024 : वैवस्वत सप्तमी आज।
- 12 जुलाई 2024 : महावीर स्वामी का गर्भ कल्याणक दिवस आज।

**मेषः** आर्थिक परेशानी का सामना करना होगा। व्यापार में निर्णय सोच-समझकर लें। मौके का लाभ उठा सकेंगे। अति उत्साह से हानि होने की आशंका है।

**वृषभः** विदेश जाने के पूर्ण योग हैं। आर्थिक निवेश लाभदायी साबित होगा। अपनी बुरी आदतों पर नियंत्रण रखना होगा। बड़े लोगों से मुलाकात के अवसर आएंगे।

**मिथुनः** राजकार्य में लाभ मिल सकता है। मधुर संबंध बनेंगे, जो लाभदायी रहेंगे। जरूरत से ज्यादा संग्रह नहीं करें। व्यापार में नई योजनाओं का क्रियान्वयन होगा।

**कर्कः** संतान की चिंता से तनाव बढ़ेगा। पारिवारिक समस्या हल होगी। आवेश में आकर कभी कोई कार्य न करें। सामाजिक आयोजनों में रुचि लेंगे।

**सिंहः** व्यापार-व्यवसाय में बढ़ोतरी होगी। कर्ज से दूर रहें। परिवार के सदस्यों की तरक्की होगी। कोर्ट-कचहरी के कामों में मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

**कन्याः** ऐसे अवसर बार-बार नहीं आते हैं। मौके का फायदा उठाना आपके हाथ में है। समय व्यावसायिक दृष्टि से लाभदायक है।

**तुलाः** विवाह योग्य जातकों के लिए समय शुभ है। पुराने रुके कार्य पूरे हो सकेंगे। गृहस्थ जीवन शांतिमय रहेगा। जोखिम-जवाबदारी के कार्यों से दूर रहें।

**वृश्चिकः** आजीविका में वृद्धि होगी। व्यापारिक कार्य से की गई यात्रा लाभप्रद रहेगी। फिजूलखर्ची से बचना चाहिए। पारिवारिक स्थिति संतोषप्रद रहेगी।

**धनु :** जीवनसाथी के स्वास्थ की चिंता बनी रहेगी। भाइयों से खटपट हो सकती है। विद्यार्थियों को परिश्रम से अच्छे फल मिलने की उम्मीद है।


**मकरः** जीवनसाथी के स्वास्थ की चिंता बनी रहेगी। भाइयों से खटपट हो सकती है। विद्यार्थियों को परिश्रम से अच्छे फल मिलने की उम्मीद है।

**कुंभः** दिन उत्तम रहेगा। मनोनुकूल भोजन की प्राप्ति होगी। आत्मविश्वास बढ़ेगा। भाग्योदय के कारण लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। कामकाज, व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मीनः** दिन खुशगवार रहेगा। अपनी वस्तुओं को संभालकर रखना आवश्यक है। आपकी सलाह को स्वीकार किया जाएगा। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे।

# बाबा कांशी राम पर पढ़े शोध आलेखों को किया जाएगा प्रकाशित : पंकज

**अनिल शर्मा, मंडी**



गोष्ठी में भाग लेते साहित्यकार एवं अन्य।

स्वाधीनता सेनानी पहाड़ी गांधी बाबा कांशी राम की राज्य स्तरीय जयंती भाषा एवं संस्कृति अकादमी शिमला की ओर से मंडी के संस्कृति सदन में आयोजित की गई। इस अवसर पर भाषा एवं संस्कृति विभाग के निदेशक एवं अकादमी के सचिव डा. पंकज ललित ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम के पहले सत्र में पहाड़ी गांधी बाबा कांशी राम के जीवन पर चर्चा की गई। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुशील कुमार फुल्ल ने की। वहीं पर बाबा कांशी राम के पौत्र रवि शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर कवि एवं वरिष्ठ पत्रकार नवनीत शर्मा ने बाबा कांशी राम के स्वाधीनता संग्राम के संघर्ष, उनके जीवन चरित्र और साहित्यिक कर्म पर विवेचनात्मक शोध आलेख पढ़ा। जिस पर प्रदेश भर से आए साहित्यकारों प्रकाश चंद्र धीमान, सरोज परमार, मुरारी शर्मा, त्रिलोक मेहरा, मनसा पंडित आदि ने चर्चा कर अपना-अपना पक्ष रखा।

नवनीत शर्मा ने कहा कि बाबा कांशी राम स्वाधीनता सेनानी के साथ-साथ युग चेता रहे हैं। उन्होंने सुफियाना और शायराना अंदाज में अपना शोधपत्र पढ़ते हुए बाबा कांशी राम की कविताओं से उनका साम्य किया। मुख्यातिथि निदेशक भाषा एवं संस्कृति विभाग एवं सचिव अकादमी डा. पंकज ललित ने कहा कि बाबा कांशी राम ने स्वतंत्रता आंदोलन के साथ-साथ साहित्य के माध्यम से लोगों को प्रेरित व जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बाबा कांशी राम की जयंतियों पर अब तक पढ़े गए शोधपत्रों का पुस्तक के रूप में संकलन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)


## कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी पांगी, जिला चंबा

संख्या-पी.एन.जी./आई.सी.डी.एस./बा.आ.-3/96-97-10/7/24

### निविदा सूचना

सर्व साधारण पांगी घाटी के दुकानदारों को सूचित किया जाता है कि बाल/बालिका आश्रम किलाड़ पांगी के आवासियों के लिए वर्ष 2024-25 के लिए कपड़े सिलाई, खाद्यान-सामग्री, स्टेशनरी, मटन/चिकन व सब्जी इत्यादि क्रय की जानी है। अतः इच्छुक दुकानदार उपरोक्त हेतु अपनी निविदाएं बाल विकास परियोजना अधिकारी पांगी के कार्यालय से 16.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक जमा करवा सकते हैं, निविदाएं उसी दिन समिति के समक्ष निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में खोली जाएंगी और निम्नतम निविदाकर्ता को कार्य निष्पादन हेतु आपूर्ति आदेश कर दिए जाएंगे।

**शर्तें निम्नलिखित हैं:-**

1. अंतिम दो वर्ष की आई टी आर
2. जी.एस.टी. नं. की छाया प्रति
3. डिमांड ड्राफ्ट/चैक

**उपंमडल अधिकारी (ना.)**
**(अध्यक्ष क्रय समिति)**
**पांगी किलाड़**

**जितना** अधिक आप प्रेम से प्रेरित होंगे , आपका कार्य उतना ही अधिक निडर और स्वतंत्र होगा। –**दलाई लामा**

## संपादकीय

# ...तो होगा स्वच्छ वातावरण

हिमाचल प्रदेश में नई स्क्रैपिंग पॉलिसी अक्तूबर 2024 में लागू होने वाली है। इस पॉलिसी के तहत प्रदेश में पंद्रह साल से ज्यादा पुराने वाहनों को स्क्रैप यानी कबाड़ कर दिया जाएगा। सुक्खू सरकार ने राज्यभर में बारह स्क्रैप सेंटर स्थापित करने की तैयारी कर ली है। स्क्रैपिंग पॉलिसी की खास बात यह है कि कबाड़ हुए वाहनों के किसी भी स्पेयर पार्ट्स का दोबारा उपयोग नहीं किया जा सकेगा। कबाड़ हुए वाहनों का व्यापक रिकॉर्ड रखा जाएगा। फायदे वाली बात यह है कि यदि कोई व्यक्ति अपने निजी वाहन को स्क्रैप करता है तो उसे नए वाहन पंजीकरण पर 25 से लेकर 50 प्रतिशत तक की छूट की पेशकश सरकार की ओर से की जाएगी। इस स्क्रैपिंग पॉलिसी को लागू करने का मुख्य उद्देश्य प्रदूषण को कम करना और सड़क सुरक्षा में सुधार लाना है।

हिमाचल प्रदेश में खासकर औद्योगिक इलाकों में वायु प्रदूषण दिन–ब–दिन बढ़ता जा रहा है। प्रदेश की आबोहवा जहरीली होती जा रही है। हाल ही में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार शिमला जैसे शहर में भी लोग वायु प्रदूषण की वजह से अपनी जान गंवा रहे हैं। निश्चित रूप से यह गंभीर मसला है और इस दिशा में प्रदेश सरकार की पहल वाकई काबिलेतारीफ है। सरकार ने समय रहते इस गंभीर होती समस्या को समझा और अब नई स्क्रैपिंग पॉलिसी लागू करने का बीड़ा उठाया। इससे पीछे सरकार का तर्क है कि लोग पुरानी हो चुकी गाड़ियों को बेच देते हैं, जबकि एक समय में गाड़ी पुरानी हो जाती है तथा कबाड़ बन जाती है। कुछ मैकेनिक गाड़ियों के पार्ट्स खोलकर या तो दोबारा उपयोग में ला रहे थे या फिर उन्हें बेच रहे थे। इन्हीं समस्याओं से आजिज आकर सरकार ने इसका स्थायी हल ढूंढने के लिए यह अहम फैसला लिया है।

निजी वाहनों पर अभी कोई नियम नहीं है। प्रदेश में 15 साल पुरानी गाड़ियों व बसों की आरसी रद्द की जा रही है, जिसमें हिमाचल पथ परिवहन निगम यानी एचआरटीसी की बसों सहित अन्य विभागों के वाहन भी शामिल हैं। पुराने वाहन पार्टिकुलेट मैटर, नाइट्रोजन ऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड सहित हानिकारक प्रदूषक उत्सर्जित करते हैं। इन्हें खत्म करने से निश्चित रूप से वायु प्रदूषण में कमी आएगी। सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण की गुणवत्ता में भी बहुत ज्यादा सुधार हो सकता है। बेहतर सड़क सुरक्षा के सरकार के दावों को बूस्ट मिलेगा। पुराने वाहन आधुनिक सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं कर सकते हैं और उनके खराब रखरखाव से दुर्घटनाएं हो सकती हैं। इन्हें सड़क से हटाने से दुर्घटनाओं का खतरा कम हो सकता है और सड़क सुरक्षा बढ़ सकती है। नए स्वच्छ वाहनों को बढ़ावा देना सरकार का उद्देश्य है।

पुराने वाहनों को हटाकर इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड सहित नए स्वच्छ वाहनों को अपनाने के लिए सरकार प्रोत्साहित कर रही है, जो उत्सर्जन और प्रदूषण को और कम कर सकते हैं। इस पॉलिसी के जरिए सरकार बेकार पड़े वाहनों की नीलामी करके और पर्यावरण और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए धन का उपयोग करके राजस्व बढ़ा सकती है। पुराने वाहनों को नष्ट करने से अपशिष्ट को कम करने और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हालांकि, स्क्रैपिंग पॉलिसी की सफलता सुनिश्चित करने के रास्ते में कई चुनौतियां भी आ सकती हैं। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि कबाड़ किए गए वाहनों का उचित पुनर्चक्रण और खतरनाक सामग्रियों के निपटान के साथ पर्यावरण के अनुकूल तरीके से निपटान सही ढंग से किया जाए। सरकार को कम आय वाले परिवारों के लिए प्रोत्साहन या सहायता प्रदान करने की आवश्यकता हो सकती है, जो परिवहन के लिए पुराने वाहनों पर निर्भर हैं। सरकार को चाहिए कि वह पुराने वाहनों को हटाने के लाभों के बारे में जनता को जागरूकता शिविर लगाकर शिक्षित करे और स्वच्छ तथा सुरक्षित वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दे। उम्मीद है इस पॉलिसी की सफलता एक स्वच्छ वातावरण में योगदान दे सकती है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी के प्रख्यात उपन्यासकार

**दुर्गा** प्रसाद खत्री हिंदी के प्रख्यात उपन्यासकार थे। इन्होंने 1912 ई. में विज्ञान और गणित में विशेष योग्यता के साथ स्कूल लीविंग परीक्षा पास की। इसके बाद उन्होंने लिखना आरंभ किया और उन्होंने 1500 कहानियां, 31 उपन्यास व हास्य प्रधान लेख लिखे। उन्होंने चार प्रकार के उपन्यास लिखे। तिलस्मी ऐयारी उपन्यास में भूतनाथ और रोहतासमठ उनके इस विधा के उपन्यास हैं और इनमें उन्होंने अपने पिता की परंपरा को जीवित रखने का ही प्रयत्न नहीं किया है वरन उनकी शैली का इस सूक्ष्मता से अनुकरण किया है कि यदि नाम न बताया जाए तो सहसा यह कहना संभव नहीं कि ये उपन्यास देवकीनंदन खत्री ने नहीं वरन किसी अन्य व्यक्ति ने लिखें हैं। जासूसी उपन्यासों में प्रतिशोध, लालपंजा, रक्तामंडल, सुफेद शैतान जासूसी उपन्यास होते हुए भी राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत हैं और भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन को प्रतिबिंबित करते हैं। सामाजिक उपन्यास के रूप में अकेला कलंककालिमा है जिसमें प्रेम के अनैतिक रूप को लेकर उसके दुष्परिणाम को उद्घाटित किया गया है। बलिदान को भी सामाजिक चरित्रप्रधान उपन्यास कहा जा सकता है किंतु उसमें जासूसी की प्रवृत्ति काफी मात्रा में झलकती है। संसार चक्र अद्भुत किंतु संभाव्य घटनाचक्र पर आधारित है माया उनकी कहानियों का एकमात्र संग्रह है। ये कहानियां सामाजिक नैतिक हैं। उनकी साहित्यिक महत्ता यह है कि उन्होंने देवकीनंद खत्री और गोपालराम गहमरी की ऐयारी जासूसी–परंपरा को तो विकसित किया ही है, सामाजिक और राष्ट्रीय समस्याओं को जासूसी वातावरण के साथ प्रस्तुतकर एक नई परंपरा को विकसित करने की चेष्टा भी की है। ■



**दुर्गा प्रसाद खत्री**
**जन्म :** 12 जुलाई, 1895
**मृत्यु :** 5 अक्तूबर, 1974

## अपनी बात

**आजकल** इंडस्ट्रीयल एरिया नगरोटा बगवां के लोगों को कूड़े के निपटारे के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर लोगों को कूड़ा इकट्ठे किए हुए कई दिन तक हो जा रहे हैं, लेकिन उनके कूड़े के ढेर कोई नहीं उठा रहा है। मजबूरीवश कुछ लोगों को इसी के साथ लगते चोर नाले में कूड़े को फेंकना पड़ रहा है। कुछ समय पहले तक लोगों के घरों से नगर निगम कूड़ा उठाता था, लेकिन उसने भी लोगों का कूड़ा उठाना बंद कर दिया है। आजकल वैसे भी बरसात का मौसम शुरू हो चुका है, जिस कारण लोगों ने जो भी कूड़ा इकट्ठा किया होता है, उसमें जल्द ही बदबू फैल रही है। लोग इस कारण गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। इसलिए नगरोटा बगवां इंडस्ट्रीय एरिया के लोगों ने प्रशासन से अपील है कि वे उनकी इस समस्या का समाधान करें ताकि उनकी कई दिनों से आ रही समस्या का हल हो। –**मीनाक्षी शर्मा, नगरोटा बगवां**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई–मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# सभी प्राणियों के हैं भगवान श्रीराम

भगवान राम के प्रति नफरत नहीं होनी चाहिए क्योंकि वह सभी के हैं। वह संपूर्ण जगत के कल्याण के लिए हैं। प्रभु राम भगवान राम वास्तविक में हैं जिन्हें काल्पनिक न मानें। भगवान श्रीराम आपके अंतरचेतना में हृदयस्वरूप विराजमान हैं। भौतिकता में लीन होने के कारण आप भूल रहे हैं लेकिन यदि आप आध्यत्मिक चेतना को जागृत करेंगे तो स्पष्ट दिखाई देंगे जो भारत के महान संतों को स्पष्ट दिखाई दी है और उन्होंने कहा भी है राम सभी की आत्मा को पहचानते हैं। उस पर क्लिष्ट वृत्तियों का पर्दा होता है। इस कारण से वे स्वयं को प्रेम नहीं करते मगर जो भगवान राम से प्रेम करते हैं और आत्मप्रेम सिखाते हैं बजाय आत्मनिंदा के।

जो आदमी निरुत्साहित है, निराश है, आत्मनिंदा से भरा है, उसे लगता है वह किसी काम का नहीं। वह भगवान राम के काम का है, गुरु के लिए नहीं, स्वयं उस व्यक्ति के लिए। आत्मनिंदा से भरा व्यक्ति एक बहुत अच्छा अवसर है आपके लिए वे अपने अनुभव तथा प्रेमपूर्ण वचनों से उसमें आत्मप्रेम का संचार करते हैं। जैसे वाल्मीकि जो लोगों को डाका डालते थे, उन्होंने मरा मरा जप के राम, राम जपने लगे और लोगों को डाका डालने को छोड़कर प्रभु राम के चरणों में उनके विचारों का डाका डालकर अपना आचरण राममय कर लिया और वाल्मीकि ने रामायण की रचना कर दी। अयोध्या में रामलला की गर्भ गृह में प्राण प्रतिष्ठा को मेरी समझ और बुद्धि से राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर एक ऐतिहासिक घटना है क्योंकि 500 वर्षों का संघर्ष के बाद प्रभु राम की नगरी में रामलला विराजमान हुए। बहुत बड़ी घटना या बात लग रही थी। असंभव संभव होता प्रतीत हो रहा था। लाभ की दृष्टि से कई संस्था राम के नाम पर कमाने की अपनी वृत्ति प्रकट कर रही थी। मुझे भी राम के नाम पर कांटेस्ट निकालकर बिजनेस करने की सलाह दी गई और इस लाभ के चक्कर में एक नास्तिक व्यक्ति को भी व्हाट्सऐप पर हर बिज़नेस वृद्धि पर जय श्रीराम का पोस्ट करते पाया।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कुछ लोग वहां जमीन खरीदने के चक्कर में लगे हैं, लेकिन आपको मन में यह दिन रोजमर्रा के भाग–दौड़ से हटकर सिर्फ श्रीराम के आदर्शों और मर्यादाओं के चिंतन में लगा रहना चाहिए तभी एहसास होगा कि आसमान में श्रीराम की धुन बज रही है, शंख निनाद बज रहे हैं और पांचजन्य बजकर पूरे विश्व में बदलाव–बदलाव–बदलाव राम राम की ध्वनि प्रेषित हुई। इतिहास में यह सच है कि हर बार मानव जाति ने एक नए रूप में महारत हासिल की है और हमारे जीवन की गुणवत्ता को आगे बढ़ाने में मदद की है। प्रकाश किरण की खोज भी इसी की एक कड़ी है। भारत में भगवान संकल्प एवं आध्यात्मिकता कितना अधिक वैज्ञानिक है,यह बात आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। संस्कृत भाषा के एक–एक शब्द हो या शब्दों से बुने अक्षरों के समूह हों, हर एक में जीवन उपयोगी कई वैज्ञानिक गुण छिपे हुए हैं। इसी प्रकार भगवान 'श्रीराम' का भी नाम है।

इस अकेले एक नाम लेने से प्रभु श्रीराम जी के एवं हनुमान जी के जो गुणों के बारे में विद्वतजन वर्णन करते हैं, हमारे अंदर भी प्रफुल्लित होने लगते हैं और हम मन से, वचन से, कर्म से नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर बढ़ने लगते हैं। जिसका विकास प्रकृति एवं दर्शन के अध्ययन से हुआ है।

भागदौड़ एवं माया मोह से अत्यंत ग्रसित इस आधुनिक काल में 'राम' शब्द की वैज्ञानिकता एवं गुणों का वर्णन एक सराहनीय कार्य है एवं युवा पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है। ऐसा आचरण ही हमारे भारत के संस्कृति, आध्यात्मिकता एवं सनातन कर्म कर्तव्यों को जीवित रखने में एवं युवा पीढ़ी को सही दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए प्रेरक बन सकते हैं। भगवान श्री राम के नाम में ढाई अक्षर हैं, वैसे ही ओम में ढाई अक्षर है जो ब्रह्म का सूचक हैं।

22 जनवरी को सुबह तड़के नींद खुल गई मन में उत्साह और उमंग प्रभु की कृपा से लबालब भरा हुआ था। इसमें कार सेवकों का बहुत बड़ा योगदान है जिसे राष्ट्र को सम्मान देना चाहिए मर गए लेकिन राम की आस्था से कोई समझौता नहीं किया। राष्ट्र की आस्था का नया सूर्योदय, अयोध्या की भोर शंख से गूंजी, हमारे राम आए हैं, अब कालचक्र बदला नहीं है, पहले भी भगवान राम थे, आज भी हैं। 23 जनवरी को अयोध्या में सुबह उत्सव, शाम को दीपोत्सव, रात में दिवाली, रामरस सराबोर आदि से भरा गाथा अंतहीन प्रयास करता नजर आया, लेकिन वह राम जन्म भूमि के बाद भव्य मंदिर बनने को था, जो भारत का गौरव है। सभी ने सुंदरकांड, रामचरित मानस पढ़ी कीर्तन और भजन हुआ और लोग आपसी भेदभाव मिटाकर उनके चरणों में नतमस्तक हुए, इसमें सभी धर्मों के लोगों कारीगरों, मजदूरों का काफी योगदान होगा, जिन्होंने पूर्ण रूप से राम मंदिर के निर्माण में अपनी पूर्ण ताकत झोंक दी, रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं, 'ध्वज पताक तोरन पुर छावां। कहि न जाइ जेहि भांति बनावा।। सुमन बृष्टि अकास तें होंई। ब्रह्मांनंद मगन सब लोई।।' ध्वजा, पताका और तोरणों से नगर छा गया। जिस प्रकार से वह सजाया गया, उसका तो वर्णन ही नहीं हो सकता।

आकाश से फूलों की वर्षा हो रही है, सब लोग ब्रह्मानंद में मग्न हैं, अत: वहां जाएं तो प्रभु राम के चरणों में उनके प्रेम में रोयें काम, क्रोध, लोभ , लालच आदि को छोड़कर उन्हें ही ध्यान करें जमीन तो वहां बाद में मिल जाएगा, लेकिन राम के आदर्शों पर चल नहीं पाएंगे और जीवन में जो लेकर जाना चाहेंगे वह यहीं रह जाएगा।

यदि मन में भगवान श्री राम को बसा लिया तो दर्शन हर जगह हो जाएंगे, आखिर जब श्री राम का मंदिर नहीं था तो भारत में, इतने महान संत कैसे आए, जो सभी भगवान श्रीराम को किसी न किसी रूप में देखा है,अत: आपके मन में राम हो मन एक प्रेम का मंदिर है जो काम वासना में जकड़ा हुआ है, जब तक उसे नहीं उखाड़ कर फेंकेंगे, तब भगवान श्रीराम को अपने मन में जगह कैसे देंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# अपने ही घरों में डाका डालते नशेड़ी युवा

देवभूमि की शांति अब कहीं खो सी गई है। युवा नित नए प्रयोग अपने शरीर के साथ कर रहे हैं। आईजीएमसी शिमला की रिपोर्ट के अनुसार दसवीं में पढ़ने वाले 15 साल से कम आयु के 30 प्रतिशत बच्चे नशे को स्वैग व स्वाद का चस्का महसूस करने के लिए चख रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 90 प्रतिशत युवा जिज्ञासा बस इस नशे को ग्रहण कर रहे हैं व अपने सुनहरे भविष्य को अंधकार की तरफ धकेल रहे हैं। यह नशा किसी भी रूप में हो सकता है। आजकल के सफेद चिट्टे नशे का प्रचलन युवाओं व साथ ही साथ युवतियों में भी व्यापक स्तर पर फैला हुआ नजर आ रहा है।



**लेखक : ठाकुर तारा**
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

यह चिट्टा नशा महंगा होने के कारण बाहरी राज्यों के सौदागरों, नशा तस्कर गिरोहों द्वारा खपत करवाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचाया जा रहा है। एक बार आदत लग जाने से शरीर इसकी बार–बार मांग करता है। इसी आदत के वशीभूत होकर युवाजन इस नशे की तलब व खरीद के लिए अपने ही घरों में सोने–चांदी के गहनों, पैसों आदि की चोरियां करने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। बीते सप्ताह मंडी जिले में ऐसी लाखों की चोरियों के दो मामले संज्ञान में आ चुके हैं।

जिला मंडी ऐसी चोरियों की दोहरी मार झेल रहा है। पिछले 11 दिनों में ऐसी 19 चोरियां हो चुकी हैं। एक ओर प्रवासी चोरों के गिरोह चेन स्नेचिंग गिरोह, भीड़ वाली जगह पर, बस स्टैंड, बाजार इत्यादि में बैग कटवा चोर गिरोह सक्रिय है, तो रही सही कसर नशेड़ी आदत से मजबूर युवा अपने ही घरों में नशे की प्यास को बुझाने के लिए डाका डाल रहे हैं, जो कि बहुत ही चिंताजनक विषय है। जहां पहले प्रवासी व्यक्तियों द्वारा इस शांत प्रदेश के माहौल को खराब करने की पहुंच नहीं बन पाती थी। अब यह चंडीगढ़ मनाली फोरलेन के बन जाने से बाहरी राज्यों दिल्ली, हरियाणा के चोरों द्वारा कुछ ही घंटों के सफर से सुलभ हो पाई है। आने वाले समय में जब बिलासपुर रेलवे की शुरुआत होगी, तो अधिक संख्या में प्रवासी चोर गिरोह, पॉकेट मार, झपट मार गिरोह, जहर खुरानी गिरोहों की भारी तादाद इस पहाड़ी प्रदेश के शांत माहौल को खराब कर अपराध, हत्या, हत्या के प्रयास की ओर उन्मुख कर सकती है।

इस उद्धरण से सीख लेते हुए सभी प्रदेशवासियों को अपने–अपने स्तर से प्रवासी कामगारों, किरायेदारों को पंचायत स्तर पर पुलिस थानों में पंजीकृत करना चाहिए। जब यदि अपराध, चोरी की घटना हो तो उन्हें पुलिस द्वारा उनके गृह राज्यों से शिनाख्त कर पकड़ना आसान हो व सतर्क रहने की आवश्यकता है। नशे के मायाजाल को तोड़ने के लिए सभी अभिभावकों, स्कूल कॉलेज संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों को पुलिस के साथ सहयोग करने की आवश्यकता है, तभी हम अपने ही घरों में होती चोरियों, इंजेक्शन से फैलती लाइलाज एड्स जैसी घातक बीमारियों से अपने प्रदेश के युवा संसाधनों को बचा पाने में सक्षम हो सकेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## हुण नी सहनी गुलामी



हेमांशु मिश्रा
अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग

*काले कपड़े पहनी करी*
*सौ देशे ताईं खाई थी,*
*हुण नी सहणी गुलामी*
*अलख पहाड़े च जगाई थी।*
*अपनी बोलियां च*
*कविता रची ने*
*क्रांति गीत सुनाए थे,*
*पहाड़ी गांधी*
*बाबा कांशीराम ने लोको*
*पहाड़ भी भभकाए थे।*
*अंग्रेजां दे नक्के पर*
*धूं दिता था बड़ा निग्गर,*
*आजादिया दी लड़ाइया च*
*जोर लगाया था बड़ा निग्गर,*
*डाडासीबा दे शेरे ने*
*कम किता था बड़ा निग्गर,*
*आजाद होने तक काले कपड़े*
*पहनने दा प्रण किता था बड़ा निग्गर।*

# लोकतंत्र में सोशल मीडिया की भूमिका

सोशल मीडिया एक विशाल ऑनलाइन नेटवर्क है, जो कि दुनियाभर के लोगों को इंटरनेट के माध्यम से जोड़े रखता है। इस ऑनलाइन नेटवर्क को सोशल मीडिया प्लेटफार्म कहा जाता है। इस प्लेटफार्म में ट्विटर, व्हाट्सऐप, यू–ट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक, स्नैपचैट आदि शामिल है। इन पर लोग अपनी प्रोफाइल बनाते हैं और अपने विचार अथवा जानकारियां साझा करते हैं। इसी नेटवर्क को सोशल मीडिया के नाम से जाना जाता है। इसके जरिए हम विचारों एवं सूचनाओं को ऑडियो एवं वीडियो के माध्यम से सार्वजनिक रूप से या फिर अपने मित्रों से साझा कर सकते हैं। बीते कुछ सालों में चुनाव प्रचार के परंपरागत साधनों के अलावा यह भी देखने को मिला है कि सोशल मीडिया भी चुनावों में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

भारत में लगभग सभी बड़े राजनीतिक दल अपने आधिकारिक सोशल नेटवर्किंग साइट का प्रयोग कर अपनी बात रखने तथा अपने प्रतिद्वंद्वियों को जवाब देने हेतु प्रयोग कर रहे हैं। सभी राजनीतिक पार्टियों का अपना सोशल मीडिया सैल है, जिसके उपयोग में विभिन्न सूचनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी को प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाने के लिए उपयोग में लाते है। इसी रूप में सोशल मीडिया ने लोकतंत्र तथा राजनीति पर अपना गहरा असर डाला है। हमारे देश में हमें 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया का जादू हमें देखने को मिला है। सभी चुनाव प्रत्याशी हमें सोशल मीडिया को केंद्र में रखकर अपना चुनाव प्रचार करते दिखे हैं, जिसके जितने अनुसरणकर्ता यानी फॉलोअर्स, उतनी ही उसकी साख मानी जाती है। जितने लोगों ने आपका संदेश लाइक शेयर या री ट्वीट किया, उतनी ही आपकी बात लोगों द्वारा मान ली जाती है, जिसका प्रतिफल बहुसंख्यक राजनीति के रूप में हमें देखने को मिलता है। इसके साथ यदि किसी की सोच विपरीत होती है तो उसे ट्रोल करना या उसके अकाउंट ब्लॉक करना या रिपोर्ट करना जैसे विकल्प भी अपनाए जा रहे हैं।



**लेखक : गुलशन ठाकुर**
गांव डोभा, जिला मंडी

इसके पीछे का कारण यह है कि सोशल मीडिया पर बिना किसी की जवाबदेही एवं विश्वसनीयता के किसी भी खबर अथवा विचार को फैलाया जा सकता है। तर्क एवं तथ्यों को पीछे छोड़कर डर और भावनात्मक बातों के जरिए लोगों को गुमराह करने का काम किया जा रहा है, ऐसे में विपक्षी विचार या आलोचना को पर्याप्त स्थान नहीं मिल पाता है। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए इस प्रकार की सोच घातक हो सकती है क्योंकि लोकतंत्र में अलग–अलग विचारधाराओं को साथ में लेकर सहमति बनाना बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। अन्य पहलू यह भी है कि सोशल मीडिया कंपनियां एक तरफ बोलने की आजादी का लोकतंत्रीकरण कर रही है, साथ ही वैचारिक सहमति के अवसर घट रहे हैं। हम सभी जानते हैं सहमति लोकतांत्रिक प्रणाली का एक अभिन्न अंग है। इसे अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए। चुनी हुई सरकारों को सोशल मीडिया के सशक्त माध्यम से जनता की प्रशंसा और आलोचना को सर आंखों पर लेना चाहिए, ताकि शासन की कमियों को दूर किया जाए। लोकतंत्र में इसके फायदे की बात करें तो इससे देश में सूचनाओं का लोकतंत्रीकरण हुआ है, जिससे सूचनाएं चद हाथों तक सीमित न रहकर उस व्यक्ति तक पहुंच रही है, जो सोशल मीडिया का इस्तेमाल करता है। लोग व्हाट्सऐप अथवा फेसबुक स्टेटस के माध्यम से सूचनाओं के निर्माणकर्ता ही नहीं, बल्कि प्रसारकर्ता भी बन गए हैं , जो कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अच्छा संकेत है। सोशल मीडिया ने समाज के वंचित वर्ग को मुख्य धारा से जुड़ने के लिए अपनी आवाज बुलंद करने का मौका दिया है, जिससे सामाजिक समावेशन को बढ़ावा मिला है। परिणामस्वरूप अब सोशल मीडिया को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को सुदृढ़ करने के उपाय के रूप में भी देखा जाने लगा है। बीते कुछ सालों में मुख्य धारा का मीडिया देश मे फेक न्यूज, गलत प्रचार करने तथा अति आवश्यक मुद्दों को दरकिनार करने जैसी गंभीर आलोचनाओं के घेरे में है।

इसका अंदाजा हम विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में लगातार गिरते प्रदर्शन से लगा सकते हैं। हालांकि वर्ष 2024 में अपनी रैंकिंग में दो पायदान का मामूली सुधार किया है , जो 2022 में दुनिया के 180 देशों में से 161वें स्थान पर था, 2024 मे 159वें स्थान पर पहुंच गया है। वर्ष 2014 में भारत का स्थान 180 देशों मे 140वां था, ऐसी स्थिति मे सोशल मीडिया के रूप मे उभरे डिजिटल मीडिया को काफी उम्मीदों से देखा जा रहा है। जिन मुद्दों को मुख्य धारा के न्यूज चैनल दरकिनार कर देते हैं, सोशल मीडिया के दबाव के चलते मजबूरन उन्हें उठाना पड़ता है, परिणामस्वरूप सरकार के साथ सीधा संवाद स्थापित होता है। जहां एक ओर सोशल मीडिया ने लोकतंत्र को फायदा पहुंचाया है, दूसरी ओर इसने हमारे समक्ष चुनौतियां भी प्रस्तुत की हैं। दोषपूर्ण भाषण, अफवाहें जिसके चलते न केवल सामाजिक और धार्मिक उन्माद को बढ़ावा मिल रहा, बल्कि राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति हेतु भी गलत जानकारियां परोसी जा रही हं। इसके परिणामस्वरूप समाज मे हिंसा, मॉब लिंचिंग, सांप्रदायिक दंगों जैसे अनैतिक गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक पहली बार मतदान करने वाले 80 प्रतिशत मतदाताओं को सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों का सामना करना पड़ा है, जो कि चिंता का विषय है।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे कि व्हाट्सऐप मैसेजिंग के सहारे एडिटिड् तस्वीर, आपत्तिजनक वीडियो तथा झूठे संदेशों की एक चौंका देने वाली तादात मौजूद है, जिनके चलते हमे गलत सूचनाओं एवं विश्वसनीय तथ्यों के बीच अंतर करना मुश्किल हो गया है। सोशल मीडिया पर बढ़ती ऑनलाइन ट्रॉलिंग भी चुनौती बनती जा रही है। सोशल मीडिया के जरिए ऐतिहासिक तथ्यों को भी तोड़–मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। न केवल ऐतिहासिक घटनाओं को अलग रूप में पेश करने की कोशिश हो रही है बल्कि आज़ादी के सूत्रधार रहे नेताओं के बारे में भी गलत जानकारी बड़े स्तर पर परोसी जा रही है। अत: हम कह सकते है कि इसके दुरुपयोग की सम्भावनाओं की कोई निर्धारित सीमा नहीं है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# लोग प्रवचन तो सुनें लेकिन अंधविश्वास न करें

उत्तर प्रदेश के हाथरस में सूरज पाल सिंह उर्फ बाबा साकार हरि नारायण के प्रवचन के बाद दर्दनाक घटना हुई, जिसमें लगभग 120 से अधिक लोगों ने अपनी जान गंवा दी। प्रवचन सुनना कोई बुरी बात नहीं है, लेकिन अंधविश्वास में इतने ही न डूब जाएं कि अपनी जान ही गंवा बैठें। सूत्रों के अनुसार जब बाबा साकार हरि नारायण अपने प्रवचन सुनाने के बाद अपने काफिले के साथ वापस जा रहे थे, तो उसके पश्चात लोग उनके चरणों की धूल को छूने के लिए दौड़ पड़े और उसी भगदड़ में एक–दूसरे के ऊपर गिरते चले गए, जिससे कई लोगों की जान चली गई। यह कैसी भक्ति कि लोग एक इंसान के चरणों की धूल को भगवान के चरणों की धूल समझ कर अपने प्राणों की बाजी लगा देते हैं। अपने इतने सारे लोगों का एक साथ मारे जाना अपने आप में एक बहुत बड़ी दुर्घटना है।

हमारे देश में असंख्य लोग ऐसे हैं, जो किसी न किसी कारण बीमारी या किसी और वजह से पीड़ित हैं। वे लोग जब अपना डॉक्टरी इलाज करवाकर भी ठीक नहीं होते तो वे लोग आस लगाए ऐसे बाबाओं के पास जाकर किसी चमत्कार की उम्मीद में रहते हैं। कोई भी बाबा भगवान नहीं होता, वह भी एक इंसान ही होता है, लेकिन हमारे देश में आज के युग में भी अंधविश्वास इतना है कि लोग लोग सोचते हैं कि यह बाबा हमारे सारे दुख दर्द दूर कर देंगे। इस दर्दनाक घटना का उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार ने कड़ा संज्ञान लिया है और कई गिरफ्तारियां भी हुई हैं। आगे और गिरफ्तारियां होने की उम्मीद है।



**लेखक : नरेंद्र कुमार शर्मा**
जोगिंद्रनगर, मंडी

सरकार ने मृतकों के परिजनों को मुआवजे का ऐलान भी कर दिया है। सूत्रों के अनुसार 84,000 हजार लोगों के आने की प्रशासन से अनुमति ली थी, लेकिन वहां पर लगभग 2,00,000 से अधिक लोग पहुंच गए थे और इतने लोगों के बैठने की सही ढंग से व्यवस्था तक नहीं थी। इसके लिए कौन जिम्मेदार है, यह तो जांच का विषय है, लेकिन हमें भी इस बात को समझना होगा कि आज के वैज्ञानिक युग में अंधविश्वास की कोई जगह नहीं है, न ही किसी बाबा से किसी चमत्कार की। अधिकतर गरीब और भोले–भाले लोग बिना सोचे समझे किसी चमत्कार की उम्मीद लगाए बैठे रहते हैं। प्रवचन सुनना अच्छी बात है जिसमें धार्मिक बातों के अलावा ज्ञानवर्धक जानकारी भी दी जाती है, लेकिन इतना अंधविश्वास भी न करें कि अपनी जान ही चली जाए। अध्यात्म की ओर ध्यान लगाना अच्छी बात है, जिससे आत्मिक शांति मिलती है। महात्माओं, गुरुओं और बाबाओं को भी चाहिए कि लोगों में ऐसी चेतना का निर्माण करें कि लोग अध्यात्म में रुचि तो रखें, लेकिन इंसान रूपी महात्माओं को भगवान मानकर अंधविश्वास में न डूब जाएं। आजकल विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है कि यदि कोई बीमारी है तो उसका इलाज किया जा सकता है। आजकल भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग मानसिक रूप से तनाव में जिंदगी जी रहे हैं। उन्हें चाहिए कि अपने लिए कुछ समय निकालकर व्यायाम या योग करें। अपनी परेशानियों को अपने दोस्तों के साथ शेयर करें, जिससे उनका कोई सही रास्ता निकल सकता है। यदि किसी समागम में अत्यधिक भीड़ आती है तो महात्माओं और गुरुओं को भी चाहिए कि लोगों की उस भीड़ की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं ताकि आने वाले समय में ऐसी दर्दनाक दुर्घटनाओं से बचा जा सके। किसी भी समागम में लोग मानसिक शांति और अपनी समस्याओं से छुटकारा पाने की आस लगाकर आते हैं। हमारे देश भारत में प्राचीनकाल से ही लोग जादू टोने में भी विश्वास करते हैं जो कि एक बहुत गलत बात है। इस तरह के टोटकों में लोग इतनी बुरी तरह से फंस जाते हैं कि वे डॉक्टरी इलाज से दूरी बना लेते हैं और जिंदगी में परेशान होते हैं। जब जादू–टोने से कोई खास फर्क नहीं पड़ता तो उसके पश्चात डॉक्टर के पास जाते हैं, लेकिन तब बहुत देर हो चुकी होती है। अब तो भारत और राज्य सरकारों लोगों के लिए ने मुफ्त बीमा योजनाएं भी चलाई हुई हैं जिनमें आयुष्मान भारत योजना प्रमुख है। लोग इस प्रकार की योजनाओं का लाभ उठाकर अपना इलाज करवा सकते हैं। हम सब लोगों को एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते ऐसे लोगों को जो अंधविश्वास में बहुत अधिक विश्वास करते हैं, उन्हें जागरूक करना चाहिए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हाथरस में जो दर्दनाक दुघटना हुई, लोग अब भी सूरज पाल सिंह उर्फ साकार हरि नारायण को भगवान मानते हैं। उसके आश्रम के बाहर कई हैंडपंप लगे हुए हैं और लोग उन हैंडपंपों के पानी को पीकर बीमारी के ठीक होने का दावा करते हैं। यदि ऐसा है तो डॉक्टरी इलाज़ का क्या मतलब। इन सब बातों से लोगों को बाहर निकलना होगा, इसी में हम सब की भलाई है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# नप संतोषगढ़ में लोगों का स्वागत कर रहे जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर

## सड़कों पर फैल रहा गोबर, लोगों को सता रहा बीमारियां फैलने का डर

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

नगर परिषद संतोषगढ़ में जगह-जगह सड़कों के किनारों पर गंदगी के ढेर लोगों का स्वागत कर रहे हैं। कई जगह पशुओं का गोबर बिखरा हुआ है, तो कई लोगों ने सड़क के किनारे गोबर के ढेर लगाए हुए हैं। सड़क के किनारे लगे ढेरों से गोबर कभी कभी सड़क तक बिखर जाता है, जिससे सड़क के आसपास गंदगी फैल जाती है।

स्थानीय लोगों नरेश कुमार, नवीन, राकेश, सनी आदि ने कहा कि नगर में सड़कों के किनारे गोबर के ढेर लगे आम तौर पर दिखाई दे रहे हैं। नगर की सुंदरता को ये ग्रहण लगा रहे हैं और इससे मक्खी मच्छर भी पैदा हो रहे हैं। हैरानी की बात है कि इस मामले पर नगर परिषद के अधिकारी व परिषद कमेटी के सदस्य कुछ नहीं कर रहे हैं।

उनका कहना है कि सड़कों के आसपास पशुओं का गोबर बिखरा रहना शहर के लिए एक बड़ी शर्म की बात है। खासकर यह समस्या आपको शनि मंदिर, गुरुद्वारा व यहां से माता का भौन निकाला जाता है, वहां पर जरूर दिखाई देगी। ऐसी व्यवस्था देख कर


संतोषगढ़ शहर में लगे कूड़े के ढेर

आम लोग भी हैरान हैं कि आखिर सड़कों के आसपास पड़ी गंदगी को आखिर साफ कौन करेगा। ऐसी गंदगी पर मक्खियां और अन्य जीव जंतु बैठते हैं और बाद लोगों के घरों और दुकानों में पड़े सामान पर बैठ जाते हैं। इससे आम लोगों का स्वास्थ्य भी खराब हो सकता है।

नगर परिषद के अधिकारियों व नगर परिषद की कमेटी को कोई फर्क नहीं पड़ा है। बरसात का मौसम शुरू हो चुका है। इस कारण लोगों को और ज्यादा परेशानी होगी क्योंकि वहां से गुजरने वाले लोगों के कपड़े भी खराब हो सकते हैं।

नगर परिषद संतोषगढ़ के जेई अर्श रत्न का कहना है कि जो गंदगी फैलाने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पहले सभी को इसके लिए बताया जाएगा तथा उसके बाद भी ऐसा करने वालों को नोटिस भेजा जाएगा, जो बनती कार्रवाई होगी, वह की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# दनोह हत्या व मारपीट मामले में पुलिस ने जुटाए साक्ष्य

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की हटली पंचायत के दनोह गांव में दो गुटों में मारपीट मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सभी साक्ष्य जुटा लिए हैं व आरोपियों की धरपकड़ के लिए एक टीम का गठन भी कर दिया है। गौर रहे कि बुधवार रात हटली पंचायत के दनोह गांव में रास्ते के निर्माण को लेकर दो गुटों में मारपीट हो गई थी जिसमें एक व्यक्ति बलदेव सिंह की मृत्यु हो गई थी व तीन अन्य लोग घायल हो गए थे।

घायलों में से एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है जो कि जिला अस्पताल में भर्ती है। पुलिस के मुताबिक बलदेव सिंह व उसका परिवार अपनी जमीन में पानी की निकासी के लिए रास्ते को ठीक कर रहा था कि दूसरे गुट के लोगों ने जमीन की खुदाई करने वाले औजारों व पत्थरों से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सभी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया गया है।

पुलिस की टीम ने घटनास्थल पर जाकर साक्ष्य जुटा लिए गए हैं। अब आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम तैयार है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में दोषी किसी भी आरोपी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। इस संबंध में थाना प्रभारी अनिल उपाध्याय ने बताया कि जमीनी विवाद के चलते मारपीट में पुलिस ने सभी साक्षी जुटा लिए हैं व शाम तक सभी आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर लेगी। (अनंत ज्ञान)

### समाजसेवी डॉ. महिंद्र शर्मा ने लंगर आयोजित करने के लिए दी सहायता

# श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड कटरा को दिए एक करोड़ एक लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, ऊना**

त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित श्री माता वैष्णो देवी के भवन गुफा मंदिर के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को आगामी छह सालों तक प्रत्येक वीरवार को मुफ्त भोजन उपलब्ध करवाने के लिए हिमाचल के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाज सेवी डॉ. महिंद्र शर्मा ने श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड कटरा को एक करोड़ एक लाख रुपए की धनराशि दान की।

डॉ. महिंद्र शर्मा ने यह राशि श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग को कटरा में बैंक ड्रॉफ्ट के माध्यम से दी। इस अवसर पर उनका बेटा ध्रुव शर्मा भी उनके साथ था। उन्होंने श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड को 18 जुलाई, 2024 से शुरू होने वाले वीरवार से लेकर 3 अक्तूबर 2030 तक पड़ने बाले प्रत्येक वीरवार को श्रद्धालओं को तारकोटे में लंगर प्रदान करने के लिए 31000 रुपए प्रति लंगर की धनराशि दान की। इस तरह इस अवधि में इस धनराशि से श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड को 325 लंगर आयोजित करने की धनराशि दान की गई है। 61 वर्षीय डॉ. महिंद्र शर्मा


अंशुल गर्ग को राशि का चेक सौंपते समाजसेवी

ऊना जिले के बढेड़ा राजपूतां से संबंध रखते हैं। विज्ञान में स्नातक , एमबीए और डॉक्टरेट की डिग्री ग्रहण कर चुके समाजसेवी डॉ. महिंद्र शर्मा को जन सेवा विरासत में मिली है और वह इस पारीवारिक परंपरा को बखूबी निभा रहे हैं।

उनके पिता स्व. पंडित अमर नाथ शर्मा ने गरीब कन्यायों की शादी, मंदिर, विद्यालयों, पियाऊ और भंडारे आयोजित करके स्थानीय लोगों के दिलों में अमित छाप छोड़ी है। डॉ. महिंद्र शर्मा नई दिल्ली के इस्कॉन मंदिर की नवीकरण, पुनरोद्धार समिति के वाइस चेयरमैन हैं और यमुना नदी के पुनरोद्धान के लिए गठित हरी यमुना समिति के उपाध्यक्ष भी हैं। उनकी गणना देश के चोटी के समाजसेवी उद्योगपतियों में की जाती है। उनकी कंपनी देशभर में राष्ट्रीय महत्व की इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण, होटल, फूड प्रोसेसिंग, शिक्षा व रियल एस्टेट की अनेक परियोजनाओं का निर्माण कर रही है। डॉ. महिंद्र शर्मा अनेक धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं, जोकि समाज के दबे-कुचले वर्ग के सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। महिंद्र शर्मा ने कहा कि परमात्मा ने जीवन में सफलता प्रदान की है।

उन्होंने कहा कि समाज के प्रति हमारा कर्तव्य है, जरूरतमंद की मदद करें, कोई भी व्यक्ति बिना मदद के नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद के लिए मदद करना मेरी प्राथमिकताओं में शामिल है। पिता पंडित अमरनाथ शर्मा द्वारा दी गई प्रेरणा सदैव सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि ऊना मेरी जन्म भूमि है और हिमाचल देवभूमि के संस्कारों ने हमें आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि समाज बेहतर कार्य के लिए हमें आशीर्वाद दे रहा है, यह अपने आप में प्रभु आशीर्वाद से काम हो रहा है।

# 14 लाख 86 हजार रुपए में नीलाम हुए झील के घाट

**विनोद शर्मा, लठियानी**

- पिछले वर्ष 64 लाख 40 हजार रुपए में हुए थे नीलाम
- ब्लॉक समिति को राजस्व में हुआ भारी नुकसान

गोविंद सागर झील के ऊपर चलाई जाने वाले चार घाटों की नीलामी वीरवार को ब्लॉक समिति कक्ष बंगाणा में हुई। झील पर चारों घाट 14,86000 में नीलम हुए जबकि यही घाट पिछले वर्ष 64 लाख 40 हजार रुपए में नीलाम हुए थे। हालांकि यह बोली 8 महीने की अवधि के लिए की गई है, लेकिन फिर भी ब्लॉक समिति बंगाणा को राजस्व में भारी घाटा उठाना पड़ा है।

कोडरा-दोवड़ घाट 5000, धवेड़ा- रायपुर घाट 8 लाख 25 हजार व मंदली- लठियाणी घाट 6 लाख 55 हजार व घटटी 1000 में नीलाम हुए। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी सुभाष अत्री ने बताया कि घाटों को लेने वाले इच्छुक व्यक्तियों द्वारा कम बोली ही लगाई गई। इन घाटों की नीलामी की अवधि 9 महीने के लिए वैध होगी। इस वर्ष झील के घाटों की नीलामी में बोलीदाताओं ने कोई विशेष रुचि नहीं दिखाई है। इससे पहले घाटों से प्राप्त राजस्व से ब्लॉक समिति की आर्थिक स्थिति मजबूत हो गई थी।

इस दफा पंचायत समिति को बहुत बड़ा झटका लगा है। पंचायत समिति अध्यक्ष देवराज शर्मा, सदस्य राजेंद्र सिंह, जोगिंद्र देव आर्य, अचछरो बीबी, ललिता कुमारी, त्रिशला देवी, कमलजीत कौर, राज कुमार कनिष्ठ अभियंता सचिन शर्मा, मत्स्य फील्ड सहायक पुनित कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# चौरासी पौड़ियां से क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय होते हुए कुठार खुर्द सड़क हुई खस्ताहाल


इस सड़क मार्ग से गुजरने पर वाहनों को भी नुकसान हो रहा है। लोगों ने इस मार्ग की दशा सुधारने की मांग की है।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऐतिहासिक चौरासी पौड़ियां से क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय होते हुए कुठार खुर्द को जोड़ने वाली सड़क की हालत खस्ता हो चुकी है। इसमें जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे पड़ चुके हैं। स्थानीय लोगों ने सरकार से इस मार्ग के सुधार की मांग की है।

ऊना मुख्यालय के निकट बाबा बेदी किले के समीप से रामपुर और कुठार खुर्द को जोड़ने वाली सड़क की हालत बहुत खराब हो चुकी है। सड़क पर गड्ढों की वजह से गुजरने वाले अनेकों राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है।

वहीं, वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है। इस मार्ग पर ही महिला पुलिस थाना, कर्नल अकादमी, शैलजा बिहार कॉलोनी, चिंतपूर्णी कॉलोनी, मणिमहेश कॉलोनी और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय पड़ता है। हजारों वाहनों की आवाजाही होती हैं। कुठारखुर्द निवासी अरुण, पवन, वंदना, संजीव, काजल, रितिक रोशन आदि का कहना है कि विभाग इस सड़क की जल्द मरम्मत करे। इन लोगों का कहना है कि रोजाना सैकड़ों लोग इस मार्ग से होकर गुजरते हैं। इस मार्ग पर कई प्रमुख सरकारी कार्यालय और महिला पुलिस स्टेशन भी है, इसलिए इसे प्राथमिकता के आधार पर तैयार किया जाना चाहिए।

# नील गाय की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमंडल गगरेट के ओयल गांव के एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। बाइक के आगे नील गाय के आने से यह हादसा हुआ। मिली जानकारी के अनुसार ओयल गांव का 30 वर्षीय युवक बुधवार को एक समारोह में भाग लेने के बाद आपने घर बाइक पर आ रहा था।

रास्ते में उसकी बाइक के आगे एक नील गाय आ गई जिससे उसकी बाइक की टक्कर हुई और वह सड़क पर गिर गया। बताया जा रहा है कि युवक अपने घर से कुछ दूरी पर ही इस हादसे का शिकार हुआ है। घरवालों ने घायल अवस्था में उसको गगरेट अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। एएसपी संजीव भाटिया नेबताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# महासभा ने अनुसूचित जाति पर अत्याचार को लेकर रोष प्रदर्शन की दी धमकी


महासभा के सदस्य बैठक के दौरान।


**नवीन महेश, संतोषगढ़**

महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा ऊना द्वारा शनिवार को समाजिक मांगों को लेकर ऊना में विशाल रोष प्रदर्शन किया जाएगा। सभा के राज्य अध्यक्ष अमित वाल्मीकि ने बताया कि विशाल रोष प्रदर्शन एमसी पार्क से शुरू होकर नए बस स्टैंड होते हुए जिलाधीश के माध्यम से राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा।

अमित वाल्मीकि ने बताया किमुख्य मुद्दा गोंदपुर जयचंद में अनुसूचित जाति के नाबालिग बच्चे की हत्या के बारे, ईसपुर में हुए ट्रक चालक द्वारा नाबालिग बच्चे का शारीरिक शोषण, मैहतपुर के ट्रेवल एजेंट द्वारा युवक को गलत देश भेजने के खिलाफ, पार्ट टाइम मल्टी टास्क की समस्याओं द्वारा, करुणामूलक आधार पर नौकरी दिलवाने बारे, उद्योग कर्मियों का वेतन बढ़ाने और ठेकेदारी प्रथा बंद करवाना, सफाई कर्मचारियों, जल रक्षक की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर यह मांगें जल्द नहीं पूरी की गई तो राज्य व्यापी धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

इस अवसर पर सरदार चंचल सिंह सेवक, मुख्य सलाहकार, बलराम कुमार, मणि, लभ, लाड़ी इशांत, सन्नी, कर्ण, अर्जुन, रोहित, आकाश, कुलवर्ण, शुभम सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## जाम हुआ आम



अनंत ज्ञान, ऊना। रोजाना ऊना बस स्टैंड के करीब जाम लग रहा है। बस अड्डे के पास यातायात नियंत्रित करने का कोई विकल्प नहीं है जिससे रोज यह समस्या पैदा हो रही है।

# संगोष्ठी में युवाओं को नशे के खिलाफ आवाज उठाने के लिए किया प्रोत्साहित

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला ऊना द्वारा में नशे के खिलाफ युवाओं का आह्वान विषय शिक्षा भारती कॉलेज ऑफ एजुकेशन समूर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज प्राचार्य हंसराज व विशिष्ठ अतिथि की रूप में विनय शर्मा उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि हंसराज ने कहा कि नशे की लत कितनी खतरनाक है, इसका अंदाजा आप संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (यूएनओडीसी) की विश्व औषधि रिपोर्ट 2022 से लगा सकते हैं। इसके अनुसार दुनिया भर में लगभग 284 मिलियन लोग नशीली दवाओं का उपयोग करते हैं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत दुनिया के सबसे बड़े अफीम बाजारों में से एक है। विद्यार्थियों के रहने की जगहों के आसपास आप अक्सर नशे के व्यापार को देखते-सुनते भी होंगे। हमें आज इससे व्यापक जंग लड़ने एवं एकजुट होने की आवश्यकता है।

वहीं, विनय शर्मा ने कहा कि देशभर में 80 फीसद मनोरोगी और नशा की समस्या से पीड़ित रोगियों को अस्पताल की सुविधा भी मयस्सर नहीं होती। इन स्थितियों पर चिंतन करके समाधान खोजने होंगे। युवाओं को जागरूक करना होगा। (अनंत ज्ञान)


विनय शर्मा समूर में नशे पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए।

# अमर शहीद कैप्टन अमोल कालिया को संस्था ने दिया शौर्य रत्न

**राजेश शर्मा, दिल्ली**

भारतीय समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक, नैतिक, राष्ट्रीय एवं आध्यात्मिक विकास से समाहित सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से स्थापित भारतीय मूल की अग्रणी समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद द्वारा अपने 62वें स्थापना दिवस पर कारगिल युद्ध में अपनी मातृभूमि भारत देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने पर ऊना के वीर सपूत अमर शहीद कैप्टन अमोल कालिया को शौर्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया।

दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के प्रभावशाली कार्यक्रम में बतौर मुख्य मेहमान शिरकत करने पहुंचे केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यह सम्मान कैप्टन अमोल कालिया के माता-पिता उषा कालिया व सतपाल कालिया को भावपूर्ण झुककर प्रणाम करते हुए सौंपा। इस दौरान शहीद कैप्टन अमोल कालिया के सम्मान में सभागार में उपस्थित सैकड़ों लोगों ने खड़े होकर तालियों से उनके माता-पिता का अभिवादन किया।


अमर शहीद कैप्टन अमोल कालिया के परिजनों को सम्मान भेंट करते केंद्रीय मंत्री।

कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश आदर्श कुमार गोयल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन, राष्ट्रीय चेयरमैन (संपर्क एवं ग्रामीण स्वास्थ्य) व भारतीय प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व निदेशक कर्नल सिंह, उत्तर-2 क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष विनीत गर्ग, भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय सचिव पर्यावरण ई. केके सूद व परिषद की नंगल शाखा की पूर्व अध्यक्षा रेनू सूद साथ भारत विकास परिषद के अन्य अनेक राष्ट्रीय, प्रांतीय व शाखा स्तर के दायित्वधारी एवं देहली-एनसीआर के समाज के सैकड़ों प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# हिमकेप्स लॉ अंतिम वर्ष के लिए प्लेसमेंट ड्राइव

**मुकेश कुमार, हरोली।** हिमकेप्स कॉलेज ऑफ लॉ बढ़ेडा अपने अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए 13 जुलाई को कैंप्स प्लेसमेंट का आयोजन करवा रहा है। संस्थान के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि संस्थान ने अपने छात्रों की कैंप्स प्लेसमेंट के लिए तीन लीगल फर्म को प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया है। 13 जुलाई को एंजिना लीगल एंड टेक सॉल्यूशन जीरकपुर ने साक्षात्कार ऑनलाइन रखे हैं।

संस्थान के प्रधानाचार्य जसवंत सिंह ने कहा ककि आने वाले समय में अधिक से अधिक फर्मों से एमओयू साइन करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्रों को लाभ होगा। उन्होंने बताया ि शैक्षणिक सत्र 2024/25 के लिए बीएएलएलबी ऑनर्स तथा एलएलबी की एडमिशन चल रही है, इच्छुक छात्र-छात्राएं 31 जुलाई तक एडमिशन ले सकते हैं।

**बैठक** राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना' विषय पर आयोजित कार्यशाला की तकनीकी शिक्षा मंत्री ने की अध्यक्षता

# हिमाचल को कौशल हब के रूप में किया जा रहा विकसित : धर्माणी

**राजेश शर्मा, ऊना**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने वीरवार को यहां 'राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना' विषय पर आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कहा कि युवा समाज की अमूल्य निधि हैं और प्रदेश सरकार युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर प्रशिक्षित श्रम बल तैयार कर रही है। सरकार का लक्ष्य हिमाचल को कौशल हब के रूप में विकसित करना है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कौशल विकास एवं उद्यमिता पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है। युवाओं को राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना के बारे में जागरूक किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को वजीफा प्रदान कर प्रशिक्षुता प्रशिक्षण को बढ़ावा देना है। निदेशक तकनीकी शिक्षा राज्य प्रशिक्षुता योजना की निगरानी एवं क्रियान्वयन संबंधी कार्यों के राज्य प्रशिक्षुता सलाहकार हैं। प्रदेश सरकार ने राज्य में योजना के प्रति जागरूकता लाने


राजेश धर्माणी बैठक करते हुए।

के लिए 78 सहायक प्रशिक्षुता सलाहकार नियुक्त किए गए हैं। जिला स्तर पर भी संबंधित जिलों में उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रशिक्षुता समिति गठित की है।

सरकार ने प्रदेश में अकुशल श्रम शक्ति को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 6 उद्योग कलस्टर बीबीएनआईए बद्दी, जिला लघु उद्योग संघ बिलासपुर, हिमाचल चैंबर्ज ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, परवाणु इंडस्ट्री एसोसिएशन, सोलन इंडस्ट्री एसोसिएशन और हरोली ब्लॉक इंडस्ट्री एसोसिएशन को प्रति कलस्टर एक करोड़ रुपए प्रदान किए गए हैं। प्रदेश में राज्य स्तर पर प्रशिक्षुता निगरानी सैल गठित किया गया है। यह सैल प्रशिक्षुओं के लिए निरंतर कार्यशालाएं एवं सेमिनार आयोजित करता है।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में योजना के अंतर्गत कुल 2569 संस्थान पंजीकृत हैं और 27,615 प्रशिक्षुओं ने पंजीकरण किया है। उन्होंने कहा कि वेबसाइट पर संस्थान और प्रशिक्षु पंजीकरण कर सकते हैं। प्रदेश सरकार युवाओं के लिए बेहतर प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध करवा रही है और उद्योगों के लिए आवश्यक कौशल एवं श्रम शक्ति को तैयार किया जा रहा है।

निदेशक तकनीकी शिक्षा अक्षय सूद ने कार्यशाला का संचालन किया। कार्यशाला में सचिव तकनीकी शिक्षा प्रियतु मंडल, विशेष सचिव तकनीकी शिक्षा सुनील शर्मा और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत सुमन देवी को दी 2 लाख बीमा राशि

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा लठियानी के शाखा प्रबंधक छत्रपाल एवं सहयोगी शविता शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमा करवाया गया था। इस योजना का लाभ प्राप्त करते हुए सुषमा देवी गांव दूघर को उनके पति की मृत्यु के उपरांत यह धनराशि दी गई।

उन्होंने कहा कि सरबजीत सिंह द्वारा अपने ग्रामीण बैंक खाता में नॉमिनी के रूप में अपनी पत्नी का नाम लिखवा रखा था। सरबजीत की दो माह पहले अचानक मृत्यु हो जाने के कारण सरबजीत द्वारा चलाए गए अपने केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत अपने बैंक खाता में प्रतिवर्ष 436 बीमा योजना के अंतर्गत कटवाया करते थे उस योजना का लाभ प्राप्त करते हुए इस परिवार को 2000600 धनराशि प्राप्त हुई । ज्ञात रहे की सरबजीत अपने पीछे अपनी पत्नी के अलावा दो लड़के एक 24 वर्ष व दूसरा 20 वर्ष का छोड़कर गए हैं। (अनंत ज्ञान)


सरबजीत सिंह के स्वजनों को बीमा योजना की राशि का चेक देते बैंक अधिकारी।

## न्यूज ब्रीफ

### बातल में सेटेलाइट फोन लगाकर राहगीरों को दी राहत



**कमलेश वर्मा, काजा।** मनाली-काजा सड़क मार्ग पर सफर करते समय यदि आप बातल या आसपास किसी मुश्किल में फंस जाते हैं और आपको मदद चाहिए तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं। लाहौल- स्पीति प्रशासन ने बातल में सेटेलाइट फोन लगाकर राहगीरों को बड़ी राहत दी है। राहगीरों के लिए हालांकि फोन करने के पैसे लगेंगे लेकिन उन्हें अब 24 घंटे के लिए यह सुविधा मिल गई है। गौर रहे कि मनाली काजा मार्ग पर सफर करने वालों को ग्रांफू से लोसर तक लगभग 100 किमी के क्षेत्र के बीच सिग्नल की सुविधा नहीं है। इस रास्ते मे कई बार पर्यटक मौसम के कारण दिक्कत में पड़े हैं। बातल में हालांकि रहने व खाने की सुविधा है, लेकिन आपदा स्थिति में फंसने पर पर्यटकों को या तो 50 किमी लोसर या 50 किमी कोकसर आना पड़ता है। लेकिन अब यह सुविधा मिल जाने से उन्हें जाने की जरूरत नहीं रहेगी। पर्यटक आपात स्थिति में प्रशासन व अपनों से सेटेलाइट फोन की मदद से सहायता मांग सकेंगे। उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि गत वर्ष आई प्राकृतिक आपदा के दौरान रेस्क्यू में दूर संचार सुविधा न होना सबसे बड़ी बाधा बनी थी। विधायक अनुराधा राणा के अनुसार कुंजम दर्रा से नीचे बातल में सेटलाइट फोन में पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए सेटेलाइट फोन लगाया है, जिसका यात्रियों को लाभ मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### 200 ट्रेनी ऑपरेटर के पदों के लिए साक्षात्कार 16 को

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा देवी ने कहा है कि मेसर्स मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (टेक्नोसिन ट्रेनिंग सर्विसेज) गुड़गांव, हरियाणा द्वारा पुरुष उम्मीदवारों के लिए ट्रेनी ऑपरेटर के 200 रिक्त पदों की भर्ती के लिए इस कार्यालय को मांग अधिसूचित की गई है। उक्त भर्ती हेतु कैंपस साक्षात्कार उपरोजगार कार्यालय बंजार और उप-रोजगार कार्यालय, आनी आयोजित करवाए जाएंगे। रिक्तियों के लिए आवश्यक योग्यता दसवीं पास 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण तथा आयु 18 से 20 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वेतनमान 16,500 मासिक होगा तथा नौकरी का कार्यस्थल गुड़गांव और मानेसर, हरियाणा है। योग्य उम्मीदवार 15 जुलाई को अपने दस्तावेजों सहित सुबह 10.30 बजे उपरोजगार कार्यालय बंजार तथा 16 जुलाई सुबह 10.30 बजे उप-रोजगार कार्यालय आनी पहुंचकर कर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार हिमाचल प्रदेश के रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए। इच्छुक तथा योग्य उम्मीवारों से अनुरोध है कि वह ऑनलाइन पंजीकरण तथा इंटरव्यू हेतु आवेदन के लिए *www.eemis.hp.nic.in* पोर्टल पर जाएं। अधिक जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय कुल्लू 01902-222522 पर संपर्क करें। (अनंत ज्ञान)

### सराज वैली टैक्सी ऑपरेटर यूनियन अध्यक्ष का चुनाव 15 को

**शीला कौल, बंजार।** सराज वैली टैक्सी ऑपरेटर यूनियन बंजार के चुनाव 15 जुलाई को होने जा रहे हैं। जानकारी देते हुए सचिव प्रेम चंद ने बताया कि 8 जुलाई को अपने नाम दर्ज करवाने के लिए तिथि तय की गई थी और नाम वापसी के लिए 10 जुलाई की तिथि तय थी। इन चुनावों के लिए अध्यक्ष पद सहित उपाध्यक्ष का पद रखा गया था जिसमें उपाध्यक्ष पद के लिए सर्व सहमति से चितरंजन ठाकुर को उपाध्यक्ष पद के लिए चुना गया। वहीं, अध्यक्ष पद के 5 उम्मीदवारों द्वारा अपनी दावेदारी पेश की थी, पर बाकी तीन उम्मीदवारों द्वारा अपने नाम वापस ले लिए हैं। अब अध्यक्ष पद के लिए राज कुमार व दुले सिंह के मध्य में 15 जुलाई को मतदान करवा कर टैक्सी ऑपरेटर अध्यक्ष चुनेंगे। सचिव प्रेम चंद ने सभी टैक्सी ऑपरेटर से आग्रह किया है की 15 जुलाई को इस मतदान में अपनी अहम भूमिका दर्ज करवाएं। सचिव प्रेम चंद ने बताया कि अध्यक्ष पद के चुनावों के पश्चात पूर्ण कार्यकारिणी का चयन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### रमेश बने कुल्लू वैली रिवर राफ्टिंग के अध्यक्ष



**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** कुल्लू जिले में मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल्लू वैली रिवर राफ्टिंग ऑपरेटर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें कुल्लू-मनाली रिवर राफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकम राम ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव के पद के लिए वोटिंग हुई, जिसमें 169 ऑपरेट्र्स से 164 ऑपरेटर्स ने चुनाव में भाग लिया। इसमें अध्यक्ष पद पर रमेश ठाकुर को 66, श्याम चंद अत्री 51 और शिव चंद 45 वोट पड़े, जिसमें रमेश ठाकुर ने श्याम चंद्र अत्री 15 वोटों से हराया। वहीं उपप्रधान पद के लिए राजेंद्र सिंह को 100 और प्रदीप ठाकुर को 62 वोट पड़े और राजेंद्र सिंह ने प्रदीप ठाकुर को 38 वोटो से हराया। सचिव पद के लिए हीरा लाल को 118 और सुमित सूद 45 वोट पड़े और हीरा लाल ने सुमित सूद को 73 वोटों से हराया। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद पर निहाल चंद को और सचिव के पद पर विक्रांत ठाकुर को निर्विरोध चुना गया। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस की वीना देवी के हाथ जिला परिषद लाहौल-स्पीति की सरदारी

## वरपा वार्ड को चौथी बार मिला प्रतिनिधित्व, आठ में से पड़े पांच मत

**कमलेश वर्मा, केलांग**

लाहौल-स्पीति जिला परिषद अध्यक्ष की कमान अब कांग्रेस की वीना देवी संभालेंगी। एक बार फिर जिला परिषद में कांग्रेस का दबदबा बरकरार रहा है। वारपा वार्ड से कांग्रेस समर्थित वीना देवी के सर अध्यक्ष का ताज सजा है। व

रपा वार्ड को चौथी बार जिला परिषद का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। सबसे पहले संसार चंद, दूसरी बार पुष्पा, तीसरी बार रमेश रवालवा, जबकि अब चौथी बार वीना देवी अध्यक्ष बनी है। अनुराधा राणा के विधायक बनने से अध्यक्ष पद खाली हो गया था। लाहौल-स्पीति जिला परिषद में 10 सदस्य हैं। इनमें कांग्रेस समर्थित छह तथा भाजपा समर्थित चार सदस्य जीते थे। अनुराधा के विधायक बनने से नौ सदस्य ही रह गए थे तथा कुंगा बौद्ध को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते पार्टी ने निष्काशित कर दिया था, जिससे अब कांग्रेस के पास चार सदस्य रह गए थे।



नवनियुक्त अध्यक्ष वीना देवी के साथ उपाध्यक्ष राजेश शर्मा व अन्य।

उपचुनाव में भाजपा का टिकट रवि ठाकुर को मिलने से भाजपा बिखर गई और भाजपा के अधिकतर सदस्य व नेता आजाद प्रत्याशी रामलाल मार्कंडेय के समर्थन में उतरे। भाजपा समर्थित जिला परिषद के चार में से तीन सदस्य लाहौल-स्पीति विकास मंच में आ गए। लोसर से भाजपा के चौथे सदस्य ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया। कांग्रेस भाजपा में सेंधमारी कर अपनी संख्या पांच कर बाजी मारने में सफल रही। जिला परिषद अध्यक्ष के लिए फिर से चुनाव हुए पीठासीन अधिकारी एवं जिलाधीश लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने इस चुनाव की तमाम जानकारियां सदस्यों को दे दीं।

वार्ड नंबर चार से वीना देवी तथा वार्ड नंबर 9 काजा से मोना के बीच मुकाबला हुआ। वीना देवी के लिए प्रस्तावक छेजंग डोलमा, जबकि मोना के लिए महेंद्र ने प्रस्तावक के रूप मे समर्थन किया। आठ सदस्यों की कौरम मे पांच सदस्यों ने वीना देवी के पक्ष मे वोट किया, जबकि लाहौल-स्पीति विकास मंच समर्थित सदस्यों ने मतदान में भाग नहीं लिया। पीठसीन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने वीना देवी को अध्यक्ष घोषित किया। विधायक अनुराधा राणा ने वीना को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बीना देवी ने सभी सदस्यों का आभार जताया और लाहौल-स्पीति का एक समान विकास करवाने की बात कही। (अनंत ज्ञान)

# अग्निवीर योजना से भारतीय सेना होगी कमजोर : टीएस ठाकुर



प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर टीएस ठाकुर, साथ हैं अन्य।

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

भूतपूर्व सैनिक लीग कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के चेयरमैन सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर टीएस ठाकुर ने कहा है कि अग्निवीर योजना केंद्र सरकार की एक लंगड़ी योजना है, जो कि भारतीय सेना को मजबूती देने की बजाय सेना के मनोबल को कमजोर कर रही है।

वीरवार को कुल्लू के ढालपुर स्थित प्रेस भवन में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना को विफल योजना बताते हुए इस योजना को लंगड़ी योजना करार दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना देशहित में नहीं है, इससे भारतीय सेना कमजोर होगी। सरकार ने 2022 में इस योजना को लाया। इसमें सिर्फ चार साल के लिए भर्ती की जाती है। छह महीने की ट्रेनिंग में सैनिक की ट्रेनिंग नहीं हो सकती।

सैनिक बनने के लिए कम से कम पांच साल चाहिए। तभी उसके अंदर देशभक्ति का जज्बा आएगा। जब भविष्य सुरक्षित नहीं है तो जबान कैसे जंग के मैदान में दुश्मन का मुकाबला कर सकेगा। अग्निवीर जब चार साल बाद लौटेगा तो उसके हाथ खाली होंगे। उन्होंने कहा हमारे देश की सीमाएं पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान और चीन से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल में अब तक दो अग्निवीर शहीद हुए हैं और उन्हें शहीद का दर्जा न मिलना दुखद विषय है। इस मौके पर उनके साथ सेवानिवृत्त कैप्टन तारा चंद ठाकुर, खेम चंद व अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# सावधानी ही दुर्घटनाएं कम करने का बेहतर उपाय: पराशर

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

आम जनता की सहभागिता से सरकार की विकास योजनाओं में तेजी आती है। राज्य सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचनी चाहिए। यह जानकारी कुल्लू जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार ने हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड द्वारा पब्लिक इंटरेक्शन कार्यक्रम के तहत जिला परिषद सभागार में आयोजित त्रैमासिक जागरूकता बैठक के दौरान दी।

इस अवसर पर अपनी प्रस्तुति में विद्युत बोर्ड के सलाहकार अनुराग पराशर ने सर्वप्रथम विद्युत संबंधी उपभोक्ताओं की शिकायतों के निपटारे के लिए नियामक आयोग द्वारा निर्धारित थ्री टायर शिकायत निवारण प्रणाली के बारे जानकारी प्रदान की। विद्युत सुरक्षा में नियामक आयोग द्वारा विद्युत सुरक्षा रेगुलेशंस की चर्चा की।



बैठक के उपरांत उपभोक्ता एवं विद्युत बोर्ड के अधिकारी व कर्मचारी।

उन्होंने नए विद्युत कनेक्शन जारी करने, अतिरिक्त विद्युत भार, अस्थायी विद्युत कनेक्शन आदि पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि आम तौर पर ग्रामीण इलाकों में लोग अपने पालतू जानवरों को घरों के नजदीक बिजली के खंबों में बांध देते हैं जो कि एक लापरवाही का कारण है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के प्रति सावधानी ही दुर्घटनाओं को कम करने का सबसे बेहतर उपाय है। उन्होंने कहा कि विद्युत शिकायतों के लिए बिजली बोर्ड के टोल फ्री नंबर 1800-180-8060 या 1912 स्थापित किया गया है, जिसमे विद्युत से संबंधित शिकायतें की जा सकती हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं द्वारा मीटर लेते समय दी गई सिक्योरिटी राशि के ऊपर सालाना ब्याज राशि हर वर्ष 30 जून के पश्चात प्रदान किए जाने का प्रावाधानों के बारे में भी अवगत करवाया।

बैठक में कुल्लू विद्युत वृत्त के अधिक्षण अभियंता रूम सिंह ठाकुर ने उपभोक्ताओं को बिजली के अनाधिकृत प्रयोग और चोरी पर विभिन्न प्रकार की सजाओं के प्रावधान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सेक्शन 126 के अतर्गत क्षतिपूर्ति का प्रावधान है यानि बिजली के अनाधिकृत प्रयोग पर भारी राशि चुकानी पड़ती है व सेक्शन 135 के अंतर्गत सीधी चोरी, क्षतिपूर्ति राशि के साथ जेल की सजा का प्रावधान है। संलग्न अधिकारी वरिष्ठ अधिशासी अभियंता ई. आयुष मिन्हास ने विद्युत बचत के बारे में जानकारी दी। बैठक में उपस्थित कुल्लू नगर परिषद के उपाध्यक्ष चंदन प्रेमी, तलोगी पंचायत प्रधान वीना देवी, बंदल उपप्रधान सुरेंद्र ठाकुर आदि ने समस्याओं को बैठक के समक्ष रखा। बैठक में उपस्थित बोर्ड के अधिकारियों द्वारा इन समस्याओं को जल्द से जल्द निपटारा करने का आश्वासन दिया। (अनंत ज्ञान)

# निगान-शवाड़ मार्ग पर हांफी एचआरटीसी बस

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

एचआरटीसी के रामपुर डिपो से आनी के ग्रामीण क्षेत्रों को खटारा बसें भेजने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन आनी क्षेत्र की हर किसी सड़क पर एचआरटीसी की बसें खराब होने से लोग परेशान हो गए हैं। आनी से जाबो रूट पर भेजी एचआरटीसी की बस मंगलवार को निगान-शवाड मार्ग पर शैलापनी के समीप खराब हो गई।



जानकारी के अनुसार बस नंबर एचपी 06ए5583 फ्यूल पंप खराब होने के कारण बीच रास्ते में खराब खड़ी है। पहले यह बस आनी-शवाड सड़क मार्ग पर बीच रास्ते मे खड़ी थी, जिसे बाद में खिसका कर शैलापनी स्थित शैलपुत्री मंदिर जाने वाली संपर्क सड़क के मध्य खड़ा कर दिया गया। फलस्वरूप शैलापनी के शैलपुत्री मंदिर को जाने वाला रास्ता वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गया है। जिसके कारण हर मंगलवार, शुक्रवार और रविवार को मंदिर में दरबार लगने पर आने वाले दर्जनों श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब श्रद्धालुओं करीब 600 मीटर पैदल, या सैंकड़ों सीढ़ियां चढ़कर मंदिर पहुंचना पड़ रहा है। वहीं एचआरटीसी के रामपुर डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक (कार्यकारी) अतुल गुप्ता से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क हो नहीं हो पाया। (अनंत ज्ञान)

# देव हारियानों ने 70 फुट लंबी मशाल को कंधे पर उठाकर की गांव की परिक्रमा

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू जिले की सैंज घाटी की ग्राम पंचायत कनौन में हर वर्ष की तरह इस बार भी हूम मेले में देव परंपरा की अनूठी मिसाल देखने को मिली। देवता ब्रह्मा व देवी भगवती के होम मेले में देव हारियानों द्वारा लगभग 70 फुट लंबी लकड़ी की जलती मशाल को कंधे पर उठाकर देव कार्य विधि अनुसार गांव की परिक्रमा कर देव कार्य को निभाया।

इस परंपरा को देखने के लिए कनौन में भगवती व बह्मा के मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हाजिरी भरी। मान्यता है कि इस दिन देवी भगवती प्राकृतिक आपदा को टालने के लिए देवी महामाई ज्वाला का रूप धारण कर सभी की मनोकामना पूरी करती हैं। काबिले गौर है कि हर वर्ष आषाढ़ महीने में देवी भगवती लक्ष्मी अपने क्षेत्र की रक्षा के लिए हूम जगराते पर्व का आयोजन करती है। देवी के गुर रोशन लाल, झाबे राम ने बताया कि क्षेत्र में घटने वाली प्राकृतिक आपदा या बुरी आत्मा तथा भूत-पिशाच की नजरों से बचने के लिए इस पर्व का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस पर्व में मशाल जलाने का कारण है कि देवी भगवती इस मशाल में ज्वाला रूप धारण कर उक्त परिस्थितियों से निजात दिलाती है।



हूम पर्व के दौरान मशाल के साथ गांव की परिक्रमा करते हुए हारियान।

इसी कड़ी में इस बार भी देवी भगवती और ब्रह्मा ऋषि के रथ को पूरे लाव-लश्कर के साथ माता के मंदिर देहरी में पहुंचाया। देव पूजा-अर्चना के बाद रात्रि 12 बजे के करीब यह देव कार्य शुरू हुआ। मशाल को कंधे पर उठाकर मंदिर के चारों ओर परिक्रमा कर लगभग एक किलोमीटर दूर कन्नौन गांव पहुंचाया। गांव के बीच मिसाल को खड़ा कर देव खेल का भी निर्वहन हुआ और जलती मशाल के साथ देवी भगवती के गुर व उनके अंग-संग चलने वाले शूरवीर देवता तूदला, बनशीरा खोड़ू, पंचवीर व देवता जहल के गुर ने जलती मशाल के आगे देवखेल कर देव परंपरा को निभाया।

वहीं, जैसे ही मशाल को कन्नौन गांव की ओर लाया जाता है तो नाले में पहुंचकर अश्लील गालियां का अदान-प्रदान होता है। देव हारियानों के अनुसार या गालियां भूत-प्रेत वह बुरी आत्मा को भगाने के लिए दी जाती है। (अनंत ज्ञान)

# जलोड़ी टनल निर्माण के सर्वे को लेकर हुई जनसुनवाई

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

नेशनल हाइवे 305 पर वर्षों से प्रतीक्षित जलोड़ी टनल निर्माण को लेकर केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्रालय और एनएच विभाग कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं, लेकिन जनसुनवाई के दौरान एक आपत्ति आने साब इसके निर्माण की प्रक्रिया थोड़ा आगे खिसक गई है।

साल के करीब 4 से 6 माह बर्फबारी के कारण बंद होने के कारण जलोड़ी दर्रे को बाईपास करने और साल के 12 महीने आवाजाही हो सके, इसके लिए आनी और बंजार विस क्षेत्र के मध्य प्रस्तावित जलोड़ी टनल निर्माण को लेकर अल्टीनॉक कंपनी द्वारा पांच साइटों का चयन किया गया है। जिसको अंतिम रूप देने के लिए आनी और बंजार विस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और संबंधित क्षेत्र की जनता के साथ कंपनी और एनएच विभाग के अधिकारियों का एक जनपरामर्श कार्यक्रम सौहार्द पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम आनी के खनाग विश्राम गृह और बंजार के शोजा विश्राम गृह में आयोजित किया गया। कंपनी के अधिकारियों ने अब तक किए गए अपने सभी कार्यों को उपस्थितजनों के समक्ष सार्वजनिक किया।



जलोड़ी टनल निर्माण के सर्वे को लेकर हुई जनसुनवाई में उपस्थित अधिकारी व लोग।

### अलटिनॉक कंपनी ने 5 साइटों को किया है चिन्हित

कंपनी ने जलोड़ी टनल के निर्माण के लिए पांच साइटों का चयन किया है। जिसमें से दो साइटों की अलाइनमेंट खनाग से घियागी, खनेरानाला से घियागी, जबकि एक खनाग से सजबाड और एक बरगोल खड्ड से घियागी है। उक्त पांच साइटों में से सिर्फ एक साइट बरगोलखड्ड से घियागी अलाइनमेंट पर शोजा के ग्रामीणों की ओर से आपत्ति दर्ज की गई है। प्रशासन इस आपत्ति को उच्चाधिकारियों को भेज दिया। लोगों की ओर से सुझाव दिए गए हैं कि टनल निर्माण के समय उनका कोई नुकसान न हो, और स्थानीय लोगों को रोजगार में तरजीह दी जाए। नेशनल हाईवे रामपुर डिवीजन के अधिशासी अभियंता केएल सुमन का कहना है कि दोनों जगह जनपरामर्श कार्यक्रम सोहार्दपूर्ण तरीके से आयोजित हुआ। (अनंत ज्ञान)

> जन सुनवाई के दौरान ग्रामीणों की आपत्ति को सुना गया है। सोझा गांव के लोगों की आपत्ति पर अल्टीनोक कंपनी को संभावित एवं आवश्यक सुधार करने के लिए कहा गया है। -इंजी. केएल सुमन
> अधिशाषी अभियंता, एनएच विभाग, रामपुर सब-डिवीजन

# 'थप्प रोटी थप्प दाल' लघु नाटक का सफल मंचन

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला शमशी में आयोजित 21 दिवसीय बाल नाट्य कार्यशाला का वीरवार को समापन हुआ। यह कार्यशाला उभरते युवा रंगकर्मी परमानंद के नेतृत्व में नाट्य संस्था 'रंगसभा' द्वारा आयोजित की गई।

समापन मौके पर विद्यालय के प्रांगण में छात्रों तथा अध्यापकों के समक्ष प्रतिभागी बच्चों द्वारा कार्यशाला में पनपे लघु नाटक 'थप्प रोटी थप्प दाल' का सुंदर मंचन किया। इस प्रस्तुति को मिडल स्कूल शमशी के छात्रों, अध्यापकों तथा बीएड की टीचिंग प्रैक्टिस के लिए आए प्रशिक्षुओं ने भी देखा और सराहा।

मुख्य अध्यापिका सुनीता भार्गव ने उनके बच्चों के साथ इस कार्यशाला के आयोजन के लिए परमानंद और रंगसभा समूह का धन्यवाद किया और भविष्य में भी बच्चों के व्यक्तित्व के विकास के लिए इस तरह की कार्यशाला आयोजित करने की आशा जताई। रोखा जैन द्वारा लिखित व परमानंद द्वारा निर्देशित यह लघु नाटक 'थप्प रोटी थप्प दाल' बच्चों के एक खेल का नाटक है, जिसमें बच्चे रोटी बनाने का खेल खेलते हैं और एक लड़की बिल्ली बनती है। जब खाना बनता है तो सारे बच्चे नाच-गाकर और खाना खाकर सो जाते हैं, बाकि खाना वे नींद से उठकर खाने की योजना बनाते हैं, लेकिन बिल्ली नहीं सोती और वह मौका मिलते ही बाकि का खाना खा जाती है और भाग जाती है। जब वे लोग उठते हैं तो देखते हैं कि खाना तो सारा चट्ट हो गया है। तब वे उस बिल्ली को ढूंढ कर लाते हैं और उससे कहते हैं कि आइंदा इस तरह से खाना मत खाना। वह कहती है मैं तो खाउंगी ही, मैं क्या अगर ऐसे ही सोते रहोगे तो कोई भी खा लेगा। इस तरह से बिल्ली उन बच्चों को सतर्क रहने का सबक देती है। नाटक में अनूप, साहिल, माधव, चिराग, आदित्य, आरकेष, अमित, गुंजन, इकरा, सोफिया, सोनम, काजल, अमन, दुर्गा, अंशुमन, रेषमी, हुमायरा, प्रिया, वैष्णवी, अनिशा, तथा रॉक्सग आदि 21 बच्चों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)



लघु नाटिका में अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाते हुए बच्चे।

# एचआरटीसी की बस के नीचे आया बुजुर्ग, मौत

**शीला कौल, बंजार।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार में गत दिन एचआरटीसी की बस के नीचे आने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस की टीम ने बस के चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया है और आगामी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार मोहर सिंह निवासी टघियार ने मामला दर्ज करवाया है कि वह शलाड गांव में दुकानदारी करता है। बीती शाम के समय जब वह अपनी दुकान में मौजूद था और वह उसके बाद पैदल सड़के के किनारे जा रहा था तो उस समय एचआरटीसी बस नंबर एचपी 66 3482 आई और देवी सिंह अचानक इस बस के पिछले टायर की चपेट में आ गया और देवी सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, इस बारे बंजार पुलिस को भी सूचित किया गया। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने बस के चालक खाविंद्र सिंह निवासी परवाड़ा, जिला मंडी के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज लिया है। (अनंत ज्ञान)

## मनमानी | शहर में घरद्वार से कूड़ा उठाने की चलाई है योजना

# महंत बेहड़ में खुलेआम फेंका जा रहा है कूड़ा

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू के जिला मुख्यालय ढालपुर के साथ लगते महंत बेहड़ में एक खाली पड़ी जमीन पर आसपास के लोगों के द्वारा कूड़ा फेंका जा रहा है। हालांकि नगर परिषद कुल्लू द्वारा शहर में घरद्वार कूड़ा उठाने की योजना चलाई गई है, लेकिन न ही तो यहां पर कूड़ा उठाने वाले पहुंचते हैं और न ही लोग खुले में जहां-तहां कूड़ा फेंकने से मान रहे।

सनद रहे कि महंत बेहड़ में जिस जगह पर कूड़ा फेंका जा रहा है, वहां पर न तो किसी तरह के कूड़ेदान की व्यवस्था है और न ही कूड़े को व्यवस्थित तरीके से रखने के लिए कोई तरीका अपनाया गया है। महंत बेहड़ में घर-घर से कूड़ा उठाने की व्यवस्था उपलब्ध है, लेकिन इस व्यवस्था के होने के बावजूद भी लोग जिस तरह से गुपचुप तरीके से कूड़े को खाली पड़ी जमीन में फेंक रहे हैं, उससे वह स्थान कूड़े के ढेर में तबदील होता जा रहा है।





महंत बेहड़ में खाली जगह पर फेंका गया कूड़ा तथा (दाएं) यहां कूड़ा फेंकना मना है का लगा बोर्ड।

हैरानी की बात है कि इस स्थान पर एक बोर्ड भी लगा हुआ है जिस पर लिखा है कि यहां पर कूड़ा फेंकना मना है, लेकिन लोगों को इस बोर्ड से भी कोई लेना देना नहीं है। महंत बेहड़ में ज्यादातर लोगों के पास दर्जनों किराएदार हैं। कूड़े को खाली स्थान में फेंकने ने ज्यादातर योगदान छात्र किरायेदारों का है।

कूड़े को जिस तरह से घर-घर से उठाने की व्यवस्था दी गई है उसी तर्ज पर जहां-जहां भी खाली पड़ी जगह पर लोग कूड़ा फेंक रहे हैं। वहां से इन्हीं सफाई कर्मचारियों से कूड़ा उठाने को कहा जाए और उस स्थान पर या फिर दूसरी अन्य जगह पर कूड़ेदान की व्यवस्था की जाए।

इस संदर्भ में यहां से गुजर रहे किशन लाल, गणेश, सोनम, बिशन सिंह, दिवान चंद, निरत ठाकुर, प्रकाश ठाकुर आदि का कहना है कि कूड़े के ढेर लगने की वजह लगातार बदबू बढ़ती जा रही है और इसी कूड़े में खाना ढूंढ रहे आवारा पशु भी डटे रहते है जिस कारण इस रास्ते से चलने फिरने वाले लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। (अनंत ज्ञान)

# भारतीय एथलेटिक्स टीम विदेश में करेगी ओलंपिक तैयारी

## 30 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम करेगी ट्रेनिंग, स्टार भालाफेंक एथलीट नीरज चोपड़ा तुर्की के अंताल्या में करेंगे अभ्यास

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ओलंपिक के लिए 30 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स टीम अपनी तैयारियों के अंतिम चरण में विदेश में तीन अलग-अलग स्थानों पर प्रशिक्षण लेगी तथा ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिताओं के शुरू होने से चार दिन पहले 28 जुलाई को पेरिस में एकत्रित होगी।

पोलैंड के स्पाला में ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर, तुर्की में अंताल्या और स्विट्जरलैंड में सेंट मोरित्ज तीन विदेशी गंतव्य हैं, जहां भारतीय एथलीट अपनी तैयारी के अंतिम चरण में प्रशिक्षण लेंगे।

मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने कहा, 'राष्ट्रीय एथलेटिक्स टीम के सदस्य ओलंपिक खेलों की तैयारी के लिए अलग-अलग स्थानों पर प्रशिक्षण लेंगे, लेकिन उन्हें 28 जुलाई को पेरिस में इकट्ठा होना होगा।' ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा तुर्की के अंताल्या में रहेंगे।

नायर ने कहा, ' नीरज चोपड़ा पहले ही तुर्की पहुंच चुके हैं और




28 जुलाई को पेरिस पहुंचेंगे।'

वर्ल्ड एथलेटिक्स रोड टू पेरिस सिस्टम में उनकी रैंकिंग के आधार पर लॉन्ग जंपर जेसविन एल्ड्रिन और 500 मीटर धावक अंकिता ध्यानी को शामिल करने के साथ ही भारतीय एथलेटिक्स टीम में 30 सदस्य हो गए हैं।

चार रेस वॉकर (अक्षदीप सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट, विकास सिंह, सूरज पंवार) और ट्रिपल जंपर अब्दुल्ला अबूबकर वर्तमान में बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में हैं, जबकि अविनाश साबले और पारुल चौधरी स्विट्जरलैंड के सेंट मोरित्ज में प्रशिक्षण लेंगे। 4 गुणा 400 मीटर रिले टीम (पुरुष और महिला) के सभी सदस्य गुरुवार को पोलैंड के लिए रवाना हुए।

चार एथलीट (किशोर जेना (भाला फेंक), ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), जेसविन एल्ड्रिन (लंबी कूद) और प्रवीण चित्रावेल (ट्रिपल जंप)) इस सप्ताह की शुरुआत में पोलैंड पहुंचे।

### पेरिस ओलंपिक के ध्वजवाहक




**पीवी सिंधू** आगामी पेरिस ओलंपिक-2024 के उद्घाटन समारोह के दौरान प्रसिद्ध टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरथ कमल के साथ भारतीय दल का नेतृत्व करेंगी। वहीं अभी तक समापन समारोह के लिए किसी के नाम की घोषणा नहीं की गई है, जिसके बाद में घोषित किए जाने की उम्मीद है। खेलों के सबसे बड़े मंच पर इस बार 112 भारतीय हिस्सा लेने वाले हैं। भारत की ओर से 66 पुरुष और 47 महिलाएं पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। खिलाड़ियों ने अपने-अपने खेलों के मानक अनुसार ओलंपिक खेलों के लिए क्वालिफाई किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### गांगुली ने 'कोलकाता रॉयल टाइगर्स' टीम खरीदी

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने इस साल अगस्त और सितंबर के बीच होने वाले 'इंडियन रेसिंग फेस्टिवल' 2024 में कोलकाता रॉयल टाइगर्स टीम



खरीदी। कोलकाता की रेसिंग टीम इस प्रतियोगिता में पदार्पण करेगी, जिसमें हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, गोवा, कोच्चि और अहमदाबाद की सात टीमें भी इसमें हिस्सा लेंगी। 'इंडियन रेसिंग फेस्टिवल' में दो मुख्य चैम्पियनशिप होंगी जो इंडियन रेसिंग लीग और फॉर्मूला 4 इंडियन चैंपियनशिप हैं। इस जुड़ाव पर उत्साह से भरे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्व प्रमुख गांगुली ने कहा, ''मैं 'इंडियन रेसिंग फेस्टिवल' में कोलकाता की टीम के साथ इस यात्रा को शुरू कर काफी उत्साहित हूं। मोटरस्पोर्ट हमेशा ही मेरा जुनून रहा है और कोलकाता रॉयल टाइगर्स के साथ हमारा उद्देश्य 'इंडियन रेसिंग फेस्टिवल' में एक मजबूत विरासत बनाने के साथ नयी पीढ़ी को प्रेरित करना है।'' रेसिंग प्रोमोशंस प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अखिलेश रेड्डी ने गांगुली का स्वागत किया।

### टेनिस में बेहतर कर सकती थी : साइना

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल को लगता है कि अगर उन्होंने बैडमिंटन खेलने के बजाय टेनिस का रैकेट पकड़ा होता तो वह बतौर खिलाड़ी और बेहतरीन प्रदर्शन कर सकती थीं। बैडमिंटन खिलाड़ी के तौर पर भी साइना ने काफी प्रभावित किया है जिसमें वह दुनिया में शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला शटलर बनीं और वह ओलंपिक पदक जीतने वाली देश की पहली महिला एथलीट भी बनीं।साइना ने कहा, ''कभी कभार मुझे लगता है कि अगर मेरे माता पिता ने मुझे टेनिस में डाला होता तो अच्छा होता। इसमें ज्यादा पैसा है और मुझे लगता है कि मैं ज्यादा ताकतवर थी। मैं टेनिस में बैडमिंटन से बेहतर कर सकती थी।''

### अपना शत-प्रतिशत देने की जरूरत : सुंदर

**हरारे ।** वॉशिंगटन सुंदर ने कहा कि उन्हें भारत की टी-20 टीम में स्पिन ऑलराउंडर की जगह के लिए दावा पेश करने के लिए अपना शत-प्रतिशत देने की जरूरत है। रविंद्र जडेजा के संन्यास के बाद यह स्थान खाली हो गया है। भारत की हालिया टी-20 विश्व कप जीत के बाद जडेजा ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले लिया। वॉशिंगटन ने जिम्बाब्वे के खिलाफ चल रही पांच मैचों की सीरीज में अभी तक अच्छा प्रदर्शन खुद को साबित किया है। उन्होंने कहा, ''मुझे अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है जिसमें मैं अच्छा हूं और जो मैं कर सकता हूं। मुझे हर दिन अपना शत प्रतिशत देने की जरूरत है।''



### टीम से बाहर रखने पर स्टार्क नाराज

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 विश्व कप में सुपर-8 चरण के मैच में बाहर रखे जाने पर नाराजगी जताई है।



टी-20 विश्व कप 2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम को अफगानिस्तान के हाथों 21 रन से अप्रत्याशित पराजय का सामना करना पड़ा और टीम सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंच सकी। ऑस्ट्रेलिया ने स्टार्क की जगह एश्टोन एगर को उतारा था, लेकिन वह कोई विकेट नहीं ले सके। स्टार्क ने कहा ,'' टीम प्रबंधन ने मैच एश्टोन पर भरोसा किया क्योंकि पिछले मैच पर उस मैदान पर स्पिनर चल रहे थे। उसने पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन अफगानिस्तान ने स्पिन को बखूबी खेला और शायद हालात का आकलन हमसे बेहतर किया था। हमने कुछ गलतियां की जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा। '' उन्होंने टूर्नामेंट के शेड्यूल पर भी नाराजगी जताते हुए कहा ,''ग्रुप चरण में हम इंग्लैंड से आगे थे और अचानक ही अलग ग्रुप में आ गए। हमें दो मैच दिन-रात के मिले और तीसरा मैच दिन का था। हम सर्वश्रेष्ठ तैयारी नहीं कर सके। हमारी फ्लाइट में विलंब हो गया और होटल हवाई अड्डे से डेढ घंटा दूर था। अगले दिन सुबह मैच खेलना था।''

# दर्शकों से भिड़े उरुग्वे के फुटबॉलर

## कोपा अमेरिका : कोलंबिया तनावपूर्ण जीत के साथ फाइनल में

**एजेंसी, चार्लोट**

कोलंबिया ने उरुग्वे पर 1-0 से तनावपूर्ण जीत के बाद 23 साल में पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया हालांकि आखिरी सीटी बजने के बाद खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच में झड़प हो गई।

कोलंबिया के लिए 39वें मिनट में जैफरसन लेरमा ने गोल किया। अब कोलंबिया का सामना रविवर को गत चैंपियन लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना से होगा। वहीं उरुग्वे की टीम तीसरे स्थान के मुकाबले में कनाडा से खेलेगी। कोलंबिया इससे पहले 2001 में अपनी मेजबानी में कोपा अमेरिका खिताब जीता था।

इस मैच में एक लाल कार्ड के अलावा सात पीले कार्ड दिखाए गए। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच काफी धक्का मुक्की देखी गई। कोलंबिया के हाथों उरूग्वे की एक गोल से हार के बाद दोनों टीमों के समर्थकों से हाथापाई हो गई, जिसमें स्टार स्ट्राइकर डारविन नुनेज समेत उरुग्वे के कई अन्य खिलाड़ी शामिल हो गए। तनावपूर्ण मुकाबले के बाद उरुग्वे टीम की बेंच के पीछे प्रशंसक आपस में भिड़ गए। मैदान पर जमा 70,644 दर्शकों में से 90 प्रतिशत कोलंबिया के समर्थक थे, लेकिन उरुग्वे के प्रशंसक भी थोड़ी तादाद में पहुंचे थे। हाथापाई में दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर पेय पदार्थ फेंके।

इसके बाद नुनेज और उनके साथ भी सीढियों के रास्ते दीर्घा में पहुंच गए। एक वीडियो में दिखाया गया है कि नुनेज कोलंबिया के एक समर्थक को पीट रहे हैं।

पुलिस को हालात काबू करने में दस मिनट लगे। माइक से बार-बार दर्शकों से बाहर जाने के लिए कहा जा रहा था लेकिन कई दर्शक वहीं डटे रहे।



कोलंबिया के दर्शकों से भिड़ते उरुग्वे के फुटबॉलर।

# बैडमिंटन टीम के 'मेंटोर' के तौर पर पेरिस जाएंगे प्रकाश पादुकोण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

महान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए 15 सदस्यीय भारतीय बैडमिंटन टीम के साथ 'मेंटोर' के तौर पर यात्रा करेंगे। 'आल इंग्लैंड चैंपियनशिप' जीतने वाले पहले भारतीय पादुकोण ने 1991 में संन्यास ले लिया था। वहीं बैडमिंटन को ओलंपिक में 1992 बार्सिलोना खेलों में शामिल किया गया था। अपने तीसरे ओलंपिक की तैयारियों में जुटी पीवी सिंधू ने पादुकोण को पेरिस ओलंपिक से पहले अपना 'मेंटोर' बनाने की घोषणा की थी। लक्ष्य सेन भी प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) से ही आए हैं।

इसकी जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा, ''बैडमिंटन दल में सात खिलाड़ी और आठ सहयोगी स्टाफ शामिल हैं जिसमें कोच और फिजियो शामिल हैं। '' उन्होंने




कहा, ''पुलेला गोपीचंद, आरएमवी गुरुसाईदत्त, ऑगस सांटोसा, विमल कमार और माथियास बो पेरिस जाने वाले कोच हैं जबकि प्रकाश पादुकोण 'मेंटोर' हैं।

जिनिया समर और किरण चलागुंडला टीम में दो फिजियो होंगे।'' पेरिस में बैडमिंटन स्पर्धा 27 जुलाई से शुरू होंगी और पांच अगस्त तक चलेंगी।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने साइना नेहवाल के साथ खेला बैडमिंटन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल के साथ राष्ट्रपति भवन के बैडमिंटन कोर्ट में बैडमिंटन खेला। ताज्जुब की बात तो यह है कि मुर्मू ने अपने शानदार खेल से साइना नेहवाल जैसी दिग्गज खिलाड़ी को भी चौंका दिया। वीडियो में साइना नेहवाल, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने जीत के लिए संघर्ष करती हुई दिख रही थी।



एक पेशेवर बैंडमिंटन खिलाड़ी की तरह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अंदाज देशवासियों को बेहद पसंद आया। खेल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

साइना नेहवाल ने भी राष्ट्रपति के साथ खेलने के लिए मिले मौके पर खुशी जाहिर की। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'भारत के राष्ट्रपति के साथ खेलना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह मेरे जीवन का कितना यादगार दिन है। मेरे साथ बैडमिंटन खेलने के लिए राष्ट्रपति जी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

# शाहीन अफरीदी ने कोचों के साथ किया दुर्व्यवहार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने टी-20 विश्व कप-2024 के दौरान टीम के कोचों के साथ 'दुर्व्यवहार' किया था। अफरीदी को पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कोच और प्रबंधन कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए पाया गया।

इस बात की जांच चल रही है कि प्रबंधन कर्मचारियों ने 24 वर्षीय खिलाड़ी के अनुचित व्यवहार के बाद उसके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। कोचों के साथ अफरीदी के दुर्व्यवहार की खबर तब सामने आई जब पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर वहाब रियाज ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा गठित राष्ट्रीय चयन समिति से हटाए जाने पर अपनी चुप्पी तोड़ी।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को पुष्टि की कि उन्होंने अब्दुल रज्जाक और वहाब रियाज को सूचित कर दिया है कि राष्ट्रीय चयन समिति में अब उनकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं होगी। अब्दुल रज्जाक पुरुष और महिला चयन समितियों का हिस्सा थे, जबकि वहाब पुरुष टीम के चयनकर्ता थे। पीसीबी का यह बयान हाल ही में संपन्न आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 से पाकिस्तान के जल्दी बाहर होने के बाद आया है, जहां वे ग्रुप स्टेज के बाद बाहर हो गए थे, जिसमें यूएसए और भारत के खिलाफ हार भी शामिल थी।




### पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान बने रहेंगे मसूद

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और कोच जेसन गिलेस्पी ने व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले राष्ट्रीय टीम के टेस्ट कप्तान के रूप में शान मसूद पर भरोसा जताया है, लेकिन सीमित ओवरों के क्रिकेट में बाबर आजम की कप्तानी पर फैसला बाद में किया जाएगा। पाकिस्तान को इस साल अक्तूबर में तीन मैच की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड की मेजबानी करनी है जबकि बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज का भी सामना करना है।



पीसीबी ने बैठक की जिसमें बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों, राष्ट्रीय चयनकर्ताओं, गिलेस्पी, सफेद गेंद के कोच गैरी कर्स्टन, सहायक कोच अजहर महमूद ने हिस्सा लिया और इस दौरान टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन पर भी चर्चा की गई।

### जूनियर फ्रेंच ओपन में सीधे प्रवेश का मौका

**नई दिल्ली।** भारतीय खिलाड़ियों के पास अन्य एशियाई खिलाड़ियों के साथ अगले साल होने वाले जूनियर फ्रेंच ओपन में सीधे प्रवेश का मौका होगा जब पहला रोलां गैरा जूनियर सीरीज क्वालीफाइंग टूर्नामेंट 16 से 25 अक्तूबर तक तोक्यो में खेला जाएगा।

तोक्यो में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई वहीं खिलाड़ी कर सकेंगे जो कजाखस्तान ( पांच से नौ अगस्त) और चीन (11 से 17 अगस्त) में क्षेत्रीय क्वालीफाइंग टूर्नामेंट खेलेंगे। इनमें लड़के और लड़कियों के वर्ग में फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ी तोक्यो में खेल सकेंगे जिसमें विजेता को 2025 जूनियर फ्रेंच ओपन में सीधे प्रवेश मिलेगा। यह टूर्नामेंट फ्रेंच टेनिस महासंघ और एशियाई टेनिस महासंघ के बीच हुए करार के तहत खेला जा रहा है।

ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले एशियाई टेनिस खिलाड़ी और एटीपी के इतिहास में ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलने वाले (यूएस ओपन 2014) इकलौते एशियाई खिलाड़ी केइ निशिकोरि इसके ब्रांड दूत होंगे।

**फुटबॉल** स्टॉपेज टाइम में गोल करके इंग्लिश टीम ने नीदरलैंड को 2-1 से दी मात

# इंग्लैंड लगातार दूसरी बार यूरो के फाइनल में

**एजेंसी, डॉर्टमंड**

एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्टॉपेज टाइम में ओली वाटकिंस के गोल के दम पर इंग्लैंड ने नीदरलैंड को 2-1 से हराकर यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उसका सामना स्पेन से होगा। इंग्लैंड के कोच जेरेथ साउथगेट ने कप्तान हैरी केन की जगह वाटकिंस को मैदान पर बुलाने का साहसिक फैसला लिया और स्टॉपेज टाइम के पहले ही मिनट में उसने गोल करके इसे सही साबित कर दिया। यूरो-2024 के नॉकआऊट चरण में इंग्लैंड के लिए जूड बेलिंगघम ने स्टॉपेज टाइम में बराबरी का गोल किया था। इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को अंतिम-16 के मुकाबले में हराया और स्विट्जरलैंड को पेनल्टी शूट आउट में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इंग्लैंड ने आखिरी बार 1966 विश्व कप में खिताबी जीत दर्ज की थी, जिसके बाद से टीम कोई बड़ा खिताब नहीं जीत सकी है।




### अब खिताब के लिए स्पेन से रविवार को होगा मुकाबला

वाटकिंस इससे पहले इस बार यूरो चैंपियनशिप में डेनमार्क के खिलाफ ग्रुप मैच में सब्स्टीट्यूट के तौर पर उतरे थे। साउथगेट ने 80वें मिनट में जब उन्हें उतारने का फैसला किया तो सभी को हैरानी हुई, लेकिन यह उनका मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ। इंग्लैंड पहली बार विदेश में फाइनल खेलेगा।

उसने 1966 विश्व कप वेम्बले स्टेडियम पर जीता था और यूरो 2020 फाइनल भी वहीं खेला गया था, जिसमें उसे इटली ने हराया था। नीदरलैंड के लिए 21 वर्ष के जावी सिमंस ने पहला गोल दागा। वहीं केन ने बराबरी का गोल पेनल्टी पर किया।

UEFA EURO2024 GERMANY

**स्कोर कार्ड**

| नीदरलैंड | | इंग्लैंड |
|---|---|---|
| 07 | शॉट | 09 |
| 02 | लक्ष्य पर शॉट | 05 |
| 41% | नियंत्रण | 59% |
| 414 | पास | 589 |
| 11 | फाऊल | 06 |
| 03 | येलो कॉर्ड | 03 |
| 00 | रेड कॉर्ड | 00 |
| 01 | ऑफ साइड | 04 |
| 03 | कार्नर | 00 |

# रिबाकिना विंबलडन के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, लंदन**

पूर्व चैंपियन एलेना रिबाकिना ने एलिना स्वितोलिना को सीधे सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वर्ष 2022 की चैंपियन रिबाकिना ने 21वीं वरीय स्वितोलिना को क्वार्टर फाइनल में 6-3, 6-2 से हराया। चौथी वरीय रिबाकिना महिला एकल में बची शीर्ष वरीय खिलाड़ी हैं। पच्चीस साल की इस खिलाड़ी की ऑल इंग्लैंड पर 21 मैच में यह 19वीं जीत है।

रिबाकिना सेमीफाइनल में 31वीं वरीय बारबरा क्रेसिकोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने दो पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन के बीच हुए मुकाबले में 13वीं वरीय येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। रोलां गैरो पर 2021 की विजेता क्रेसिकोवा दूसरे सेट में 1-4 से पिछड़ रहीं थी, लेकिन वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहीं। वहीं इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और कैरियर में पहली बार वह किसी ग्रैंडस्लैम में अंतिम-4 में पहुंचे हैं। उन्होंने साढ़े तीन घंटे तक चला यह मुकाबला 3-6, 7-6, 6-2, 3-6, 6-1 से जीता। वह पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम में चौथे दौर से आगे पहुंचे हैं, लेकिन अब उनके सामने नोवाक जोकोविच के रूप में कैरियर की सबसे बड़ी चुनौती है।



## न्यूज ब्रीफ

### लाहौर उच्च न्यायालय में पहली बार महिला मुख्य न्यायाधीश



**लाहौर।** न्यायमूर्ति आलिया नीलम ने गुरुवार को लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली। वह पाकिस्तान की पहली महिला हैं जो किसी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद पर आसीन हुई हैं। पंजाब के राज्यपाल सरदार सलीम हैदर खान ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। पंजाब सूबे की पहली महिला मुख्यमंत्री मरियम नवाज भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुईं। न्यायमूर्ति नीलम (57) लाहौर उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के वरिष्ठता क्रम में तीसरे स्थान पर थीं लेकिन पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाले न्यायिक आयोग ने उन्हें इस पद के लिए नामित करने का फैसला किया।

### अमेरिका को 6.7 अरब डॉलर का भुगतान करने का आदेश

**तेहरान।** ईरान की एक अदालत ने गुरुवार को अमेरिका सरकार को आदेश दिया कि वह तेहरान पर वाशिंगटन द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की वजह से दुर्लभ त्वचा विकार से पीड़ित लोगों के लिए स्वीडन की एक कंपनी से विशेष पट्टियों की आपूर्ति रुकने की वजह से 6.7 अरब डॉलर से अधिक का मुआवजा प्रदान करे। ईरान के तेहरान स्थित अंतरराष्ट्रीय संबंध कानून न्यायालय के इस आदेश से पहले ईरान ने पिछले साल पश्चिम के साथ तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी ऊर्जा कंपनी शेवरॉन कॉर्प के लिए कुवैती कच्चे तेल से संबंधित पांच करोड़ डॉलर का सामान जब्त कर लिया था।

### डॉक्टर मुकेश अग्रवाल का जन्मदिन मनाया



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ सेक्टर 16 हरियाणा रेड क्रॉस सोसाइटी के महासचिव डॉक्टर मुकेश अग्रवाल का आज जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर उनके साथ गुलदस्ता देने वालों में अनिल जोशी संयुक्त सचिव और रोहित शर्मा कार्यक्रम अधिकारी राम आशीष मंडल कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार प्रचार अधिकारी आदि मौजूद थे। डॉ मुकेश अग्रवाल का हरियाणा रेड क्रॉस सोसाइटी को बहुत ही योगदान है। इनके कार्यकाल में ही हरियाणा रेड क्रॉस सोसाइटी को हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया तथा हरियाणा रेड क्रॉस सोसाइटी मेंबरशिप के उपलक्ष में पूरे भारत में दूसरे स्थान पर रही थी। डॉक्टर अग्रवाल राष्ट्रीय कार्यकारिणी के भी मेंबर हैं डॉक्टर अग्रवाल हरियाणा रेड क्रॉस सोसाइटी में दूसरी बार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली सरकार ने बढ़ाया प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र शुल्क

**नई दिल्ली।** परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली सरकार ने लगभग 13 साल के अंतराल के बाद पेट्रोल, सीएनजी और डीजल वाहनों के लिए प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाण पत्र के लिए शुल्क में वृद्धि की है। उन्होंने एक बयान में कहा कि दोपहिया और तीन पहिया वाहनों के पीयूसी प्रमाणपत्र के लिए शुल्क 60 रुपये से बढ़ाकर 80 रुपये और चार पहिया वाहनों के लिए 80 रुपये से बढ़ाकर 110 रुपये कर दिया गया है। गहलोत ने कहा कि डीजल वाहनों के लिए पीयूसी प्रमाणपत्र शुल्क 100 रुपये से बढ़ाकर 140 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार शहर की वायु गुणवत्ता बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी वाहनों में आवश्यक प्रदूषण मानकों को पूरा किया जाए।

### सशस्त्र समूह अरामबाई तेंगगोल के दो सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के पश्चिमी इंफाल जिले में सशस्त्र समूह अरामबाई तेंगगोल के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उनके पास से आग्नेयास्त्र बरामद किए गए। दोनों की पहचान 43 वर्षीय कंगाबम लेनिन सिंह और 50 वर्षीय तोइजाम शांतिकिशोर के तौर पर की गई है। पुलिस ने कहा कि दोनों को नंबुल मैपल क्षेत्र से पकड़ा गया। उनके पास से इंसास राइफल, मैगजीन, 16 कैलिबर पिस्तौल जब्त किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### कैलिफोर्निया में घर में घुसकर तीन लोगों की हत्या

**अलामेडा।** कैलिफोर्निया में बुधवार रात को एक घर में घुसकर तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया है। अलामेडा पुलिस विभाग (एपीडी) ने कहा कि एक व्यक्ति ने फोन कर बताया कि उसके पड़ोसी को अलामेडा शहर के किंग्री हॉक रोड के 400 ब्लॉक में गोली मार दी गई है। मौके पर पहुंचे अलामेडा पुलिस के अधिकारियों ने पीड़ित का पता लगाया। घर में नाबालिगों समेत परिवार के अन्य सदस्य भी गोली लगने से घायल मिले। एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया है।

### अमरनाथ यात्रा: 4,800 भक्तों का जत्था रवाना



**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के लिए वीरवार सुबह जम्मू शहर से कड़ी सुरक्षा के बीच 4,800 से अधिक तीर्थयात्रियों का जत्था कश्मीर के लिए रवाना हुआ। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सुरक्षा में तड़के तीन बजकर छह मिनट पर दो आधार शिविर बालटाल और पहलगाम से 4,880 तीर्थयात्रियों का 14वां जत्था रवाना हुआ। आतंकवादी हमले और उसके बाद जारी अभियान के बाद भगवती नगर आधार शिविर में और उसके आसपास तथा यात्रा मार्ग पर सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है।

### किडनी कांड: सीएमओ कार्यालय से रिकॉर्ड तलब

**नोएडा।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा द्वारा गुर्दा प्रतिरोपण (किडनी ट्रांसप्लांट) रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए एक डॉक्टर समेत सात लोगों को गिरफ्तार किए जाने के बाद गौतम बुद्ध नगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से रिकार्ड तलब किया है। पुलिस की जांच में पता चला है कि इस रैकेट के तार नोएडा, दिल्ली से लेकर बांग्लादेश तक जुड़े हुए हैं।

# लंबित मांगों को लेकर फिर आंदोलन शुरू करेंगे किसान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने गुरुवार को ऐलान किया कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर फिर से आंदोलन शुरू करेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को एक ज्ञापन सौंपेगा।

वर्ष 2020-21 के किसान आंदोलन का नेतृत्व करने वाले एसकेएम ने अपनी आम सभा की बैठक के एक दिन बाद यह घोषणा की। इस बार शायद संगठन दिल्ली कूच नहीं करेगा। एसकेएम में अलग-अलग किसान संगठन शामिल हैं। संगठन के नेताओं ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और राज्यसभा तथा लोकसभा के सदस्यों से मुलाकात करने तथा उन्हें किसानों की मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपने के लिए 16 से 18 जुलाई के बीच का समय मांगा जाएगा।

यह पूछे जाने पर कि क्या किसान फिर से दिल्ली कूच करेंगे, एसकेएम नेताओं ने कहा कि इस बार वे देशव्यापी विरोध प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, विशेष रूप से महाराष्ट्र, झारखंड, जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में, जहां विधानसभा चुनाव होने हैं।

आम सभा की बैठक में हिस्सा लेने वाले अखिल भारतीय किसान सभा के हन्नान मुल्ला ने कहा, ''हर बार विरोध का एक ही तरीका अपनाना जरूरी नहीं है। हम पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करेंगे।''

एसकेएम नेताओं ने दावा किया कि किसान आंदोलन का ही असर है कि हालिया लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को विभिन्न राज्यों में 159 ग्रामीण बहुल संसदीय क्षेत्रों में हार का सामना करना पड़ा।

संवाददाता सम्मेलन के बाद जारी किए गए बयान में एसकेएम ने कहा, ''आम सभा ने भारत सरकार के कृषि विभाग के सचिव द्वारा हस्ताक्षरित नौ दिसंबर 2021 के समझौते को लागू करने और किसानों की आजीविका को प्रभावित करने वाली अन्य प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलन फिर से शुरू करने का फैसला किया है...।'' मुल्ला के अलावा अविक साहा, प्रेम चंद गहलावत, पी कृष्णप्रसाद, डॉ सुनीलम, युद्धवीर सिंह और आर वेंकैया जैसे किसान नेताओं ने भी संवाददाताओं को संबोधित किया।

# बसों में मिलेगा चाय-कॉफी और नाश्ता: नितिन गडकरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्रीय सड़क-परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने कहा है कि भारत में जल्द ही ऐसी बसें चलने लगेंगी, जिसमें चाय-कॉफी और नाश्ता मिलेगा यानी बस में वह हर सुविधा मुहैया होगी, जो विमानों में मिलती है और इन बसों में किराया मौजूदा समय में डीजल से चलने वाली बसों के किराये से न्यूनत 30 प्रतिशत कम होगा।

भारत विकास परिषद के 62वें स्थापना दिवस के मौके पर यहां आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए गड़करी ने कहा कि यूरोप में 18 और 24 मीटर की बसे चलती हैं और बसे मेट्रो की तरह की तरह की होती हैं। ये बसे बिजली से चलती हैं।

उन्होंने कहा, 'इन बसों को देखने के बाद मैने टाटा को बोला कि चेकोस्लोवाकिया की स्कोडा कंपनी के साथ समझौता करो और इस तरह की बसों को भारत में लेकर आओ। हिताची नामक कंपनी ने बताया कि 132 सीट की बस चार्ज होगी और एक बार चार्ज करने पर वह 40 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।' उन्होंने कहा कि अभी

**कहा-बस में वह हर सुविधा मुहैया होगी, जो विमानों में मिलती है**

हमारे यहां डीजल की बसें चलती है और इस पर 115 रुपए प्रति किलोमीटर खर्च आता है और इलेक्ट्रिक बस पर 60 रुपए प्रति किलोमीटर खर्च आता है।

उन्होंने बताया कि इस बस का खर्चा 30 से 35 रुपए प्रति किलोमीटर होगा। उन्होंने कहा, 'मैं टाटा को कहा है कि बस ऐसा बनाओ, जिसमें सब एग्जीक्यूटिव क्लास हो। जैसे विमान में एयर होस्टेस होती है, वैसे बस होस्टेस होगी, चाय-कॉफी और नाश्ता मिलेगा। सीट के सामने लैबटॉप लगेगा।'

# जीएसटी: विकसित भारत के लिए एक महत्वपूर्ण संचालक

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**




पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा के व्यापार और उद्योग संघ के सदस्यों ने बुधवार को यहां एक निजी होटल, सेक्टर 43 में 'जीएसटी-विकसित भारत के लिए एक महत्वपूर्ण संचालक' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।

सत्र का उद्घाटन मनोज कुमार श्रीवास्तव आईआरएस, चीफ कमिश्नर सीजीएसटी पंचकूला ने किया। अन्य वरिष्ठ अधिकारी विकास कुमार आईआरएस, प्रिंसिपल कमिश्नर सीजीएसटी लुधियाना; हरदीप बत्रा, आईआरएस, कमिश्नर ऑडिट लुधियाना, राजन दत्त आईआरएस, कमिश्नर सीजीएसटी पंचकूला, कुमार गौरव धवन, आईआरएस, कमिश्नर, सीजीएसटी जालंधर ने ट्रेड मेंबर्स से बातचीत की। उनकी शिकायतों का समाधान किया और ट्रेड सुझावों को सीबीआईसी के समक्ष रखने का आश्वासन दिया। मनोज कुमार श्रीवास्तव ने पिछले 7 वर्षों में जीएसटी में उनके योगदान के लिए ट्रेड मेंबर्स और अधिकारियों को सम्मानित किया।

मुख्य वक्ता के रूप में सीएस संजय मल्होत्रा, प्रख्यात इनडायरेक्ट टैक्स विशेषज्ञ ने जीएसटी में हाल ही में किए गए संशोधनों, सीबीआईसी द्वारा जारी किए गए सरक्यूलर्स और 53 वीं जीएसटी कॉउंसिल की बैठक की सिफारिशों से सदस्यों को अवगत कराया, जिसमें 'जीएसटी- विकसित भारत के लिए एक महत्वपूर्ण संचालक' के रोडमैप पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने फर्जी चालान और कर चोरी से निपटने के लिए जीएसटी कॉउंसिल द्वारा लगाए गए अनुपालन और नियंत्रण को सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया। (अनंत ज्ञान)

# अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड को दी जाए प्राथमिकता: राधा रतूड़ी

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उत्तराखंड वेंचर फंड के तहत चयनित किए जाने वाले ऐसे अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड (एआईएफ) को वरीयता देने के निर्देश दिए हैं जिनके माध्यम से उत्तराखंड की आर्थिकी पर ठोस सकारात्मक प्रभाव दिखे तथा राज्य में रोजगार सृजन, तकनीकी सांझेदारी तथा पूंजीगत निवेश को प्रोत्साहन मिले।

सीएस ने स्पष्ट किया है कि उत्तराखंड स्टार्टअप पॉलिसी 2023 की थीम पर चलने वाले अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड को ही निवेश हेतु चयनित किया जाना चाहिए। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने निर्देश दिए हैं कि ऐसे अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड को प्राथमिकता दी जाए जो राज्य के मुख्य फोकस सेक्टर तथा उभरती हुई तकनीक में निवेश में रूचि रखते हो।




बैठक की अध्यक्षता करती मुख्य सचिव राधा रतूड़ी।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने 200 करोड़ के उत्तराखंड वेंचर फंड के तहत राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं।

सीएस ने पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि, मत्स्य पालन, हॉर्टीकल्चर, डेरी से सम्बन्धित स्टार्टअप को स्थापित करने में सहायता के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सोशल वेंचर के तहत अधिकाधिक महिला स्वयं सहायता समूहों व महिलाओं को स्थानीय उत्पादों विशेषरूप से स्थानीय मिलेट्स के उत्पादन व प्रसंस्करण के माध्यम से स्टार्टअप स्थापित करने में सहायता के निर्देश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

# भारत को भी जनसंख्या नियंत्रण के लिए कड़े कानून की जरूरत: गिरिराज सिंह

## बोले- जो कानून का पालन न करें, उसका वोटिंग अधिकार छीन लिया जाए

**एजेंसी, पटना**

**केंद्रीय** मंत्री गिरिराज सिंह ने जनसंख्या नियंत्रण पर कड़ा कानून लाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण को लेकर कानून लाने की जरूरत है और जो इस कानून का पालन न करें, उसका वोटिंग अधिकार छीन लिया जाए। साथ ही ऐसे लोगों को किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं दिया जाए। गिरिराज सिंह ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या आज देश के लिए चुनौती बन गई है। ऐसे में भारत की बढ़ती जनसंख्या हमारे लिए एक तरह की चेतावनी है। अगर चीन वन चाइल्ड पॉलिसी नहीं लाता तो दुनिया में 60 करोड़ लोग और होते। भारत में हमारे पास सीमित संसाधन हैं, ऐसे में अब इस पर चर्चा करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि देश के अंदर 148 जिले हैं, जहां जनसंख्या बदल रही है।

**भारत में सीमित संसाधन, अब चर्चा करने का आ गया समय**



### देश में आज जमीन कम पड़ गई

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश को जनसंख्या नियंत्रण कानून जरूरी है। हम आबादी में पहले स्थान पर है। देश में आज जमीन कम पड़ गई है। लोगों को पीने का पानी कम पड़ रहा है। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण को लेकर कड़ा कानून लाने की जरूरत है।

# गाजा में संघर्ष विराम पर ही बंद करेंगे हमले: नसरल्लाह

**बेरूत।** हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह ने कहा कि गाजा में संघर्ष विराम पर समझौता होने पर उनका समूह इसराइल पर हमला करना बंद कर देगा। पिछले हफ्ते दक्षिणी लेबनान में इसराइल के हमले में पार्टी नेता मोहम्मद एन. नासिर मारा गया था, उसकी याद में उन्होंने यह टिप्पणी की। हिजबुल्लाह नेता ने इसराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट की पहले की टिप्पणियों पर भी प्रतिक्रिया दी। इसमें उन्होंने कहा था कि गाजा युद्ध समाप्त होने के बाद भी लेबनान में संघर्ष जारी रह सकता है। नसरल्लाह ने दोहराया कि हिजबुल्लाह इसराइल के साथ अपनी बातचीत में हमास की ओर से लिए गए किसी भी फैसले का समर्थन करेगा।

# वेतन आयोग की सिफारिशों का पालन न करने पर 16 राज्यों के वित्त सचिव तलब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**उच्चतम** न्यायालय ने न्यायिक अधिकारियों को पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों की बकाया राशि के भुगतान पर द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग (एसएनजेपीसी) की सिफारिशों का पालन न करने पर वीरवार को 16 राज्यों के मुख्य और वित्त सचिवों को तलब किया।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि अब हम जानते हैं कि अनुपालन कैसे कराया जाता है। हम उन्हें जेल नहीं भेज रहे हैं, लेकिन उन्हें यहीं रहने दीजिए, फिर हलफनामा दाखिल किया जाएगा। उन्हें अभी व्यक्तिगत रूप से पेश होने दीजिए। इसने कहा कि हालांकि राज्यों को सात मौके दिए गए हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि पूर्ण अनुपालन नहीं हुआ है और कई राज्य अभी भी चूक कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि मुख्य सचिव और वित्त सचिव को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा। ऐसा न करने पर न्यायालय अवमानना का मामला शुरू करने के लिए बाध्य होगा। पीठ ने आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, दिल्ली, असम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मिजोरम, हिमाचल प्रदेश, केरल, मेघालय, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, मणिपुर, ओडिशा और राजस्थान के शीर्ष दो नौकरशाहों को 23 अगस्त को उसके समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है।

# श्रमिकों के लिए खुदरा महंगाई चार महीने के निचले स्तर पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**औद्योगिक** श्रमिकों के लिए खुदरा महंगाई दर (सीपीआई-आईडब्ल्यू) मई में गिरकर 4 महीने के निचले स्तर 3.86 प्रतिशत पर आ गई है, जबकि पिछले वर्ष समान अवधि में यह आंकड़ा 4.42 प्रतिशत पर था। श्रम मंत्रालय की ओर से जारी किए गए ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। औद्योगिक श्रमिकों के लिए कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई-आईडब्ल्यू) में इस वर्ष फरवरी से लगातार गिरावट आ रही है। अप्रैल में यह आंकड़ा 3.87 प्रतिशत पर था। ऑल-इंडिया सीपीआई-आईडब्ल्यू मई 2024 में 0.5 अंक बढ़कर 139.9 अंक हो गया है। अप्रैल 2024 में यह 139.4 अंक पर था।

# मणिपुर की स्थिति में सुधार नहीं, पीएम करें शांति की अपील: राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर की स्थिति में आज भी सुधार नहीं हुआ है और वह दो टुकड़ों में बंटा हुआ है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्य का दौरा कर लोगों की तकलीफ सुननी चाहिए और शांति की अपील करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन मणिपुर में शांति की जरूरत को संसद में पूरी शक्ति के साथ उठाकर, सरकार पर इस त्रासदी को खत्म करने का दबाव बनाएंगे। राहुल गांधी ने गत सोमवार को मणिपुर का दौरा कर हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की थी। उन्होंने अपने इस दौरे का एक वीडियो वीरवार को 'एक्स' पर साझा की। उन्होंने कहा कि 22 जुलाई से आरंभ हो रहे संसद के मानसून सत्र में मणिपुर का मुद्दा उठाएंगे। 'एक्स' पर कहा कि मैं तीसरी बार यहां आ चुका हूं, लेकिन यहां कोई सुधार नहीं है। आज भी प्रदेश दो टुकड़ों में बंटा हुआ है। घर जल रहे हैं, मासूम जिंदगियां खतरे में हैं और हजारों परिवार राहत शिविर में जीवन काटने पर मजबूर हैं। राहुल गांधी ने महिलाओं के एक समूह के समक्ष सवाल किया कि हिंसा क्यों शुरू हुई तो उन्होंने कहा कि गहतफहमी के कारण शुरू हुई और हिंसा से किसी का फायदा नहीं है।



**रिपोर्ट** भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर में 8.9 करोड़ रोजगार पैदा हुए

# भारत में पैदा हुए 12.5 करोड़ नए रोजगार

**एजेंसी, मुंबई**

**भारत** में वित्त वर्ष 14 से लेकर वित्त वर्ष 23 के बीच 12.5 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, जो कि वित्त वर्ष 4 से वित्त वर्ष 14 के मुकाबले 4.3 गुना ज्यादा है।

भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दशकीय नियुक्तियों के आंकड़े को देखा जाए तो वित्त वर्ष 14 से 23 के बीच 12.5 करोड़ नौकरियां पैदा हुईं, जबकि वित्त वर्ष 4 से लेकर वित्त वर्ष 14 के बीच यह आंकड़ा 2.9 करोड़ पर था। कृषि से जुड़े रोजगार को अलग कर दिया जाए तो वित्त वर्ष 14 से वित्त वर्ष 23 के बीच मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर में 8.9 करोड़ रोजगार पैदा हुए। वहीं, वित्त वर्ष 4 से वित्त वर्ष 14 के बीच 6.6 करोड़ नए रोजगार के अवसर पैदा हुए। एमएसएमई मंत्रालय के पास पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) में रोजगार का आंकड़ा 20 करोड़ को पार कर गया है।

### पिछले साल जुलाई के मुकाबले नौकरियों में 66 प्रतिशत का इजाफा



एमएसएमई मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर 4 जुलाई तक के आंकड़े के अनुसार, 4.68 करोड़ पंजीकृत एमएसएमई में 20.20 करोड़ लोगों को रोजगार मिल रहा है। इसमें से 2.3 करोड़ नौकरियां जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) से छूट वाले अनौपचारिक सूक्ष्म इकाइयों में मिल रहा है। एमएसएमई में पिछले साल जुलाई के मुकाबले नौकरियों में 66 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। एसबीआई के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने कहा कि ईपीएफओ और आरबीआई के केएलईएमएस (कैपिटल/के, लेबर/एल, एनर्जी/ई, मटेरियल/एम और सर्विसेज/एस) डाटा की तुलना करने पर एक काफी अच्छा ट्रेंड निकल कर आ रहा है। ईपीएफओ का डाटा जो कि कम आय की नौकरियों के डाटा को संकलित करता है, उसका शेयर नौकरियों में घटकर वित्त वर्ष 24 में 28 प्रतिशत रह गया है, जो कि पिछले 5 वर्ष की अवधि (वित्त वर्ष 19 से लेकर वित्त वर्ष 23) में औसत 51 प्रतिशत था। यह दिखाता है कि लोगों को आसानी से अच्छी नौकरियां मिल रही हैं।

# माता-पिता के साथ समय बिताने के लिए कर्मचारियों को छुट्टी देगी असम सरकार

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने अपने कर्मचारियों को माता-पिता या सास-ससुर के साथ समय व्यतीत करने के लिए नवंबर में दो दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने कहा कि विशेष अवकाश को निजी मनोरंजन के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता और जिन कर्मचारियों के माता-पिता या सास-ससुर नहीं हैं, उन्हें छुट्टियां नहीं मिलेंगी। सीएमओ ने 'एक्स' पर कहा कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में असम सरकार ने छह और आठ नवंबर 2024 को राज्य सरकार के कर्मचारियों को उनके माता-पिता या सास-ससुर के साथ समय बिताने को विशेष आकस्मिक अवकाश देने की घोषणा की है।

# नाटो ने रूस और चीन के बीच गहराते रिश्तों पर चिंता जताई

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**उत्तर** अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने रूस और चीन के बीच गहराते संबंधों व बीजिंग की बढ़ती आक्रामकता पर बुधवार को चिंता जाहिर की। नाटो ने अपने वाशिंगटन शिखर सम्मेलन घोषणापत्र में कहा कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) की महत्वाकांक्षाएं और आक्रामक नीतियां लगातार हमारे हितों, सुरक्षा और मूल्यों को चुनौती दे रही हैं।

रूस और पीआरसी के बीच गहराती रणनीतिक साझेदारी तथा नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को कमजोर करने व नया आकार देने के दोनों देशों के प्रयास गंभीर चिंता का विषय हैं। सम्मेलन में शामिल राष्ट्र अध्यक्षों और शासन प्रमुखों की ओर से जारी घोषणापत्र में कहा कि हम सरकार में शामिल और उनसे इतर तत्वों से हाइब्रिड, साइबर, अंतरिक्ष और अन्य खतरों तथा दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों का सामना कर रहे हैं।

### एशिया में अराजकता पैदा न करे नाटो: चीन

**बीजिंग।** चीन ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) पर दूसरों की कीमत पर सुरक्षा की मांग करने का आरोप लगाते हुए संगठन से कहा कि वह एशियाई देशों के बीच ऐसी 'अराजकता' न फैलाए। चीन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने वीरवार को यह बयान नाटो द्वारा 'ड्रैगन' पर यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को 'बढ़ावा देने' का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद दिया है।